खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ
DAILY
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


दर्शन को मिली जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी @ नम्मा बेंगलूरु

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 15 दिसंबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 ।✻। मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-345

### रोहिंटन के अवमानना से भरे बयान पर सुप्रीम कोर्ट ने साधा मौन

### लेकिन पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने तोड़ी चुप्पी

# धर्मनिरपेक्षता जिंदा है, तभी लोग टिप्पणियां कर पा रहे हैं

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।**

मुस्लिमों को रूढ़ियों से मुक्त होने की सलाह देने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जांच बिठा देती है लेकिन सुप्रीम कोर्ट के अयोध्या फैसले के खिलाफ पूर्व न्यायाधीश रोहिंटन नरीमन के बदतमीजी से भरे बयान पर शातिराना चुप्पी साध लेती है। इस पक्षपातपूर्ण न्याय प्रणाली को लेकर बहसें एकतरफा चल रही हैं और निशाने पर अकेले जस्टिस शेखर यादव हैं। ऐसे सड़ांध से भरे विमर्श के बीच सुप्रीम को पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने महत्वपूर्ण बात कही है। चंद्रचूड़ ने कहा कि अयोध्या के राममंदिर के फैसले पर जो लोग सवाल उठा रहे हैं, उनमें से कई लोगों ने 1000 पन्ने के फैसले का एक पन्ना भी नहीं पढ़ा होगा। नरीमन ने चंद्रचूड़ का यह सार्वजनिक बयान सुना या पढ़ा होगा। लेकिन उन्हें अपने पर शर्म आई होती तो उन्होंने देश से माफी मांग ली होती। खुद सुप्रीम कोर्ट का जज रहा व्यक्ति सुप्रीम कोर्ट के फैसले को न्याय का मजाक और सेकुलरिज्म का उल्लंघन बताता हो, जो न्यायाधीश हिंदुओं को शैतान और कानून न मानने वाला बताता हो, उससे आप देश की न्यायिक प्रणाली में घुसे लोगों के बौद्धिक, वैचारिक और न्यायिक स्तर के बारे में समझ सकते हैं।


कई लोगों ने हजार पन्ने के फैसले का एक पन्ना भी नहीं पढ़ा होगा

राम मंदिर फैसले का संदर्भ लेते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, मैं फैसले का एक पक्ष था। इसलिए यह मेरे काम का हिस्सा नहीं है कि मैं इस फैसले का बचाव करूं या आलोचना करूं। कोई जज किसी फैसले में पार्टी होता है। वह फैसला सार्वजनिक सम्पत्ति बन जाता है और उस पर दूसरे लोग बात करते हैं। जस्टिस नरीमन ने फैसले की आलोचना की है। इसका मतलब ही है कि भारत में धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत अभी जिंदा है। भारत में धर्मनिरपेक्षता जिंदा नहीं होती तो लोग इस तरह की स्वतंत्र अभिव्यक्ति नहीं दे पाते।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, मैं अपने फैसले का बचाव नहीं कर सकता। हमने पांच जजों के जरिए अपनी बात रखी है और हर तर्क को पेश किया है। ऐसे में हर न्यायाधीश इस फैसले का हिस्सा है। यह निर्णय लेने का काम सामूहिक है और हम अपने हर शब्द पर अडिग हैं। अदालतें वर्तमान मुद्दों पर फैसला लेती हैं। वो उन मुद्दों पर फैसला लेती हैं, जो देश के सामने हैं।

जस्टिस नरीमन के आरोपों पर उन्होंने कहा, यह एक धारणा है और इस तरह की कई धारणाएं समाज में रहती हैं। नागरिकों के पास चर्चा करने, टिप्पणी करने, आलोचना करने का अधिकार है। लोकतंत्र में यह सब संवाद की प्रक्रिया है। यह जस्टिस नरीमन का नजरिया है लेकिन यह नजरिया सत्य पर उनके एकाधिकार को नहीं दर्शाता। अंतिम शब्द सुप्रीम कोर्ट का ही होता है। कांग्रेस सरकार में देश के सॉलिसिटर जनरल रहे और बाद में सुप्रीम कोर्ट में जज बने रोहिंटन नरीमन ने पिछले दिनों एक लेक्चर के दौरान राम मंदिर पर दिए गए ▶10 पर

---

### इज़राइल ने कहा : बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार अस्वीकार्य



**मुंबई, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।**

इज़राइल ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार की कड़ी निंदा की है। मुंबई स्थित इज़राइल के महावाणिज्यदूत कोब्बी शोशनी ने शनिवार को बांग्लादेश के अल्पसंख्यक समुदाय के प्रति गहरी एकजुटता व्यक्त की और कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो हो रहा है वह अस्वीकार्य है। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय की चुनौतियों का तुरंत समाधान पर जोर दिया।

मुंबई में विश्व हिंदू आर्थिक मंच (डब्लूए-चएएफ) 2024 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमें पता है कि अपनों के साथ जब अत्याचार होता है तो कैसा लगता है। हम समझते हैं कि अपराधियों द्वारा बेटियों और बच्चों की हत्या किया जाना कैसा होता है। उन्होंने वैश्विक आतंकवाद से निपटने में भारत की प्रतिबद्धता का भी पुरजोर स्वागत किया। इजरायली महावाणिज्यदूत ने कहा, हम समझते हैं कि बेटियों और बच्चों की हत्या और उनका कत्ल अपराधियों द्वारा किया जाना कैसा होता है। उन्होंने हाल ही में दोनों समुदायों पर पड़ने वाली त्रासदियों का जिक्र किया। शोशनी ने इज़राइल और बांग्लादेशी हिंदुओं के प्रति समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ▶10 पर

### पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की भारत विरोधी तैयारियां उजागर

### आईएसआई ने दी 300 हूती आतंकियों को ट्रेनिंग!

# बांग्लादेश के रास्ते भारत को अस्थिर करने का कुचक्र

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।**

भारत समेत पूरे दक्षिण एशिया को अस्थिर करने के लिए एक सुनियोजित कदम के तहत, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) ने चरमपंथी समूह हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) (हूती) के आतंकियों को प्रशिक्षित करके अपने गुप्त अभियानों को तेज कर दिया है। यह खतरनाक घटनाक्रम बांग्लादेश में तख्ता पलट की साजिशों के कामयाब होने के बाद बदली गई रणनीति के तहत हुआ है। केंद्रीय खुफिया एजेंसी का कहना है कि बांग्लादेश के रास्ते का इस्तेमाल कर पाकिस्तान भारत को निशाना बनाने की रणनीति अख्तियार कर रहा है। लिहाजा, आईएसआई की इन तैयारियों से सुरक्षा एजेंसियों को अत्यंत सतर्क रहने की आवश्यकता है। बांग्लादेश में बैठे पाकिस्तान परस्त कट्टरपंथी, पाकिस्तान में प्रशिक्षित आतंकवादी और भारत में छुपा बैठा स्लीपर सेल भारत के लिए खतरनाक साबित होने वाले हैं। आतंकी साठगांठ की खतरनाक साजिशों से प्रभावी ढंग से निपटने की तत्काल आवश्यकता है।

गृह मंत्रालय को भेजी अपनी रिपोर्ट में केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने बताया है कि आईएसआई और हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) ने भारत को निशाना बनाने के लिए अपना दुष्प्रचार तंत्र तेज कर दिया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और तमिलनाडु सहित मध्य और दक्षिण भारतीय राज्यों में इस समूह से जुड़े कई आतंकवादियों की हाल ही में हुई गिरफ्तारी देश के भीतर इस संगठन की सक्रियता की आधिकारिक पुष्टि करती है। एनआईए के एक समन्वित अभियान ने हूती से जुड़े गुप्त नेटवर्क को उजागर किया, जिसके परिणामस्वरूप हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा में शामिल कई लोगों की गिरफ्तारी हुई। उल्लेखनीय रूप से गिरफ्तार किए गए आतंकियों में एक दंत चिकित्सक, क्लाउड सेवा इंजीनियर और एक फार्मास्यूटिकल बायोटेक्नोलॉजी व्याख्याता जैसे उच्च कुशल पेशेवर शामिल हैं। इससे घुसपैठ के चिंताजनक स्तर का पता चलता है।


तेलंगाना, तमिलनाडु छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश बना आतंकियों का ठिकाना

जांच और पूछताछ से यह स्पष्ट हुआ है कि हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) ने तेलंगाना और मध्य प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में मजबूत घुसपैठ की है, और इसके सदस्य हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसक कृत्यों में शामिल रहे हैं। गिरफ्तार किए गए अधिकांश व्यक्तियों के पास पेशेवर योग्यताएं थीं, जो विभिन्न क्षेत्रों के माहिर लोगों को संगठन में शामिल करने की रणनीति उजागर करती हैं। गिरफ्तार किए गए सदस्यों ने तेलंगाना और मध्य प्रदेश के जंगलों में आमने-सामने की लड़ाई और आग्नेयास्त्रों की ट्रेनिंग ली और रॉकेट चैट एवं थ्रीमा जैसे एन्क्रिप्टेड संचार प्लेटफार्मों का उपयोग करना सीखा।

कुशल पेशेवरों की गिरफ्तारी अलग-अलग महत्व के क्षेत्रों के माहिरों को आतंकी संगठन में शामिल करने की रणनीति यह रेखांकित करती है कि इस रणनीति से तोड़फोड़ और आंतरिक खतरे कई आयामों से बढ़ने वाले हैं। एन्क्रिप्टेड संचार प्लेटफॉर्म का उपयोग आधुनिक तकनीकों से आतंकी समूह की जानकारी आतंकवाद विरोधी प्रयासों को अधिक जटिल बनाने वाला है। 2023 में गिरफ्तारियों की यह श्रृंखला एनआईए की जांच का हिस्सा है, जो हिज्ब उत-तहरीर के प्रभावशाली आतंकी जियाउद्दीन बाकवी और बावा बहरुदीन की गिरफ्तारियों से मिले सुराग से और पुख्ता हुई है। तमिलनाडु और पुदुचेरी के विशिष्ट जिलों में हिज्ब-उत-तहरीर के नेता और मुख्य भर्तीकर्ता के रूप में पहचाने जाने वाले बाकवी को फेसबुक के माध्यम से मुस्लिम युवाओं की भर्ती करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की रिपोर्ट से पता चला है कि बाकवी और बहरुदीन ने भारत में एक इस्लामिक राज्य की स्थापना की वकालत की, जिसका अंतिम उद्देश्य हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) के केंद्रीय कार्यालय के निर्देशों के अनुसार शरिया-अनुरूप संविधान स्थापित करना था। यह संदर्भ स्थिति की गंभीरता को रेखांकित करता है और हाल ही में हुई गिरफ्तारियों और भारत में हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) के दीर्घकालिक उद्देश्यों के बीच संबंधों को उजागर करता है।

पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) जैसे चरमपंथी समूहों के बीच बढ़ते गठजोड़ ने पूरे दक्षिण एशिया में चिंता बढ़ा दी है। पड़ोसी देशों में घुसपैठ करने के लिए बनाए गए गुप्त अभियानों के साथ, आईएसआई द्वारा ▶10 पर

### आतंकियों की तलाश में कश्मीर से बंगाल तक एनआईए का छापा




**नई दिल्ली, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जैश-ए-मोहम्मद की आतंकी साजिश और फंडिंग के मामले में राजस्थान, असम, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात और जम्मू-कश्मीर में 19 जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नकदी, मोबाइल फोन्स, पेन ड्राइव, सीडी और हार्ड डिस्क समेत कई संवेदनशील दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं।

एनआईए ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शेख सुल्तान सलाहुद्दीन अयूबी से मिले सुराग के आधार पर उसके करीबी सहयोगियों के परिसरों पर भी छापामारी की। अयूबी को इस साल अक्टूबर में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी जमात संगठन में भर्ती करने एवं उन्हें कट्टरपंथी बनाने के आरोप में हिरासत में लिया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के सनापारा इलाके से जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी साबिरुद्दीन को गिरफ्तार किया। साबिरुद्दीन के घर से बड़ी मात्रा में नकदी, एक मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया है। यह कार्रवाई एनआईए द्वारा आठ राज्यों में 19 स्थानों पर की गई छापेमारी का हिस्सा है। ▶10 पर

---

### लोकसभा में संविधान पर चर्चा

# भाजपा ने युवाओं के अंगूठे काटे : राहुल

# कांग्रेस ने सिखों के गले काटे : अनुराग

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।**

भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में बहस जारी है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चर्चा के दौरान केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और केंद्र पर संविधान पर हमले का आरोप लगाया। राहुल गांधी के भाषण में भी उनका अज्ञान झलका। उन्होंने कहा कि गुरु द्रोणाचार्य ने एकलव्य को धनुर्विद्या का ज्ञान देने से इसलिए मना कर दिया कि वह सवर्ण नहीं थे। राहुल गांधी अगर कुछ पढ़ाई करके आते तो उन्हें पता रहता कि गुरु द्रोणाचार्य ने एकलव्य से कहा था कि वे अर्जुन को धनुर्विद्या देने की प्रतिज्ञा से आबद्ध हैं, इसलिए वह शिक्षा किसी अन्य को नहीं दे सकते। द्रोणाचार्य से धनुर्विद्या सीखने के लिए राजकुल के तमाम बालक कतार लगाए खड़े थे, लेकिन उन्होंने केवल अर्जुन को चुना था।



राहुल ने कहा, जब हम संविधान देखते हैं तो हम देख सकते हैं कि संविधान में महात्मा गांधी, डॉ. अंबेडकर, पंडित नेहरू के विचार दिखते हैं, लेकिन ये विचार कहां से आए? ये विचार भगवान शिव, गुरु नानक, भगवान बासवन्ना, कबीर आदि से आए। हमारा संविधान बिना हमारी प्राचीन विरासत के बिना नहीं बन सकता था। राहुल गांधी ने कहा कि सावरकर ने अपने लेखों में साफ लिखा है कि हमारे संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं हैं। लड़ाई मनु स्मृति और संविधान के बीच की है। अब सवाल ये है कि आप सावरकर की बात को मानते हैं या फिर संविधान को। क्योंकि जब आप संविधान की तारीफ करते हैं तो आप एक तरह से सावरकर का विरोध करते हैं। जैसे पहले हिंदुस्तान चलाया जाता था, वैसे ही आप आज भी चलाना चाहते हैं। राहुल गांधी ने एकलव्य का उदाहरण देते हुए कहा कि गुरु द्रोणाचार्य ने एकलव्य को सिखाने से मना कर दिया था और कहा था कि आप स्वर्ण जाति से नहीं है तो मैं आपको नहीं सिखा सकता। इसके बाद भी एकलव्य ने गुरु द्रोणाचार्य की मूर्ति बनाकर धनुष चलाना सीखा। जब एकलव्य ने धनुष चलाना सीख लिया तो द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा मांग लिया।

राहुल गांधी ने कहा, जब आप अडाणी को धारावी का बिजनेस देते हैं तो आप धारावी के छोटे व्यापारियों का अंगूठा काटते हैं। जब आप बंदरगाह, एयरपोर्ट अडाणी को देते हैं तो जो लोग ईमानदारी से व्यापार करते हैं आप उनका अंगूठा काटते हैं। लेटेरल एंट्री देकर देश के युवाओं का अंगूठा काटते हैं। देश के युवा प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी करते हैं। तो पेपर लीक कराकर आप उनका अंगूठा काटते हैं। देश के हजारों युवा सेना में जाने के लिए मेहनत करते थे, तो आपने अग्निवीर लाकर उनका अंगूठा काटा। किसान आपसे एमएसपी मांगते हैं, मगर आप अडाणी-अंबानी को फायदा पहुंचाते हो, तो आप किसानों का अंगूठा काटने का काम करते हैं। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि एकाधिकार होना चाहिए, अग्निवीर होना चाहिए। संविधान में ये नहीं लिखा कि देश के युवाओं का अंगूठा काटना चाहिए।

राहुल गांधी के बयान पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने पलटवार किया। अनुराग ठाकुर ने कहा, ये अंगूठा काटने की बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस के समय में सिखों के गले काटे गए। ये संविधान जेब में लेकर घूमते हैं, लेकिन कभी इसका पालन नहीं किया। ▶10 पर

### हिंदुस्तान एयरनॉटिक्स से हुई 13500 करोड़ की डील

# वायुसेना को मिलेंगे 12 सुपर सुखोई लड़ाकू विमान



**नई दिल्ली, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।**

भारतीय वायुसेना अपनी क्षमता में इजाफा कर रही है। वायुसेना को 42 स्क्वाड्रन की जरूरत है जबकि अभी सिर्फ 31 स्क्वाड्रन हैं। भारतीय वायुसेना ने 12 सुपर सुखोई लड़ाकू विमानों की डील की है। सुरक्षा मामलों की केंद्रीय मंत्रिमंडल समिति (सीसीएस) ने इन विमानों की खरीद पर मुहर लगा दी है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 13500 करोड़ की डील पर हस्ताक्षर हो गए हैं। इन एसयू-30एमकेआई विमानों को स्वदेशी तकनीक से परिष्कृत किया जाएगा। इसमें खतरनाक स्टेल्थ टेक्नोलॉजी, एईएसए रडार, मिशन कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सुईट, कॉकपिट लेआउट और हथियारों का सिस्टम बदला जाएगा। नए अपग्रेडेड एसयू-30एमकेआई विमानों में ज्यादा एडवांस एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे (एईएसए) रडार लगाए जाएंगे। यह दुश्मन को काफी दूर से ही टोह लेंगे। इन लड़ाकू जेट विमानों का निर्माण एचएएल की नासिक फैक्टरी में किया जाएगा और इसमें स्वदेशीकरण का हिस्सा 62.6 प्रतिशत होगा। इस फैक्टरी में पहले मिग और उसके बाद रूस से लाइसेंस के तहत सुखोई-30 फाइटर जेट्स का उत्पादन हो चुका है।

नए सुखोई विमानों पर नया इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सुईट लगाया जाएगा जो उसे दुश्मन के रडार में आने से बचाएगा। इसमें सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर्स होंगे. शैफ और फ्लेयर्स डिस्पेंसर्स होंगे ताकि इमरजेंसी हालात में सुखोई फाइटर खुद को और प्लेन को बचा सके। इस जेट को एडवांस्ड डेटा लिंक सिस्टम से जोड़ा जाएगा ताकि ये रीयल टाइम सूचनाओं को दे सके। एसयू-30एमकेआई विमानों को मैन्ड-अनमैन्ड टीमिंग तकनीक से लैस किया जाएगा। इस फाइटर जेट के साथ हमलावर या निगरानी ड्रोन्स भी उड़ान भर सकेंगे। इसमें 30एमएम की ग्रिजेव-शिपुनोव ऑटोकैनन लगी है जो एक मिनट में 150 राउंड फायर करती है।

सुखोई विमानों को 1990 के दशक में रूस से लिया गया था। तब भारत ने 272 सुखोई-30 विमानों का सौदा किया था। ▶10 पर

# कोविड घोटाले की जांच के लिए एसआईटी का गठन जरूरी: दिनेश गुंडूराव

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडूराव ने कहा कि कोविड काल में हुए घोटाले की जांच के लिए एसआईटी के गठन की जरूरत है। कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में पहले ही फैसला लिया जा चुका है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कोविड घोटाले को लेकर एक-एक कर मामले दर्ज हो रहे हैं। सरकार का मानना है कि हर चीज को शामिल करने के लिए एक एसआईटी बनाने की जरूरत है। कैबिनेट में फैसले के बावजूद यहां एसआईटी का गठन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इस संबंध में कार्रवाई की जायेगी। जस्टिस माइकल कुन्हा की रिपोर्ट के



आधार पर कई कदम उठाना जरूरी है। अनावश्यक रूप से अधिक कीमत पर खरीदारी हुई है। कुछ मामलों में, फर्जी कंपनियों को खरीद आदेश जारी करने सहित विभिन्न प्रक्रियाओं में खामियां भी सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि इससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ है। प्रत्येक मामला अद्वितीय है। कुछ मामलों में प्रत्यक्ष भ्रष्टाचार होता है। हम ऐसी एफआईआर दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में आगे की जांच की जरूरत है और जांच जारी है। पीपीई किट और मास्क की खरीद में गड़बड़ी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज की गई। कई एफआईआर दर्ज होनी शुरू हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग का विलय कर दिया गया है। प्रशासनिक जिम्मेदारी पहले कमिश्नर को दी गई थी। उन्होंने कहा अब इन दोनों विभागों का आधिकारिक तौर पर विलय कर दिया गया है। औषधि नियंत्रण विभाग में अधिक पारदर्शिता एवं बेहतर ग्रेडिंग लाने हेतु कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण एवं निरी-क्षणों को लाभकारी ढंग से बेहतर किया जाय तथा गुणवत्ता बनाये रखी जाय। खराब गुणवत्ता वाली दवाओं की आपूर्ति की शिकायतें मिली हैं। इसलिए औषधि नियंत्रण विभाग और स्वास्थ्य विभाग दोनों को मिला दिया जाएगा और अलग-अलग आयुक्त नियुक्त किए जाएंगे। जलवायु परिवर्तन के कारण दिक्कतें बढ़ने की आशंका है। पीने के पानी और खान-पान का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर घूमना कम करें। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा तेलुगू अभिनेता अल्लू अर्जुन की तेलंगाना में गिरफ्तारी के पीछे कोई राजनीतिक मकसद नहीं है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि कांग्रेस पर बेवजह आरोप लगाया जा रहा है, हमें नहीं पता कि वहां का माहौल कैसा है। लेकिन कानून से बड़ा कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि गलती होने पर सरकार अपने कानूनी दायरे में कार्रवाई करेगी।

# प्रेक्षा ध्यान कार्यशाला का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल आर आर नगर द्वारा अमर कूंज में आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी उदित यशा जी के पावन सानिध्य में प्रेक्षा ध्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ साध्वी उदित यशा जी ने नमस्कार महामंत्र द्वारा किया। अध्यक्ष सुमन पटावरी ने सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंडल की बहनों द्वारा प्रेक्षा ध्यान एवं स्वागत गीतिका प्रस्तुत की गई। साध्वी उदित यशा जी ने फरमाया कि हमें ध्यान के द्वारा आत्मिक रूप से गहरा बनना है।

ध्यान करने के लिये चार प्रकार की सामग्री का उपयोग किया जाता है, आसक्ति का त्याग, कषयों का निग्रह, संकल्प ग्रहण मन और इंद्रियों पर विजय। साध्वी संगीत प्रभा जी ने प्रेक्षा ध्यान के बारे में बताया कि इस वर्ष प्रेक्षा ध्यान कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। प्रेक्षा ध्यान से तनाव मुक्त जीवन एवं सहनशक्ति का विकास होता है। छोटे से लेकर बड़े तक सभी को प्रेक्षा ध्यान अपने जीवन में उतारना चाहिए। भव्य यशा जी ने त्राटक का प्रयोग कराया कि कैसे खुली आखों से ध्यान कर सकते हैं।

शिक्षा प्रभा जी ने कायोत्सर्ग कराया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष कंचन छाजेड, सरोज आर बैद, लता बाफना एवं उपाध्यक्ष मधु कटारिया, संरक्षिका गुलाब छाजेड़ की उपस्थिति रही।

कार्यशाला का कुशल संचालन एवं आभार मंत्री पदमा महेर ने व्यक्त किया। लगभग 80 बहने उपस्थित थी।

# श्री श्याम मंदिर के 12वें वार्षिकोत्सव की तैयारियां जोरो पर

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
बन्नेरघट्टा नेशनल पार्क के सामने स्थित श्री श्याम मंदिर का 12वां वार्षिकोत्सव श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में 7 जनवरी को मनाया जाएगा। मन्दिर कमेटी ने बताया कि इस अवसर पर 5 जनवरी को दोपहर 3.15 बजे से अजय याग्निक द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का वाचन किया जाएगा एवं 7 जनवरी को प्रातः 9 बजे चंद्रप्रकाश रामसीसरिया गौशाला बन्नेरघट्टा रोड पर निशान पूजन होगा। जहां भक्तों को निशान वितरण किया जयेगा। तत्पश्चात ढोल एवं बैंड बाजों के साथ विशाल निशान यात्रा रवाना होगी और मंदिर पहुँच कर बाबा श्याम को भक्तों द्वारा निशान चढ़ाए जायेगे। दोपहर 3 बजे से मन्दिर प्रांगण में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक



जयशंकर चौधरी व सौरभ शर्मा कोलकाता मधुर भजनों की प्रस्तुति से बाबा श्याम को रिझाएंगे। इस वार्षिकोत्सव की तैयारियों के लिए मंदिर कमेटी पूरे जोरशोर से जुटी है। भक्तों की बड़ी भीड़ को देखते हुए मंदिर कमेटी द्वारा निशान चढ़ाने व महाप्रशाद व वाहन पार्किंग व्यवस्था की व्यापक तैयरियां की जा रही हैं।

# पत्नी और ससुर की प्रताड़ना से तंग आकर पुलिसकर्मी ने आत्महत्या की

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
अतुल सुभाष के सनसनीखेज आत्महत्या मामले पर लोगों के आक्रोश के बीच, शनिवार को एक पुलिसकर्मी ने अपनी पत्नी और ससुराल वालों की कथित यातना के कारण अपनी जान देदी। मृतक की पहचान 34 वर्षीय एच.सी. थिप्पन्ना के रूप में हुई है, जो बेंगलूरु के हुलीमावु ट्रैफिक पुलिस स्टेशन में हेड कांस्टेबल था। पुलिस ने बताया कि थिप्पन्ना ने शुक्रवार रात को हीलालिगे रेलवे स्टेशन और कार्मेलराम हुसागुरु रेलवे गेट के बीच रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी पत्नी और ससुर को इस कदम के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया। थिप्पन्ना के शव को अस्पताल के शवगृह में रख दिया गया है। बायप्पनहल्ली रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

गौरतलब है कि थिप्पन्ना अपनी मौत के समय वर्दी में थे। थिप्पन्ना ने अपने मृत्यु नोट में लिखा है मैं अपनी पत्नी की यातनाओं से बहुत दुखी होकर आत्महत्या कर रहा हूँ। मेरी पत्नी के पिता यमुनाप्पा ने मुझे जान से मारने की धमकी दी है। 12 दिसंबर को उन्होंने मुझे शाम 7.26 बजे फोन किया, 14 मिनट तक बात की और मुझे धमकाया। जब मैंने अगली सुबह फिर से फोन किया, तो उन्होंने मुझे मरने के लिए कहा, यह कहते हुए कि उनकी बेटी मेरे बिना बेहतर रहेगी। नोट में खुल-ासा हुआ है कि उसने मेरे साथ दुर्व्यवहार भी किया। पुलिस ने



भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108, 351 (3) और 352 के तहत मामला दर्ज किया है। थिप्पन्ना विजयपुरा जिले के सिंधगी शहर के पास हंडिगनुरु गांव के रहने वाले थे। इससे पहले, यहां एक ऑटोमोबाइल कंपनी में काम करने वाले अतुल सुभाष ने कथित तौर पर बेंगलूरु में आत्महत्या कर ली थी, क्योंकि तलाक के लिए 3 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। सुभाष ने मंगलवार की सुबह अपने अपार्टमेंट में आत्महत्या कर ली, 90 मिनट का एक वीडियो और एक डेथ नोट छोड़ा, जिसमें बताया गया था कि कैसे उनकी पत्नी निकिता सिंघानिया और उनके परिवार द्वारा उत्पीड़न ने उन्हें यह चरम कदम उठाने के लिए मजबूर किया। उनके द्वारा छोड़े गए नोट में लिखा था अगर अदालत यह फैसला करती है कि भ्रष्ट न्यायाधीश और मेरी पत्नी और अन्य उत्पीड़क दोषी नहीं हैं, तो मेरी राख को अदालत के बाहर किसी नाले में बहा दें। जब तक मेरे उत्पीड़कों को सजा नहीं मिल जाती, तब तक मेरा अस्थि विसर्जन न करें। अतुल सुभाष ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और सुप्रीम कोर्ट को मेल भेजकर उनसे आग्रह किया था कि वे उत्पीड़ित पतियों की मदद करें और उनके मामले में आरोपी व्यक्तियों, उनकी पत्नी, सास और अन्य को गिरफ्तार करें। उन्होंने एक्स पर एक लिंक भी शेयर किया था, जिसमें उन्होंने अपने वीडियो को सीईओ एलन मस्क और अमेरिका के भावी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को टैग किया था।

एक मृत व्यक्ति एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप से अनुरोध कर रहा है कि वे लाखों लोगों की जान जागृत विचारधाराओं, गर्भपात, डीईआई (विविधता, समानता और समावेश) से बचाएं और भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बहाल करें। जब आप इसे पढ़ेंगे, तब तक मैं मर चुका होऊंगा। भारत में वर्तमान में पुरुषों का कानूनी नरसंहार हो रहा है।

# मुडा अवैध धन कमाने के लिए खजाने की तरह: स्नेहमई कृष्णा

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
मुडा शिकायतकर्ता स्नेहमई कृष्णा ने कहा कि शहरी विकास प्राधिकरण में 50:50 के अनुपात में जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले सभी लोगों को तदनुसार दंडित किया जाना चाहिए। प्राधिकरण को अपने मूल उद्देश्य के अनुसार काम करना चाहिए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह सिर्फ कांग्रेस और सीएम सिद्धरामैया के खिलाफ नहीं लड़ रहे हैं।

मुडा मैसूरु अब शहरी विकास प्राधिकरण नहीं, बल्कि एक प्रभावशाली विकास प्राधिकरण है। प्रभावशाली लोगों द्वारा मुडा का उपयोग अवैध धन उत्पन्न करने के लिए खजाने के रूप में





किया गया था। मैसूरु महानगर निगम के सदस्य और भाजपा नेता एम.सी.रमेश ने गलत रिकॉर्ड बनाया और 50:50 के अनुपात में सीट हासिल की। इस संबंध में आयकर विभाग को शिकायत सौंपी गई है। इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। जेडीएस-भाजपा, कांग्रेस समेत किसी भी पार्टी को सजा मिलनी चाहिए, चाहे उनका काम कुछ भी हो। उन्होंने कहा, तभी शहरी विकास प्राधिकरण लोगों की सेवा करने के लिए उपयुक्त होगा। शिकायत दर्ज करने और कानूनी लड़ाई शुरू करने के बाद, कई मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि चौंकाने वाले दस्तावेज उपलब्ध हो रहे हैं।

कुमारस्वामी का कार्यकर्ताओं से अपील

# मेरा कोई भव्य जन्मदिन समारोह न मनाएं

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि मुझे अपना जन्मदिन धूमधाम से नहीं मनाना है। इस संबंध में उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा 16 दिसंबर को मेरा जन्मदिन है।

हर साल पार्टी कार्यकर्ता मेरा जन्मदिन बहुत सार्थक तरीके से मनाते हैं और आपने मेरे जीवन में अर्थ लाया है। वे राजनीतिक रूप से मेरी सफलता के मुख्य स्तंभ हैं। उस कृतज्ञता की भावना के साथ, मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है। मुझे नई दिल्ली में रहना होगा क्योंकि संसद सत्र चल रहा है। साथ ही बेलगावी सुवर्णसौधा में भी गतिविधियां चल रही हैं। उन्होंने



कहा कि ऐसे में किसी भव्य जन्मदिन की जरूरत नहीं है। आप जहां हैं वहीं से मुझे आशीर्वाद दें। मेरे लिए इतना ही काफी है। यदि संभव हो तो समाज, कमजोर लोगों की मदद के लिए कुछ करें। जनसेवा ही धर्मनिरपेक्ष जनता दल पार्टी का सिद्धांत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि यह वह उपहार है जो वे मुझे दे रहे हैं।

# मुडा घोटाले को छुपाने के लिए किया जा रहा कोविड हथियार का इस्तेमाल: शेट्टर

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा सांसद जगदीश शेट्टर ने राज्य सरकार पर मुडा और महर्षि वाल्मीकि घोटालों को छिपाने के लिए कोविड काल के घोटालों को सामने लाकर भाजपा के खिलाफ नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जस्टिस माइकल कुन्हा ने अभी तक पूरी रिपोर्ट नहीं दी है। यह हास्यास्पद है कि सिर्फ अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

इससे पहले जब वह विपक्ष के नेता थे तो उन्होंने कई बार आर-ोप लगाए थे। सरकार आने के बाद भी इतने दिनों तक बेकार बैठे रहे। जब मुडा और वाल्मीकि



कॉर्पोरेशन के घोटाले सामने आए और वे सत्ता में आए तो उन्होंने कहा कि वे कोविड घोटाले की जांच करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। कोविड घोटाले में कोई जांच पूरी नहीं हुई है।

आरोप साबित नहीं हुआ। जांच आयोग की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर ही एफआईआर दर्ज की गई थी। इसकी कोई कानूनी वैधता नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मान्य नहीं होगा। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि सरकार राजनीतिक दुश्मनी के लिए जो कदम उठा रही है, जनता उसका करारा जवाब देगी।

# सीएम ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

## सीबीआई जांच की मांग की

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने शनिवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र पर आरोप लगाया कि उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिपदी को वक्फ संपत्ति अतिक्रमण की जांच को दबाने के लिए 150 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की कोशिश की। सिद्धरामैया ने मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की भी मांग की। एक्स पर एक पोस्ट में सिद्धरामैया ने यह भी दावा किया कि अनवर मणिपदी ने इस भ्रष्टाचार के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। कर्नाटक के सीएम ने एक पोस्ट में लिखा चौंकाने वाला खुलासा। भाजपा सरकार के तहत अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिपदी ने खुलासा किया है कि उन्हें वक्फ संपत्ति अतिक्रमण की जांच को दबाने के लिए 150 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की कोशिश की थी। अनवर मणिपदी ने इस भ्रष्टाचार के बारे में सीधे पीएम नरेंद्र मोदी को लिखा है। अनवर मणिपदी ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि बीएस येदियुरप्पा के सीएम रहने के दौरान विजयेंद्र उनके घर आए थे और वक्फ संपत्ति अतिक्रमण रिपोर्ट के बारे में चुप रहने के लिए 150 करोड़ रुपये की पेशकश की थी। उन्होंने आगे कहा है कि अनवर ने विजयेंद्र को उनके घर से बाहर भेजा और इस घटना की सूचना पीएम और भाजपा अध्यक्ष को दी। सिद्धरामैया ने आगे पीएम मोदी के न खाऊंगा, न खाने दूंगा वादे पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस आरोप पर उनकी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने कर्नाटक के भाजपा नेत-ाओं की भी आलोचना की और कहा कि पार्टी ने कर्नाटक को अपना एटीएम बना लिया है।

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 208 लोगों ने लिया लाभ

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
बन्नूर स्थित रोटरी स्कूल में गवरीदेवी स्व. कानसिंह सिया की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना से शिविर का शुभारंभ हुआ। कोयम्बत्तूर के अरविंद नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सकों डॉ. अपर्णा होसूर, डॉ. निजी, डॉ.



विजय कुमार की देखरेख में 208 लोगों ने जांच करवाई। समाजसेवी महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि गत वर्ष से नेत्र जांच शिविर का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। सैकड़ों लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लेकर अपने नेत्रों की जांच करवा कर आवश्यक ऑपरेशन भी करवाए हैं। लेंस व चश्मा लगवाए गए। उन्होंने आगे बताया कि अभी भी नेत्र जांच के लिए लोग आ रहे हैं। आगामी दिनों में भी निरंतर नेत्र जांच शिविर प्रत्येक माह के शनिवार को जारी रखेंगे। इस अवसर पर चिन्मय गौड़ा, शीला, नंजूडस्वामी, सतीश गौड़ा, हरणी, नारायणप्पा आदि उपस्थित रहे।

# कोविड घोटाले की जांच शुरू: बी.दयानंद

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
शहर के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने स्पष्ट किया है कि कोविड काल के दौरान हुए घोटालो से संबंधित शिकायत के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यहां शनिवार को पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने कहा कि विधान सौधा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है। आने वाले दिनों में सरकार तय करेगी कि जांच कैसे की जाए। अब तक एसआईटी का गठन नहीं किया गया है। इस प्रकार, विधान सौधा पुलिस स्टेशन के स्टेशन अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वे जांच कर रहे



हैं।

सरकारी स्तर पर उपमुख्यमंत्री, गृह सचिव, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की उपसमिति जस्टिस माइकल कुन्हा की अध्यक्षता में जांच आयोग की रिपोर्ट की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के बिंदुओं के आधार पर शिकायत दर्ज कर ली गई है और पुलिस उचित कार्रवाई करेगी।

## रेणुकास्वामी के पिता ने जलाया उम्मीद

# दर्शन को मिली जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

सनसनीखेज प्रशंसक हत्या मामले में कन्नड़ सुपरस्टार और अन्य आरोपियों को जमानत दिए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए, पीड़ित रेणुकास्वामी के पिता काशीनाथैया शिवनगौदर ने शुक्रवार शाम को कहा कि उन्हें विश्वास है कि अभिनेता दर्शन को दी गई जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।





चित्रदुर्ग में मीडिया से बात करते हुए काशीनाथैया शिवनगौदर ने कहा मुझे न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। मुझे दर्शन, पवित्रा गौड़ा और अन्य आरोपियों को दी गई जमानत के बारे में पता चला। मुझे विश्वास है कि अदालती सुनवाई पूरी होने के बाद न्याय की जीत होगी। आरोपियों को अस्थायी रूप से जमानत दी गई हो सकती है, लेकिन मुझे न्याय व्यवस्था पर भरोसा है कि उन्हें उचित सजा मिलेगी। काशीनाथैया ने आगे मांग की कि सरकार उनकी बहू सहाना (रेणुकास्वामी की पत्नी) के लिए नौकरी मुहैया कराए। उन्होंने भावुक होकर कहा दर्शन के हमसे मिलने आने की कोई संभावना नहीं है। हमारे पास दर्शन से चर्चा करने के लिए कुछ नहीं है। हम अपने बेटे रेणुकास्वामी को खोने का शोक मना रहे हैं। हम अपने बेटे को वापस चाहते हैं। हम कोई बातचीत नहीं चाहते। उन्होंने कहा अभी तक किसी ने हमसे बातचीत के लिए संपर्क नहीं किया है, और बातचीत की कोई संभावना नहीं है। हम दर्शन से कोई चर्चा नहीं करना चाहते। मैं मुख्यमंत्री सिद्धरामैया से मिलने के बारे में अपने शुभचिंतकों से सलाह लूंगा। उन्होंने कहा सरकार ने दर्शन को दी गई अंतरिम मेडिकल जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। मुझे विश्वास है कि सरकार नियमित जमानत आदेश को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। काशीनाथैया ने कहा हम मुख्यमंत्री या सरकार पर दबाव नहीं डालेंगे। हम अपने विकल्पों पर विचार करेंगे। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को रेणुकास्वामी हत्या मामले में कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन और उनकी साथी पवित्रा गौड़ा को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति विश्वजीत शेट्टी की अध्यक्षता वाली पीठ ने आरोपी नागराजू, अनुकुमार, एम. लक्ष्मण, जगदीश और प्रदूष राव को भी जमानत दे दी। वरिष्ठ वकील सी.वी. नागेश ने दर्शन का प्रतिनिधित्व किया और विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) पी. प्रसन्ना कुमार ने अभियोजन पक्ष की ओर से दलीलें पेश कीं। गौड़ा की वकील शिल्पा ने कहा कि मामले में उनकी संलिप्तता पर सवाल उठाने वाली दलीलों के आधार पर उन्हें जमानत दी गई। बेंगलूरु के बाहरी इलाके में परप्पना अग्रहारा की केंद्रीय जेल में बंद गौड़ा को सोमवार को रिहा किया जाएगा। नियमित जमानत याचिका पर बहस के दौरान, सी.वी. नागेश ने विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) द्वारा उठाई गई आपत्तियों का विरोध करते हुए कहा कि हालांकि रेणुकास्वामी के शरीर पर कथित तौर पर 39 खून के धब्बे थे, लेकिन खून बहने वाली केवल एक चोट थी। नागेश ने दावा किया कि प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज करने से लेकर जांच करने तक हर चरण में अभियोजन पक्ष ने झूठ बोला। उन्होंने कहा बल्लारी के डॉक्टरों की रिपोर्ट के आधार पर जमानत दी गई। बीजीएस अस्पताल के डॉक्टरों ने भी बल्लारी के डॉक्टरों की रिपोर्ट को स्वीकार किया, जिसमें अभिनेता द्वारा सर्जरी की आवश्यकता की पुष्टि की गई। उन्होंने तर्क दिया हमें डॉक्टरों द्वारा सुझाए गए ऑपरेशन के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए। यह तीन या चार सप्ताह के बाद मांग पर नहीं किया जा सकता। इससे पहले, विशेष लोक अभियोजक पी. प्रसन्ना कुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय को बताया कि दर्शन चिकित्सा आधार पर उन्हें दी गई अंतरिम जमानत का दुरुपयोग कर रहे हैं। नियमित जमानत देने के लिए अदालत में अपनी आपत्तियां प्रस्तुत करते हुए प्रसन्ना कुमार ने कहा कि अंतरिम जमानत अत्यावश्यकता का हवाला देते हुए ली गई थी और अदालत को बताया गया था कि उन्हें स्ट्रोक होने की संभावना है। प्रसन्ना कुमार ने आगे कहा कि दर्शन के मामले में नाटकीय परिस्थितियां पैदा की गई हैं। हाल ही में, अदालत ने चिकित्सा आधार पर दर्शन की अंतरिम जमानत बढ़ा दी थी। दर्शन को 131 दिन जेल में बिताने के बाद 30 अक्टूबर को अंतरिम जमानत पर जेल से रिहा किया गया था। बेंगलूरु के बीजीएस अपोलो अस्पताल में भर्ती दर्शन का पीठ दर्द का इलाज चल रहा था।

## बीबीएमपी पार्क का गेट गिरने से सुरक्षा गार्ड घायल

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मैजेस्टिक के पास तुलसी टोटा पार्क में एक गेट गिरने से 40 वर्षीय सुरक्षा गार्ड घायल हो गया। उसे सिर में मामूली चोटें आईं और उसका इलाज पास के एक निजी अस्पताल में कराया गया। बीबीएमपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घायल का इलाज आउट पेशेंट के तौर पर किया गया और अब वह घर पर है। घायल की पहचान प्रभाकर के रूप में हुई है, जो दोपहर करीब 3 बजे पार्क में कूड़ा उठाने के लिए ऑटो टिपर को जाने देने के लिए गेट खोल रहा था और जब वह गेट खोल रहा था, तभी गेट गिर गया। अधिकारी ने कहा कि बीबीएमपी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। घायल व्यक्ति श्रीरामपुरम का रहने वाला है।

ज्ञातव्य है कि सितंबर में मल्लेश्वरम में कुल्ला पार्क के नाम से मशहूर राजा शंकर पार्क में एक गेट गिरने से 11 वर्षीय लड़के की मौत हो गई थी। घटना के समय लड़का पार्क में खेल रहा था। बाद में बीबीएमपी ने गेट को ठीक कर दिया। बीबीएमपी अधिकारी ने बताया कि तुलसी टोटा पार्क में कुछ महीने पहले पेड़ की टहनी गिरने से गेट के क्लैंप और हुक क्षतिग्रस्त हो गए थे। हालांकि, यह बात बीबीएमपी के संज्ञान में नहीं लाई गई। अधिकारी ने बताया कि बीबीएमपी की विशेष आयुक्त (बागवानी) प्रीति गहलोत ने अधिकारियों को इस पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## कोविड घोटाला एफआईआर मामला

# कांग्रेस प्रतिशोध की राजनीति नहीं कर रही: डी के शिवकुमार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शनिवार को स्पष्ट किया कि कांग्रेस कोविड घोटाले के संबंध में एफआईआर दर्ज करके प्रतिशोध की राजनीति नहीं कर रही है। शिवकुमार ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार कोविड घोटाले के संबंध में कार्रवाई शुरू करके प्रतिशोध की राजनीति नहीं कर रही है। शिवकुमार ने कहा सरकार ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जॉन माइकल डी कुन्हा के नेतृत्व में एक आयोग का गठन किया था और पैनल की सिफारिशों के अनुसार कार्रवाई की गई थी। हम सिफारिशों का अध्ययन कर रहे हैं जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी और सब कुछ कानून के दायरे में होगा। अगर हम प्रतिशोध की राजनीति करते, तो कोई भी निर्णय लिया जा सकता था। शिकायतकर्ता महिला ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। शिवकुमार ने पूर्व सीएम बी. एस. येदियुरप्पा के खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले का जिक्र करते हुए कहा अगर हम पुलिस बल का दुरुपयोग करते, तो कोई भी निर्णय लिया जा सकता था। शिवकुमार ने कहा हमने चुनाव से पहले कुछ मुद्दों और घोटालों पर चर्चा की थी। जब आयोग की रिपोर्ट पेश की जाती है, तो हम चुप नहीं बैठ सकते। इसलिए, जब आयोग रिपोर्ट देता है तो हम उसे अनदेखा नहीं कर सकते और सरकार कार्रवाई करेगी। सूत्रों ने बताया



कि कांग्रेस सरकार कोविड घोटाले में आरोपों का सामना कर रहे प्रमुख भाजपा नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने की तैयारी कर रही है। इससे पहले आयोग ने कहा था कि बी.एस. येदियुरप्पा और तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री बी. श्रीरामुलु और के. सुधाकर ने कथित तौर पर कोविड-19 महामारी के दौरान बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और सत्ता का दुरुपयोग किया था। सरकार ने इस संबंध में शुक्रवार को बेंगलूरु के विधान सौधा पुलिस स्टेशन में अधिकारियों के नामजद करते हुए एक प्राथमिकी दर्ज की। सूत्रों ने पुष्टि की कि सरकार मामले की जांच करने और तेजी से कार्रवाई करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने की भी तैयारी कर रही है। 10 पन्नों की एफआईआर में पांच डॉक्टरों, दो सरकारी अधिकारियों, एक दवा कंपनी और उद्योगों की भूमिका पर चर्चा की गई है। इसमें राजनेताओं की संलिप्तता का भी उल्लेख है और किसी का नाम नहीं दिया गया है।

## विश्व ओक्कलिगारा महासंस्थान मठ के उत्तराधिकारी के रूप में डॉ. एचएल नागराज की नियुक्ति

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हुए 49 वर्षीय केएएस अधिकारी डॉ. एच. एल. नागराज को विश्व ओक्कालिगारा महा संस्थान मठ के उत्तराधिकारी के रूप में अतिरिक्त जिला कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। कुमार चन्द्रशेखरनाथ स्वामीजी, विश्व ओक्कालिगर महा संस्थान मठ के अध्यक्ष हैं। स्वामीजी ने मठ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा मैं अब 81 साल का हूं। इस प्रकार, एच.एल. नागराज, जो कई वर्षों से हमारे मठ से जुड़े हुए हैं, सेवा कार्य करके समाज सेवा में लगे हुए हैं, को भगवान की इच्छा के अनुसार उत्तराधिकारी के रूप में चुना गया है। मठ ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस विकल्प पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मठ के उत्तराधिकारी के रूप में वह नाथ की विरासत के अनुसार धार्मिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे।



शनिवार शाम से शुरू अनुष्ठान और कार्यक्रम रविवार शाम तक चलेंगे। इसमें दस हजार लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्हें आदिचुंचनगिरि पीठ के श्री निर्मलानंदनाथ स्वामीजी, निदुमामिदि जगद्गुरु मठ के श्री वीरभद्र चन्नमल्ला देसीकेंद्र स्वामीजी और देश के कई मठों के पीठाधीक्षकों की उपस्थिति में उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। धार्मिक और समाजसेवा की प्रवृत्ति रखने वाले नागराज अविवाहित हैं। वह शनिवार से विश्व ओक्कालिगा महासंस्थान मठ के महा स्वामीजी के रूप में मठ, श्री मठ के शैक्षणिक संस्थानों के कार्यों को उच्च स्तर पर ले जाएंगे। स्वामी जी ने कहा कि सेवा कार्यों का और विस्तार किया जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मठ के ट्रस्टी डोड्डामने वेंकटेश, ऑडिटर नागराज, पंचलिंगैया, शिवलिंगैया, मरप्पन्ना, वकील सिद्धराजू और अन्य मौजूद थे। तुमकुरु जिले के कुनिगल तालुक के होन्नेनाहल्ली गांव के लिंगया और गंगामन के पुत्र एचएल नागराज ने अपनी बचपन की प्राथमिक शिक्षा तुमकुरु के सिद्धगंगा मठ में पूरी की। स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद, उन्होंने माइक्रोफाइनेंस में अर्थशास्त्र और अनुसंधान में स्नातकोत्तर (पीएचडी) किया। सिद्धगंगा मठ में पढ़ाई के बाद से ही नागराज की धार्मिक गतिविधियों में रुचि विकसित हो गई थी। सिद्धगंगा मठ के श्री शिवकुमार स्वामीजी को आदर्श माना था। अपनी शिक्षा जारी रखने और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हुए, वह आदिचुंचनगिरी मठ के छात्रावास में रहे। इस दौरान बालगंगाधरनाथ स्वामीजी सेवा गतिविधियों से प्रभावित हुए। उन्होंने भिक्षु बनकर धार्मिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक सेवा कार्य करने का मन बना लिया।

## बेलगावी शीतकालीन सत्र में पहले सप्ताह की गतिविधियां समाप्त

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।**

बेलगावी में बहुप्रतीक्षित शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है और पहले सप्ताह की गतिविधियां समाप्त हो गई हैं। पंचमसाली आरक्षण संघर्ष, किसानों की जमीन पर वक्फ बोर्ड के दावे का आरोप, पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा, व्यवसायी रतन टाटा समेत हाल ही में दिवंगत हुए गणमान्य लोगों के प्रति संवेदना, चर्चा के मुख्य मुद्दे रहे।



सत्र की शुरुआत के पहले दिन विधानमंडल के दोनों सदनों में पूर्व उपसभापति मनोहर तहसीलदार, पूर्व मंत्री केएच श्रीनिवास, व्यवसायी रतन टाटा समेत दिवंगत गणमान्य लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया गया। उस दिन सदन में बनी अध्यक्ष की कुर्सी की खासियत पर भी चर्चा हुई और यूटी खादर का अभिनंदन किया गया। वक्फ का मसला आया भी तो उस पर चर्चा नहीं हुई। अगले दिन मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा के निधन पर हार्दिक शोक व्यक्त करने के बाद विधानसभा और विधान परिषद में कोई अन्य कार्यवाही नहीं हुई। तीसरे दिन बुधवार को कृष्णा की मौत पर सरकारी अवकाश घोषित कर दिया गया। गुरुवार को चौथे दिन शुरुआत में शोकसभा भी हुई। एस.एम.कृष्णा, आर.नारायण और जयन्ना.एस को शोक संवेदनाएँ दी गईं जो विधान सभा के पूर्व सदस्य थे। बाद में सुवर्ण विधान सौधा के सामने पंचमसाली आरक्षण कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज का मामला सदन में गूंजा और प्रशासन और विपक्ष के बीच बहस हुई। भाजपा ने लाठीचार्ज का मुद्दा उठाकर सरकार को शर्मिंदा करने की कोशिश की, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। सरकार ने लाठीचार्ज की जरूरत को इसका कारण बताया। उस शाम 11 महत्वपूर्ण विधेयक और विभिन्न रिपोर्टें पेश की गईं और सवाल-जवाब का सत्र चला और यह सत्र रात 10 बजे तक चला। प्रशासन और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप, वाद-विवाद और विपक्ष की बैठकों के अलावा इस सप्ताह की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। विधायकों ने प्रश्नोत्तरी सत्र, शून्य काल और संकेत निर्देश के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं पर प्रकाश डालकर सरकार से राहत पाने की कोशिश की।

इस सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को प्रशासन और विपक्ष के बीच वक्फ नोटिस के मुद्दे पर लंबी चर्चा हुई और नोटिस के नतीजों पर भी प्रकाश डाला गया। उत्तर कर्नाटक के विकास पर चर्चा शुरू हो चुकी है। लेकिन पहले सप्ताह में विधानसभा में उस तरह की चर्चा का अवसर नहीं मिला। अध्यक्ष यूटी खादन ने कहा कि वह सोमवार से तीन दिनों तक विधानसभा में उत्तर कर्नाटक पर विशेष चर्चा की अनुमति देंगे। राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने मानसून और मानसून से होने वाली आपदा, सरकार द्वारा उठाए गए उपाय और बारिश से होने वाली आपदा को रोकने के लिए किए जाने वाले स्थायी समाधान के बारे में बयान दिया। लेकिन जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप शीतकालीन सत्र में ज्वलंत मुद्दों का समाधान नहीं हो सका। जब सुवर्ण विधान सौधा में शीतकालीन सत्र चल रहा था तो सामने विभिन्न संगठन अपनी मांगों को पूरा करने और समस्याओं के समाधान को लेकर रोजाना विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। दस दिनों तक चलने वाले इस सत्र में पहले ही एक दिन की कटौती कर दी गई है।

मांड्या में आयोजित होने वाले अखिल भारत कन्नड़ साहित्य सम्मेलन के मद्देनजर एक दिन और छोटा करने का निर्णय लिया गया है और इस बार सत्र आठ दिनों तक सीमित रहने की संभावना है। विपक्ष ने सदन के बाहर भ्रष्टाचार, विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अनुदान न देना और मृत मृत्यु जैसे मुद्दों पर सरकार को आड़े हाथों लिया था। ये विचार सोमवार से कार्यवाही में भी गूंजने की संभावना है।

## मिनी बस में आग लग गई पूरी तरह जलकर खाक



**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।**

करकला से कलासा जा रही एक मिनी बस शनिवार दोपहर एस.के. बॉर्डर के पास आग की चपेट में आ गई।

काटपाडी के एक व्यक्ति की बताई जा रही यह गाड़ी एस.के. बॉर्डर पार करने के कुछ ही देर बाद अचानक आग की चपेट में आ गई।

यह बस यात्रियों को लेकर कलासा जा रही थी। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। इलाके में मोबाइल कनेक्टिविटी न होने के कारण घटना की सूचना देर से मिली। एस.के. बॉर्डर पर तैनात वन विभाग के कर्मियों ने दमकल विभाग को सूचना दी, जो मौके पर पहुंचे। हालांकि, जब तक वे पहुंचे, तब तक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी।

## रियलिटी शो के प्रतिभागी पर विस्फोटकों के दुरुपयोग का मामला दर्ज

**तुमकुरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

विस्फोटक सामग्री से जुड़े एक मामले में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, पुलिस ने कन्नड़ बिग बॉस के उपविजेता ड्रोन प्रताप को शनिवार को मौके पर निरीक्षण के लिए बुलाया।

निरीक्षण मधुगिरी तालुक के चिनिकलोटी गांव में राया बृंदावन फार्म के पास हुआ, जहां कथित घटना हुई थी। रिपोर्ट्स से पता चलता है कि ड्रोन प्रताप ने कृषि तालाब में विस्फोट करने के लिए सोडियम का इस्तेमाल किया और बाद में विस्फोट का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो तेजी से वायरल हो गया, जिसने कानून प्रवर्तन का ध्यान आकर्षित किया। इस



वायरल सामग्री के आधार पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने स्व-प्रेरित शिकायत दर्ज की और गुरुवार को प्रताप के साथ दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार के साइट निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने घटना के लिए जिम्मेदार घटनाओं की फिर से जांच की। मामले से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने कहा हमने विस्फोटक सामग्री के दुरुपयोग के बारे में और सबूत जुटाने के लिए निरीक्षण किया। पुलिस ने मधुगिरी के मिदिगेशी पुलिस स्टेशन में बीएनएस एक्ट की धारा 176, सीआरपीसी की धारा 158 ए और बी तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम सहित विभिन्न प्रावधानों के तहत ड्रोन प्रताप, भूस्वामी जितेंद्र जैन तथा अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बेंगलूरु में गिरफ्तारी के बाद ड्रोन प्रताप को आगे की पूछताछ के लिए मिदिगेशी पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

## दक्षिण कन्नड़ के कुछ हिस्सों में छाया रहा कोहरा



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

दक्षिण कन्नड़ जिले में मानसून के बाद की बारिश कम हो गई है और शुक्रवार को सुबह के समय कुछ इलाकों में कोहरा छाया रहा। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मौसम बादल छाने लगा और उमस भी बढ़ी।

आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले दो दिनों तक जिले में सुबह के समय कोहरा छाया रहने की उम्मीद है। शहर में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से 1.1 डिग्री सेल्सियस कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो साल के इस समय के लिए सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

### कैदी की मौत पर बवाल

# परिजनों ने जेलर को घेरकर की धक्का-मुक्की जेल प्रशासन पर इलाज न कराने का आरोप

**औरंगाबाद (एजेंसियां)।**
औरंगाबाद मंडल कारा के एक कैदी की गुरुवार को देर रात मौत हो गई। मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले को लेकर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह और परिजनों का आरोप है कि कैदी की मौत समय पर इलाज नहीं कराने के कारण हुई है। मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और जेल प्रशासन पर कार्रवाई होनी चाहिए।



जानकारी के मुताबिक, औरंगाबाद सदर प्रखंड के जम्ह-ोर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी रंजीत सिंह हत्या के एक मामले में सजायाफ्ता था। वह वर्ष 2018 से जेल में सजा काट रहा था। गुरुवार को देर रात जेल में ही उसकी तबीयत अचानक से खराब हो गई। हालत भी बिगड़ गई। इसके बाद जेल प्रशासन द्वारा उसे इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया जाने लगा, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि जेल प्रशासन द्वारा इलाज नहीं कराने से कैदी की मौत हुई है।

परिजनों ने कहा कि जेल प्रशासन ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि रंजीत सिंह की तबीयत खराब है, आप औरंगाबाद सदर अस्पताल आ जाइए। इनको सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया जा रहा है। सूचना मिलने पर जब परिजन सदर अस्पताल पहुंचें तो वहां देखा कि रंजीत सिंह को जेल से ही मृत अवस्था में लाया गया था। इससे परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने जेल प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए बवाल काटा।

मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया के दौरान मौके पर आए जेलर को देखते ही परिजन उनसे उलझ पड़े। जेलर को घेर लिया और उनकी गाड़ी के आगे खड़े हो गए। जेलर के साथ धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। वहीं, हंगामे की खबर सुनते ही औरंगाबाद नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह और सर्किल इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार उपाध्याय सदल बल सदर अस्पताल पहुंचे। फिर काफी मशक्कत के बाद जेलर को आक्रोशितों के घेरे से छुड़ाने के बाद उन्हें सुरक्षित मंडल कारा भेजा।

इसके बाद परिजनों ने फोन पर इसकी शिकायत औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह से की। उस वक्त पूर्व सांसद पटना में थे। इसके बाद पूर्व सांसद रात में ही सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि रंजीत सिंह की मौत को लेकर उन्होंने देर रात ही औरंगाबाद के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात कर पूरे मामले से अवगत कराया। साथ ही मामले की उच्च स्तरीय जांच और जेल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही बरतने के परिजनों के आरोप को लेकर प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि कैदी ने सीने में दर्द होने की शिकायत की थी। इसके तत्काल बाद कैदी की मौत होना सवालों के घेरे में है। परिजनों के आरोप में दम है और पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित हो। इस मौके पर सदर अस्पताल में सांसद के साथ भाजपा के जिला महामंत्री व अधिवक्ता मुकेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष गुंजन सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरविंद सिंह और सैकड़ों ग्रामीण तथा मृतक के परिजन मौजूद रहे।

# राजधानी में एसटीएफ और अपराधियों के बीच मुठभेड़, एक अपराधी की मौत

### पुलिस इंस्पेक्टर घायल

**पटना (एजेंसियां)।**
पटना में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें दोनों तरफ से कई राउंड गोलियां चलीं। इस घटना में गोली लगने से एक कुख्यात अपराधी की मौत हो गई। वहीं एक पुलिस इंस्पेक्टर भी गोली लगने से घायल हो गए। घटना जक्कनपुर थाना क्षेत्र के संजय नगर की है। घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि इस घटना में एसटीएफ के इंस्पेक्टर दिवाकर को बांह में गोली लगी है। जवाबी कार्रवाई में अपराधी को भी गोली लगी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के दौरान इलाके में अफरातफरी का माहौल बना रहा। आननफानन में घायल पुलिस इंस्पेक्टर को अस्प-ताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही अन्य कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुँच गई। फिलहाल पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है।




घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि जक्कनपुर थाना अंतर्गत संजय नगर स्थित एक मकान में तीन अपराधी दूसरे के नाम पर रूम लेकर रह रहे हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही एसटीएफ की टीम उस मकान में पहुंची। वहां पहुंचते ही पुलिस जैसे ही सर्च करने घुसने लगी, अपराधियों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस फायरिंग में एसटीएफ के इंस्पेक्टर दिवाकर कुमार भी घायल हो गये। आननफानन में घायल इंस्पेक्टर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिर जवाबी कार्रवाई में एसटीएफ ने भी गोली चलाई जिसमें अपराधी अजय राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही दो अपराधी अंधेरा का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गये। एसटीएफ ने मौके से एक पिस्टल और कई जिंदा खोका, कई गोलियों सहित मोबाइल जब्त किया है।

अजय राय पर पटना के अलग-अलग थानों में हत्या, लूट और रंगदारी जैसे अन्य कई मामले दर्ज हैं। अजय राय को आजीवन कारावास की सजा भी हो चुकी है, लेकिन फिलहाल कुछ दिनों से वह जमानत पर रिहा है।

### दो हिस्सों में बंटी कोयला लोड गाड़ी

# 10 को कल्याणपुर तो 20 बोगियों को पहुंचाया गया सुल्तानगंज

**पटना (एजेंसियां)।**
बिहार के मुंगेर में रेल हादसा हुआ है। कोयला लोड मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। इस कारण करीब दो घंटे तक जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर परिचालन बाधित रहा। बताया जा रहा है कि खड़िया पिपरा हॉल्ट के समीप मालगाड़ी की कपलिंग टूटने की वजह से गाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। हादसे की जानकारी के बाद आधे हिस्से की बोगियों को जमालपुर की तरफ तो आधे हिस्से की बोगियों को सुल्तानगंज की और ले जाया गया। घटना जमालपुर-भागलपुर रेलखंड के अप लाइन से भागलपुर की और से सुबह करीब नौ बजे हुई।



चौंकाने वाली बात यह है कि हादसे की भनक मालगाड़ी के चालक को काफी देर तक लगी ही नहीं। वह आधे हिस्से की बोगियों को लेकर आगे बढ़ गए। तब गार्ड ने हादसे की जानकारी दी गई। लेकिन, तब तक मालगाड़ी कल्याणपुर स्टेशन के समीप पहुंच चुकी थी। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही रेल अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद करीब 22 बोगियों को खींचकर सुल्तानगंज की और ले गए। खगड़िया पिपरा हॉल्ट के संचालक आकिब ने बताया सुबह 8:58 पर हादसा हुआ। इसके बाद रेल अधिकारी को सूचना दी गई। करीब एक घंटे बाद एक हिस्से की बोगियों को स्टेशन ले जाया गया। एक पार्ट में 10 बोगी को कल्याणपुर स्टेशन और बांकी बचे 20 बोगी को सुल्तानगंज स्टेशन ले जाया गया है।

इनामुल हक ने बताया कि ब्रह्मपुत्र मेल के गुजरने के बाद मालगाड़ी जा रही थी। इसी दौरान कपलिंग टूट गया जिसके कारण समपार फाटक करीब दो घंटे तक बंद रहा। मालगाड़ी पर कोयला लोड है जो भागलपुर की तरफ उप लाइन से जमालपुर की तरफ जा रही थी। काफी देर तक यातायात ठप रहा।

### बीपीएससी टीचर का पकड़ौआ विवाह, लड़की बोली-

# चार साल से अफेयर था, नौकरी लगी तो शादी से इनकार किया

**पटना (एजेंसियां)।**
बिहार के बेगूसराय में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बीपीएससी शिक्षक की जबरदस्ती शादी करवा दी गई। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जिनेंदपुर पंचायत का है। लोगों ने बीपीएससी शिक्षक अवनीश कुमार की एक मंदिर में जबरन शादी करवा दी।

वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि कुछ लोग जबरन अवनीश कुमार के हाथ से लड़की की मांग भरवा रहे हैं। अवनीश रो-रोकर लोगों से गुहार लगा रहा लेकिन किसी ने उसकी एक सुनी और उसकी जबरदस्ती शादी करवा दी। इधर, लड़की पक्ष का कहना है कि रजौड़ा सिकंदरपुर निवासी अवनीश कुमार और उनकी बेटी का लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शिक्षक बनने के बाद अवनीश कुमार ने शादी से मना कर दिया। लड़की का कहना है कि वह एएनएम की ट्रेनिंग ले रही है। अवनीश और उसकी बात पिछले चार साल से हो रही थी।






वह दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे। अवनीश की जब तक नौकरी नहीं लगी थी तब तक सबकुछ ठीक चल रहा था। लेकिन, नौकरी लगने के बाद वह बदल गया। शादी की बात करने पर टालने लगता था।

युवती ने आरोप लगाया कि अवनीश कुमार ने कई बार उसे होटल में भी बुलाया गया था। 10 दिन पूर्व भी अवनीश कुमार ने उसे अपने स्कूल पर बुलाया था। यहां जब मैंने फिर से शादी की बात कही तो उसने इनकार कर दिया। गुरुवार शाम अवनीश कुमार मुझसे मिलने आया था। हमलोग एक-दूसरे से बातचीत कर ही रहे थे कि अचानक ग्रामीणों वहां पहुंचे और दोनों को पकड़ दिया। इसके बाद एक मंदिर में जबरन करवा दी। इधर, इस मालमे में अभी तक किसी भी पक्ष के द्वारा पुलिस में शिकायत नहीं की गई है। हालांकि, पुलिस जांच में जुट गई है। शादी के बाद युवती महिला थाना पहुंची है। पकड़ौआ विवाह बेगूसराय में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि फिर से पकड़ौआ विवाह का सिलसिला शुरू हो गया है। 80 और 90 के दशक में इस तरह की घटनाएं होती थी। कई लोगों की जिंदगी इस जबरिया शादी के कारण बर्बाद हो गई। कुछ माह पहले वैशाली में इसी तरह का मामला सामने आया था। बीपीएससी की परीक्षा पास शिक्षक बने युवक का पकड़ौआ विवाह करवा दिया गयाा था। पिछले साल एक केस की सुनवाई के दौरान पटना हाईकोर्ट ने पकड़ौआ शादी को अमान्य बताया था। कहा है कि जबरदस्ती की गई शादी मान्य नहीं होगी। बंदूक की नोंक पर मांग भरना शादी नहीं कहलाएगी। यानी किसी भी महिला की मांग में जबरन सिंदूर लगाना हिन्दू कानून के तहत शादी नहीं है। जब तक दूल्हा और दुल्हन पवित्र अग्नि के चारों फेरे नहीं ले या दोनों के बीच सहमति न हो, तब तक शादी वैध नहीं मानी जाएगी।

# सड़क हादसे में 20 साल के छात्र की मौत, ड्यूटी से लौटने के दौरान हुआ हादसा, परिजन बेहाल

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।**
मुजफ्फरपुर जिले में कटरा थाना क्षेत्र के धनौर गांव निवासी अरुणराम के 20 साल के पुत्र नीतीश कुमार को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप में घायल हो गए। इस दौरान अज्ञात वाहन ठोकर मारकर वाहन चालक वाहन लेकर मौके पर से फरार हो गया। वहीं, ठोकर लगने के बाद ड्यूटी से लौटने के दौरान नीतीश घायल हो गया, जिसको आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में चीत्कार मची हुई है।



घटना को लेकर बताया गया है कि देर रात को थाना क्षेत्र के धनौर निवासी नीतीश कुमार हर दिन की तरह अपने घर बाइक से लौट रहा था।

इसी दौरान में एक अज्ञात वाहन ने आगे से टक्कर मार दी, जिसके बाद जहां घटना स्थल पर देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों कटरा थाना की पुलिस को सूचना दी। वहीं, सूचना मिलते ही दल-बल के साथ कटरा थाना प्रभारी पहुंचे। स्थानीय लोगों ने घायल नीतीश को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टर ने उन्हें एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। इलाज के दौरान ही नीतीश की मौत हो गई।

इस घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन ने बताया कि नीतीश पढ़ाई लिखाई भी किया करता था और पार्ट टाइम में ड्यूटी को करता था। प्रतिदिन की तरह से नीतीश कुमार मजदूरी कर अपने घर मुजफ्फरपुर से धनौर लौट रहा था।

इसी दौरान राजाडी में अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी शादी की भी बात चल रही थी और अगले वर्ष हम लोग उसकी शादी की तैयारी में लगे हुए थे।

घटना को लेकर कटरा थाना के प्रभारी कुमार अभिषेक ने बताया कि सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के राजाडी के पास एक युवक को ठोकर ले गया। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी और युवक को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान ही उन्हें मृत घोषित कर दिया है। युवक कटरा थाना क्षेत्र इलाके के धनौर का रहने वाला है। अभी पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। मामले में अब परिजन के बयान लिए जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का बड़ा दावा

# आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए जीतेगा 225 सीटें

**मुंगेर (एजेंसियां)।**
बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर मुंगेर के तारापुर पहुंचे। उनका हेलीकॉप्टर पार्वतीनगर स्थित बीएड कॉलेज के हेलीपैड पर उतरा, जहां पुलिस प्रशासन ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान उन्होंने पूर्व विधायक गणेश पासवान के द्वादश कर्म में शामिल होने के लिए सिसुआ गांव का दौरा किया।



सिसुआ गांव से लौटने के बाद डिप्टी सीएम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में उन्होंने जिले के विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति और भावी योजन-ाओं पर चर्चा की। साथ ही डीएम अवनीश कुमार सिंह और एसपी सैयद इमरान मसूद के साथ बंद कमरे में लगभग आधे घंटे तक गहन बातचीत की।

उन्होंने कहा कि बिहार सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास के एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि हमारा फोकस बिहार के सभी वर्गों, खासकर गरीबों और महिलाओं की जरूरतों को समझने और उन्हें सशक्त बनाने पर है।

राजनीतिक संभावनाओं पर बात करते हुए उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए एकजुट होकर मैदान में उतरेगा और 225 से अधिक सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए का एजेंडा विकास और सुशासन को प्राथमिकता देना है, जिससे बिहार और तेजी से प्रगति करेगा।

डिप्टी सीएम ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के जिलों के दौरों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और गरीबों की समस्याओं को समझना है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार लगातार संवाद और योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दे रही है।

डिप्टी सीएम की इस यात्रा में डीएम अवनीश कुमार सिंह, एसपी सैयद इमरान मसूद, सदर विधायक प्रणव कुमार यादव, विधान पार्षद लालमोहन गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार और एसडीप-ीओ सिंधु शेखर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हाजीपुर-मुजफ्फरपुर नेशनल हाइवे पर दो वाहन आग लगने से जले

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।**
वैशाली से होकर गुजरने वाले हाजीपुर-मुजफ्फरपुर नेशनल हाइवे-22 पर भीषण सड़क हादसे में दो वाहन धू-धू कर जल गया। घटना शुक्रवार देर रात की है। जब हाजीपुर की तरफ से मुजफ्फरपुर की ओर जा रहे ट्रक में पीछे से एक तेज रफ्तार थार ने ठोकर मार दिया था, जिसके बाद मौके से घटना स्थल पर अफरा-तफरी मची हुई थी। तभी पीछे से आ रहे ऑल्टो कार ने भी दुर्घटना ग्रस्त थार में जोरदार ठोकर मार दिया और थार में आग लग गई।



हालांकि, आग लगते ही थार में सवार सभी लोग जैसे-तैसे जान बचाकर थार से कूदकर जान बचाए। घटना सदर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव नेशनल हाइवे-22 की है। बताया गया है कि थार मालिक संदीप कुमार ने पीछले दो महीने पहले ही नई थार गाड़ी खरीदी थी। आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा फायर बिग्रेड विभाग की दी गई और स्थानीय लोगों के साथ कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना के पुलिस अधिकारी ने दोनों जले गाड़ी को जब्त कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। हालांकि, ट्रक बाल-बाल बच गया।

# प्रेम-प्रसंग में युवक की हत्या

**बेतिया (एजेंसियां)।**
बेतिया में एक युवक की शुक्रवार देर रात अपराधियों ने चाकू गोद तथा गला रेतकर हत्या कर दी थी, जिसका खुलासा पुलिस ने महज चार घंटे में ही कर लिया है। पुलिस ने यह स्पष्ट किया है कि युवक की हत्या प्रेम-प्रसंग में हुई थी और हत्या जीजा के भाई ने ही की और हमले की झूठी कहानी बनाकर परिजन और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की थी।

बताते चलें युवक की हत्या मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हरिवाटिका चौक स्थित शिव मंदिर के पास हुई थी। मृतक की पहचान बगहा के रामनगर थाना इलाके के दिउलिया वार्ड नंबर 8 निवासी विजय कुमार के बेटे सौरभ कुमार राव 19 के रूप में हुई थी। वहीं, मृतक सौरभ के साथ गए उसके जीजा का छोटा भाई अनुज ने बताया था कि दो बुलेट और एक बाइक से आए सात अपराधियों ने उनका पीछा किया। मैं बाइक से उतरकर भाग गया, जबकि सौरभ अपनी जान बचाने के लिए हरिवाटिका चौक की ओर भागा।

## रूस की रोसनेफ्ट और भारत की रिलायंस में 10 साल का करार

# भारत और रूस की बीच हुआ सबसे बड़ा ऊर्जा सौदा

### रूस से हर रोज मिलेगा 500,000 बैरल कच्चा तेल

**मास्को/नई दिल्ली, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।** रूसी ऊर्जा दिग्गज रोसनेफ्ट ने भारत की निजी रिफाइनर रिलायंस इंडस्ट्रीज को प्रतिदिन लगभग 500,000 बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। 10 साल के लिए हुआ यह समझौता 13 बिलियन डॉलर सालाना का है। मास्को और नई दिल्ली के बीच यह अब तक का सबसे बड़ा ऊर्जा सौदा है। यह कदम न केवल दोनों देशों के बीच मजबूत होते आर्थिक संबंधों को रेखांकित करता है, बल्कि भू-राजनीतिक उथल-पुथल के जवाब में वैश्विक ऊर्जा व्यापार की बदलती गतिशीलता को भी दर्शाता है।

समझौते की शर्तों के अनुसार, रोसनेफ्ट हर महीने गुजरात के जामनगर में रिलायंस के विशाल रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स में विभिन्न रूसी कच्चे तेल के 20 से 21 अफ्रामैक्स आकार के कार्गो पहुंचाएगा। प्रत्येक अफ्रामैक्स कार्गो में आमतौर पर 80,000 से 100,000 मीट्रिक टन कच्चा तेल होता है। इसके अलावा, इस सौदे में हर महीने लगभग 100,000 टन ईंधन तेल के तीन कार्गो की आपूर्ति शामिल है। शिपमेंट जनवरी 2025 में शुरू होने वाले हैं, इस सौदे में दस साल के विस्तार का विकल्प भी दिया गया है।

मूल्य निर्धारण और मात्रा की समीक्षा सालाना की जाएगी। 2025 के लिए, आपूर्ति का अधिकांश हिस्सा मध्यम-सल्फर और डीजल-समृद्ध रूसी यूराल क्रूड से बना होगा, जिसकी कीमत दुबई के कोटेशन के मुकाबले प्रति बैरल 3 डॉलर कम होगी। ईएसपीओ जैसे लाइट स्वीट ग्रेड के लिए प्रीमियम 1.50 डॉलर प्रति बैरल तय किया गया है, जबकि सोकोल और साइबेरियन लाइट की कीमत 2025 के लिए दुबई के कोटेशन के मुकाबले लगभग 2 डॉलर और 1 डॉलर प्रति बैरल है।

यह समझौता रूसी बंदरगाहों से रोसनेफ्ट के समुद्री तेल निर्यात का आधा हिस्सा है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 0.5% है। फॉर्च्यून 500 कंपनी और भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की कंपनी रिलायंस ने अपने आपूर्ति समझौतों की गोपनीयता का हवाला देते हुए सौदे की बारीकियों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, इसने स्वीकार किया कि यह बाजार की स्थितियों के आधार पर रूस सहित अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं के साथ सहयोग करता है।



यह ऐतिहासिक सौदा रूस और भारत के बीच बढ़ती ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत करता है। भारत में मास्को के राजदूत डेनिस अलीपोव ने हाल ही में खुलासा किया कि रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है, जो देश के कुल कच्चे तेल आयात में 40% तक का योगदान देता है। पिछले एक साल में, डिलीवरी दो-गुनी होकर 45 बिलियन डॉलर हो गई है, जिससे रूस भारत की ऊर्जा सुरक्षा में एक प्रमुख खिलाड़ी बन गया है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता भारत ने पिछले दो वर्षों में रूस से कच्चे तेल की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इस बदलाव का श्रेय मुख्य रूप से यूक्रेन संघर्ष के बाद लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों के मद्देनजर मास्को द्वारा ऊर्जा आपूर्ति को एशिया की ओर पुनर्निर्देशित करने को दिया जाता है। भारत के लिए, रूसी तेल एक लागत प्रभावी विकल्प प्रदान करता है क्योंकि इसे अक्सर मध्य पूर्वी कच्चे तेल की तुलना में छूट पर बेचा जाता है। इससे भारतीय रिफाइनर देश की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करते हुए लाभ मार्जिन बढ़ाने में सक्षम होते हैं।

मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज जामनगर में दुनिया के सबसे बड़े रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स में से एक का संचालन करती है। इस सुविधा की क्षमता और लचीलापन इसे रूस द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले भारी और खट्टे ग्रेड सहित कई प्रकार के कच्चे तेल को संसाधित करने के लिए अद्वितीय रूप से अनुकूल बनाता है। रिपोर्टों के अनुसार, रिलायंस रूसी कच्चे तेल का नियमित खरीदार रहा है, जो 2023 में बिचौलियों के माध्यम से मासिक तीन मिलियन बैरल खरीदता था। नया समझौता इस संबंध को औपचारिक रूप देता है और महत्वपूर्ण रूप से विस्तारित करता है, जिससे रिलायंस एशियाई बाजारों में रूस की धुरी के प्रमुख लाभार्थी के रूप में स्थापित होता है।

यह सौदा ऐसे समय में हुआ है जब भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक पुनर्संरेखण के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार महत्वपूर्ण परिवर्तन से गुजर रहे हैं। रूसी ऊर्जा निर्यात पर पश्चिमी प्रतिबंधों ने मास्को को एशिया में वैकल्पिक बाजारों की तलाश करने के लिए मजबूर किया है, जिसमें भारत और चीन प्रमुख खरीदार बनकर उभरे हैं। भारत के लिए, रूस के साथ साझेदारी वैश्विक तेल कीमतों की अस्थिरता के खिलाफ एक महत्वपूर्ण बफर प्रदान करती है और इसकी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को ईंधन देने के लिए एक स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करती है।

इसके अलावा, यह समझौता पश्चिम और रूस दोनों के साथ संबंधों को बनाए रखने और संतुलनकारी भूमिका अदा करने में भारत के योगदान को रेखांकित करता है।

नई दिल्ली के संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ मजबूत संबंध हैं, लेकिन भारत ने मास्को के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों में शामिल होने से परहेज किया है। यूक्रेन संघर्ष पर भारत के तटस्थ रुख पर जोर दिया गया है। भारत का ध्यान अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने पर बना हुआ है, खासकर ऊर्जा क्षेत्र में, जहां सामर्थ्य और विश्वसनीयता सर्वोपरि है।

इस सौदे से भारत को काफी आर्थिक लाभ होगा। रियायती रूसी कच्चे तेल तक पहुंच भारतीय रिफाइनर को अपने मार्जिन को बढ़ाने में सक्षम बनाती है, जबकि घरेलू ईंधन की कीमतें अपेक्षाकृत स्थिर रहती हैं। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की ऊर्जा मांग में लगातार वृद्धि हो रही है, जो औद्योगिक विकास, शहरीकरण और बढ़ते वाहन स्वामित्व से प्रेरित है। हालांकि, इस सौदे के पर्यावरणीय निहितार्थों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रूसी यूराल क्रूड मध्यम-सल्फर है, जो उत्सर्जन अनुपालन के लिए चुनौतियां पेश करता है। रिलायंस की अत्याधुनिक रिफाइनरियां ऐसे ग्रेड को कुशलतापूर्वक संसाधित करने के लिए सुसज्जित हैं। जीवाश्म ईंधन की बढ़ती खपत का व्यापक पर्यावरणीय प्रभाव चिंता का विषय बना हुआ है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वैश्विक प्रयास भी काफी तेज हो रहे हैं।

रोसनेफ्ट-रिलायंस डील से वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य पर असर पड़ने की उम्मीद है। रूस के लिए, यह समझौता एशिया के ऊर्जा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है, जिससे पश्चिमी प्रतिबंधों के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है। भारत के लिए, यह साझेदारी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करती है और मास्को के साथ उसके आर्थिक संबंधों को मजबूत करती है।

विश्लेषकों का अनुमान है कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच राष्ट्रों द्वारा स्थिर आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्राथमिकता दिए जाने के कारण ऐसे दीर्घकालिक समझौते अधिक आम हो सकते हैं। यह सौदा वैश्विक ऊर्जा प्रवाह को नया आकार देने में द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के बढ़ते महत्व को भी उजागर करता है। चूंकि पश्चिमी बाजार रूसी ऊर्जा को तेजी से अलग-थलग कर रहे हैं, इसलिए इस तरह की साझेदारी वैश्विक तेल व्यापार के भविष्य के प्रक्षेपवक्र को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## कोलकाता बलात्कार के बाद हत्या का मामला

# संदीप घोष और अभिजीत मंडल को मिली जमानत

### मरहूम पीड़िता के माता-पिता ऐसे न्याय से अत्यंत दुखी

**कोलकाता, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की जूनियर डॉक्टर के साथ हुई दिल दहलाने वाली घटना को लेकर पूरे पश्चिम बंगाल में आक्रोश है। इस मामले में सीबीआई द्वारा पूर्व आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष और पुलिस अधिकारी अभिजीत मंडल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने में देरी से पीड़ित परिवार और जूनियर डॉक्टर बेहद निराश हैं। कोर्ट ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को जमानत दे दी। इस पर पीड़िती की मां ने कहा, हमने सोचा था कि सीबीआई तेजी से जांच करेगी और दोषियों को सजा दिलाएगी। लेकिन अब जब आरोपितों को जमानत मिल गई है, ऐसा लग रहा है कि हमारे ज्यूडिशियरी सिस्टम ने हमारा साथ छोड़ दिया है।

आरजी कर अस्पताल में हुई दुखद घटना के बाद जूनियर डॉक्टरों ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षित माहौल की मांग करते हुए कई सप्ताह तक प्रदर्शन किया था। आरोपियों को जमानत मिलने के बाद, उन्होंने सीबीआई पर सवाल खड़े किए और कहा कि इस मामले में लापरवाही हुई है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जूनियर डॉक्टर अनिकेत महतो ने कहा, सीबीआई को अपनी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उनकी विफलता ने आम जनता और डॉक्टरों को बहुत आहत किया है। एक अन्य जूनियर डॉक्टर अशफाकुल्ला नय्या ने कहा, इतने आंदोलन के बाद यह आदेश निराशाजनक है। यह सिर्फ डॉक्टरों के लिए ही नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के लिए है, जो आरजी कर की घटना के खिलाफ सड़कों पर उतरे थे।

मेडिकल सर्विस सेंटर के डॉक्टर नील रतन नय्या ने इस मामले को लेकर एक बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि सीबीआई ने राज्य सरकार के साथ मिलकर साजिश रची है। उन्होंने चार्जशीट दाखिल नहीं की ताकि आरजी कर पीड़िता के असली गुनहगार बिना सजा के बच सकें। उन्होंने यह भी कहा, अगर इस तरह की साजिशें अब नहीं रोकी गईं, तो भविष्य में और भी पीड़ित न्याय मांगने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। हमें न्याय छीनना होगा और इसके लिए हमें एकजुट रहना होगा।

जूनियर डॉक्टरों के संगठन ने कहा कि वे इस मामले में अगली रणनीति तय करने के लिए एक जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित करेंगे। उन्होंने बयान जारी कर कहा, हम धर्मतला में प्रदर्शन करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और सीबीआई निदेशक के पुतले जलाकर अपनी नाराज़गी जताएंगे। जूनियर डॉक्टरों ने अपनी तात्कालिक मांगों की सूची भी जारी की। उनका कहना है कि सीबीआई को तुरंत एक पूरक चार्जशीट दाखिल करनी चाहिए ताकि न्याय में और देरी न हो। मेडिकल सर्विस यूनिटी ने करुणामयी से सॉल्ट लेक स्थित सीबीआई कार्यालय तक मार्च निकालने की घोषणा की है।

डॉक्टर नील रतन ने कहा, अगर हमें न्याय चाहिए, तो हमें अपनी लड़ाई तेज करनी होगी। यह घटना सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि समाज में गहराते असुरक्षा के माहौल और न्याय प्रणाली की धीमी प्रक्रिया को लेकर लोगों के गुस्से को भी उजागर करती है। डॉक्टरों का कहना है कि यह मामला न केवल उनके समुदाय बल्कि पूरे समाज के लिए चिंताजनक है। एक जूनियर डॉक्टर ने कहा, हम चाहते हैं कि दोषियों को सजा मिले ताकि भविष्य में कोई इस तरह की घटना को अंजाम देने की हिम्मत न करे।

इस मामले में सीबीआई द्वारा चार्जशीट दाखिल करने में देरी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जूनियर डॉक्टरों ने कहा कि सीबीआई की यह लापरवाही पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा करती है। उन्होंने कहा, हमने सोचा था कि सीबीआई निष्पक्ष और तेज़ जांच करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में जूनियर डॉक्टरों और पीड़ित परिवार ने यह साफ कर दिया है कि वे इस मामले को यूं ही नहीं छोड़ेंगे। उनका कहना है कि वे न्याय के लिए हर संभव कदम उठाएंगे और जब तक दोषियों को सजा नहीं मिल जाती, तब तक लड़ाई जारी रहेगी।

## ईडी टीम का रूप धर कर लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश

# गिरोह का सरगना निकला आपा का नेता अब्दुल सत्तार

**कच्छ (गुजरात), 14 दिसंबर (एजेंसियां)।** पिछले सप्ताह गुजरात के कच्छ में पकड़े गए 12 फर्जी ईडी अधिकारियों का सरगना आम आदमी पार्टी (आपा) का महासचिव अब्दुल सत्तार मंजोथी निकला है। ईडी की फर्जी टीम ने 2 दिसंबर 2024 को गांधीधाम के राधिका ज्वैलर्स में फर्जी छापेमारी करके दुकान से 22.25 लाख रुपए के आभूषण और नकदी चुरा लिए थे। इस दौरान ग्रुप में शामिल लोगों ने खुद को ईडी अधिकारी बताया था।



गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा, अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का एक और कारनामा सामने आया है।

गुजरात में पार्टी के नेता ने ईडी की नकली टीम बनाई और उसका कैप्टन बनकर लोगों को लूटा। कच्छ में पकड़ी गई ईडी की नकली टीम का कमांडर गुजरात आम आदमी पार्टी का नेता निकला। यह है केजरीवाल के चेलों की करतूत के असली सबूत। हर्ष संघवी ने आपा के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के साथ गुजरात आम आदमी पार्टी के नेता इसुदान गढ़वी के साथ अब्दुल सत्तार की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। मंत्री ने एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें पुलिस फर्जी ईडी टीम को गाड़ी से उतार कर सामने ला रही है। इसमें अब्दुल सत्तार भी साथ में दिख रहा है।

वह अन्य आरोपियों के साथ लंगड़ाकर चलते हुए दिखाई दे रहा है।

ज्वैलरी शॉप में फर्जी छापेमारी के दौरान अपराधियों ने ईडी अधिकारी होने का फर्जी आई कार्ड भी दिखाया। इनमें से एक ने ईडी अधिकारी अंकित तिवारी के नाम का आईडी कार्ड दिखाया। फर्जी रेड के दौरान शातिर अपराधियों ने 25.25 लाख रुपए के गहने और नकदी ले गए। अपराधियों ने इसे जब्ती दिखाकर अपने साथ लेकर चले गए थे। उन्होंने व्यवसायी के घर की भी तलाशी ली थी। व्यवसायी को उनकी हरकतों से संदेह हुआ और उसने स्थानीय थाने में इसकी शिकायत दी। शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। शुरुआत में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा था। पूछताछ के बाद पता चला कि इसमें और लोग भी शामिल हैं। आखिरकार पुलिस इस मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी विपिन शर्मा अभी भी फरार है।


पुलिस ने इस गिरोह के पास से तीन कारें जब्त की हैं। इसके साथ ही इनके पास से 22.27 लाख रुपए की कीमत के सोने के गहने भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार लोगों में अब्दुल सत्तार मंजोथी, भरत मोरवाडिया, देवायत खाचर, हितेश ठक्कर, विनोद चूडासमा, यूजीन डेविड, आशीष मिश्रा, चंद्रराज नायर, अजय दुबे, अमित मेहता, उसकी पत्नी निशा मेहता और शैलेंद्र देसाई शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि गिरोह में अहमदाबाद, गांधीधाम और भुज के लोग शामिल हैं और वे प्रमुख व्यवसायियों को निशाना बना रहे थे। अहमदाबाद और भुज में व्यवसायियों को लूटने के बाद इस गिरोह ने गांधीधाम में खुदरा विक्रेताओं को ठगने का फैसला किया था। गिरोह के सदस्य ईडी अधिकारी की पोशाक पहनकर आभूषण की दुकान में गए वहां छापे मारे। उन्होंने व्यवसायी के घर की भी तलाशी ली।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का संसद में स्वीकारनामा

# सड़क दुर्घटनाएं रोकने में सरकार फेल हुई

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह स्वीकार किया है कि देश में सड़क दुर्घटनाएं रोकने में सरकार फेल हो गई है। गडकरी ने भारत के उन चार राज्यों का भी खुलासा किया, जहां सड़क दुर्घटनाएं सबसे ज्यादा होती हैं। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बोलते हुए गडकरी ने कहा कि हर साल सड़क दुर्घटनाओं में 1,78,000 लोगों की जान जाती है और इनमें से 60 प्रतिशत पीड़ित 18-34 वर्ष की आयु वर्ग के होते हैं।

गडकरी ने अपने ही पूर्व के आश्वासन का संदर्भ लेते हुए कहा कि उन्होंने 2024 के आखिर तक दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाने की बात कही थी। लेकिन गडकरी ने कहा, दुर्घटनाओं की संख्या में कमी की बात तो भूल ही जाइए, मुझे यह स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं है कि इसमें बढ़ोतरी हुई है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमारे विभाग को कामयाबी नहीं मिली है।



सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाओं वाले चार राज्यों में सबसे ऊपर उत्तर प्रदेश, दूसरे नंबर पर तमिलनाडु, तीसरे नंबर पर महाराष्ट्र और चौथे नंबर पर मध्य प्रदेश है। उत्तर प्रदेश में इस साल उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में 23,652 मौतें हुईं। तमिलनाडु में 18,347, महाराष्ट्र में 15,366 और मध्य प्रदेश में 13,798 लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए।

नितिन गडकरी ने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से सबसे बुरी तरह प्रभावित दिल्ली शहर है, जहां 1,457 से अधिक मौतें हुई हैं। इसके बाद बेंगलुरु में 915 मौतें और जयपुर में 850 मौतें हुई हैं। गडकरी ने इस बात पर असंतोष जताया कि सड़क दुर्घटनाओं में इतने सारे लोगों की मौत के बावजूद कानून का कोई डर नहीं है। प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने इस अजीबोगरीब स्थिति का वर्णन करते हुए कहा, कुछ लोग हेलमेट नहीं पहनते, कुछ लोग रेड सिग्नल का उल्लंघन करते हैं। सड़क पर ट्रकों को खड़ा करना दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है और कई ट्रक लेन अनुशासन का पालन नहीं करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को भारत में बस बॉडी बनाने में अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करने का भी आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि बस की खिड़की के पास एक हथौड़ा होना चाहिए। ताकि दुर्घटना की स्थिति में उसे आसानी से तोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि जब भी वह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने जाते हैं। तो उन्हें भारत में सड़क सुरक्षा प्रणाली के बारे में बात करने में शर्मिंदगी महसूस होती है। गडकरी ने कहा, मैं अपना चेहरा छुपाने की कोशिश करता हूं। मंत्री ने बताया कि कुछ साल पहले उनका और उनके परिवार का एक बड़ा एक्सीडेंट हुआ था। उन्होंने बताया कि उन्हें लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था।

# अयोध्या की तर्ज पर मुर्शिदाबाद में बनेगा राम मंदिर

**कोलकाता, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल में भाजपा ने धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुर्शिदाबाद जिले के बरहामपुर में भाजपा ने 10 करोड़ रुपए की लागत से भव्य राम मंदिर बनाने की घोषणा की है। भाजपा ने ऐलान किया है कि यह मंदिर अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ पर 22 जनवरी 2025 को शिलान्यास के साथ बनना शुरू होगा।

भाजपा के बरहामपुर संगठनात्मक जिला अध्यक्ष शाखाराव सरकार ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए जमीन पहले ही चिन्हित कर ली गई है। यह प्रोजेक्ट पूरी तरह से भाजपा की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाएगा और क्षेत्र में हिंदू समुदाय की भावनाओं का सम्मान करेगा। भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने स्पष्ट किया कि राम मंदिर बनाने का फैसला तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक हुमायूं कबीर के बाबरी मस्जिद निर्माण की घोषणा से जुड़ा नहीं है। उन्होंने कहा, राम मंदिर हिंदुओं की आस्था और हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। मस्जिद बनाए जाने की बात से इसे जोड़ना गलत होगा। लेकिन हुमायूं कबीर जैसे नेता पहले भी हिंदुओं के खिलाफ भड़काऊ बयान दे चुके हैं। भाजपा नेता शंकर घोष ने कहा, राम मंदिर हमारी संस्कृति की पहचान है। यह एक सकारात्मक संदेश देगा। हमें अपने धर्म और आस्था पर गर्व होना चाहिए। यह किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि समाज के संतुलन और विकास का कदम है। मुर्शिदाबाद में भाजपा इस कदम को हिंदू समुदाय के समर्थन को मजबूत करने के रूप में देख रही है। भाजपा का कहना है कि राम मंदिर का निर्माण समाज में सकारात्मकता और सांस्कृतिक गर्व लाने का प्रयास है।

राम मंदिर निर्माण की घोषणा से पश्चिम बंगाल में भाजपा ने एक बड़ा संदेश दिया है। यह फैसला भाजपा के सांस्कृतिक एजेंडे का विस्तार करता है और चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

## संभल की मस्जिदों में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी गई

# 46 साल तक बंद रखा शिव मंदिर खोला गया

### दंगे में हिंदुओं को भगाने के बाद बंद कर दिया था मंदिर

**संभल, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के संभल के नखासा थाना क्षेत्र में 46 साल से बंद पड़ा हिंदू मंदिर दोबारा खोला गया है। ये मंदिर मुस्लिम इलाके में था। आसपास दूसरे समुदाय के लोग ज्यादा होने की वजह से मंदिर पर ध्यान नहीं दिया गया और इसकी हालत जर्जर हो गई। हाल में बिजली चोरी नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के दौरान इस मंदिर का पता चला। जिलाधिकारी ने इस संबंध में जानकारी लेकर दोबारा से मंदिर के पट खुलवाए।

मामला मोहल्ला दीपा सराय से सटे खग्गू सराय का है। यहां पुलिस टीम को बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान एक पुराना शिव मंदिर मिला। खोलकर देखा गया तो अंदर हनुमान मूर्ति और शिवलिंग दोनों स्थापित थे। इस मंदिर को लेकर नगर हिंदू सभा के संरक्षक विष्णु सरन रस्तोगी ने बताया कि पहले यहां हिंदू आबादी रहती थी, लेकिन 1978 में सांप्रदायिक दंगे हुए और मुस्लिमों ने कई हिंदुओं के घरों में आग लगा दी। हिंदुओं को भगा दिया गया और कट्टरपंथी मुस्लिमों ने मंदिर बंद कर दिया। पहले इसी मंदिर में भजन कीर्तन होता था। मंदिर के पास एक कुआं भी था, लेकिन अकील अहमद ने उसे पटवा दिया।





इसके बाद जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने आसपास के लोगों से मंदिर को लेकर सारी जानकारी मांगी और फिर मंदिर को पुराने में स्वरूप में लौटाने की बात कही। उन्होंने नगर पालिका को आदेश दिया कि मंदिर के आसपास से अवैध कब्जा हटवाया जाए। इसके बाद एसएसपी और सीओ ने मिलकर मंदिर का द्वार खोला और उसके भीतर सफाई की। जिलाधिकारी ने नगर पालिका से वो कुआं खुदवाने को भी कहा है जिसे पाटा जा चुका था। वहीं मंदिर पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। एएसपी श्रीश चंद्र ने भी पुष्टि की कि मंदिर को साफ किया गया है और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इस मंदिर के बारे में पुलिस टीम को तब पता चला जब बिजली चोरी मामले में प्रशासन और पुलिस संयुक्त कार्रवाई करने इलाके में पहुंची। इस दौरान अधिकारियों ने अवैध कनेक्शन मिलने पर सख्त रुख अपनाया है।

साथ ही, शाही जामा मस्जिद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और बिजली चोरी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई जारी है। प्रशासन की टीम ने इलाके में सड़कों, नालों से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं।

बिजली चोरी के खिलाफ चलाए गए इस अभियान में 300 से अधिक मकानों में बिजली चोरी पकड़ी गई। इनमें कई मस्जिदें भी शामिल हैं। टीम ने पाया कि एक मस्जिद में 59 पंखे, एक फ्रिज, वॉशिंग मशीन और 25-30 लाइट प्वाइंट बिजली चोरी से चलाए जा रहे थे।

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि दोषियों पर कार्रवाई हो रही है। पुलिस ने बिजली विभाग की टीमों की सुरक्षा के लिए क्षेत्र में दो प्लाटून पुलिस बल तैनात किया है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

नखासा थाना क्षेत्र में डीएम डॉ राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने रायसत्ती, नखासा, हिंदूपुरा खेड़ा और दीपा सराय में चेकिंग अभियान चलाया। कई मकानों में बिजली चोरी पकड़ी है। इसमें कई मस्जिदें भी शामिल हैं। सभी के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की जानी है।

लाखों रुपए का जुर्माना भी लगाया जाएगा। डीएम ने बताया कि संभल शहर में सबसे ज्यादा लाइनलॉस इन्हीं इलाके में होता है।

हर महीने करोड़ों रुपए की बिजली चोरी की जाती है। बिजली विभाग की टीम प्रभावी तरीके से कार्रवाई नहीं कर पाती है। इसलिए यह कार्रवाई शनिवार की सुबह से शुरू कराई गई है। बताया कि अतिक्रमण भी हटवाया जा रहा है।

### पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी वर्ष

**लखनऊ, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।** सिख धर्म के नवम गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी का 350वां वर्ष पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। एक वर्ष तक चलने वाले इस आयोजन का शुभारंभ 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के विशेष अवसर पर लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास से होगा, जिसका प्रदेश के सभी गुरुद्वारों में सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। इसका समापन अवसर पर अगले वर्ष भव्य समारोह के साथ होगा।

शनिवार को एक विशेष बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहाकि देश व धर्म की स्थापना के लिए सिख गुरुओं का बलिदान अनुकरणीय है, इसलिए सिख गुरुओं के त्योहारों को पूरे प्रदेश में परंपरागत तौर पर उल्लास के साथ मनाया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आगामी सत्र से सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान की अमर गाथा को स्कूली पाठ्यक्रमों का हिस्सा बनाया जाएगा। यही नहीं, मुख्यमंत्री के निर्देश पर गुरु तेग बहादुर के जीवनवृत्त पर आधारित पुस्तक भी तैयार की जाएगी। इस विशेष अवसर पर 11000 सहज पाठ का महायज्ञ भी किया जाएगा।

## सीएम योगी ने वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम-2024 को संबोधित किया

# मार्च 2025 में 32 लाख करोड़ की इकॉनमी बनेगा यूपी

**मुंबई, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम-2024 में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 के बाद यूपी में आए समृद्धि की चर्चा की तो अन्य सरकारों की गलत नीतियों को भी आड़े हाथ लिया। सीएम ने महाकुंभ-2025 में सभी को आमंत्रित करते हुए कहा कि यह आस्था और आधुनिकता का प्रतिमान स्थापित करेगा। 40 करोड़ श्रद्धालु यहां आएंगे, इसके माध्यम से भी यूपी की ग्रोथ स्टोरी सुनने को मिलेगी। सीएम ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जिस यूपी की जीडीपी 2012 से 2017 तक महज साढ़े 12 से 13 लाख करोड़ की इकॉनमी थी, मार्च 2025 में यूपी 32 लाख करोड़ की इकॉनमी बनेगा।





सीएम ने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम 2007 में यूपी आए थे। उन्होंने अपनी पुस्तक ऐन आउटसाइड व्यू: व्हाई गुड इकोनॉमिक्स वर्क फॉर इवरीवन के लोकार्पण में कहा था कि भारत कभी भी धनी देश नहीं रहा। देश में सदा गरीबी थी और आज भी है। भारत में घी-दूध की नदियां और उसके सोने की चिड़िया होने के मिथक पर आधारित पुस्तकों को जला देने की आवश्यकता है। ऐसे नियंताओं से क्या उम्मीद हैं। यह राम, श्रीकृष्ण को मिथक और भारत की विरासत को अपमानित करते हैं। सीएम योगी ने कांग्रेस नेतृत्व में विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि इन लोगों ने राज्यसभा के सभापति उप राष्ट्रपति के खिलाफ नोटिस दी है। यह लोग सच बोलने वाले को महाभियोग का धौंस देकर उसके मुंह को बंद करने का प्रयास करेंगे, फिर भी संविधान की दुहाई देंगे। यह इनका दोहरा चरित्र है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति ने समान नागरिक संहिता की बात कही। दुनिया में बहुसंख्यक समाज की भावना का सम्मान हर हाल में होता है। भारत में बहुसंख्यक समाज के हितों की चर्चा हुई, किसी ने सच्चाई बोली तो कौन सा अपराध हुआ। राज्यसभा में इन लोगों ने माननीय न्यायमूर्ति के खिलाफ महाभियोग की नोटिस दी है। यह खुद को लोकतांत्रिक कहते हैं। संविधान की पुस्तक साथ लेकर चलते हैं, लेकिन इन्हें शर्म नहीं है। यह संविधान का गला घोंटने वाले लोग हैं।

सीएम योगी ने कहा कि देश में हर हाल में समान नागरिक कानून होना चाहिए। दुनिया में बहुसंख्यक समाज जो कहता है, व्यवस्था वैसे संचालित होती है। भारत कह रहा है कि अल्पसंख्यक व बहुसंख्यक का भेद समाप्त होना चाहिए। बहुसंख्यक समाज कह रहा है कि अल्पसंख्यक व बहुसंख्यक का भेद समाप्त होना चाहिए, लेकिन यह लोग धौंस दे रहे हैं। यह लोग संविधान का गला घोंटकर जबरन अपने दम पर देश की व्यवस्था चलाना चाहते हैं। देश तमाशा देख रहा है। इन्हें एक्सपोज किए जाने की आवश्यकता है। अपनी दबंगई से सच को दबाने की कोशिश करते हैं। कांग्रेसियों पर बरसते हुए योगी ने कहा कि भारत को नकारने वाले ऐसे लोग यहां की संस्कृति-सभ्यता, भाषा, परंपरा, मातृशक्ति, भारत से जुड़ी चीजों और गौरव को कमतर करने का प्रयास करते हैं। जब यह लोग रहेंगे तो ऐसी स्थिति होती रहेगी। सीएम ने कहा कि रामायण-महाभारत की चर्चा की। उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यास आरएसएस या भाजपा से नहीं जुड़े थे, लेकिन अत्यंत ज्ञानी राहुल गांधी जैसे विद्वान यह भी कह देंगे कि वेदव्यास संघ की शाखा में गए होंगे।

सीएम योगी ने कहा कि उपराष्ट्रपति अपनी योग्यता व क्षमता के बल पर संवैधानिक मर्यादा का पालन करते हुए उच्च सदन का संचालन कर रहे हैं। विरोधी चाहते हैं कि वे कर्तव्यों का निर्वहन न कर सकें। उन्हें तकलीफ है कि किसान का पुत्र कैसे वहां तक चला गया, क्योंकि कभी यह परिवार विशेष की बपौती हुआ करती थी। न्यायमूर्ति नागरिक के रूप में दुनिया की सच्चाई को सांस्कृतिक-सामाजिक संगठन के माध्यम से रखते हैं तो उनको धौंस दी जाती है।

सच को दबाने वाले लोगों को समाज को नंगा करना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का शांतिपूर्ण समाधान निकालने वाले सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायमूर्तियों के प्रति टिप्पणी भी कांग्रेस के मंच से निकली थी। यह लोग डराते थे कि अयोध्या में फैसला हुआ तो खून की नदियां बहेंगी, मैंने कहा कि मच्छर नहीं मरेगा तुम दंगे-फसाद की बात करते हो।

सीएम योगी ने कहा कि विरासत व विकास का समन्वय कैसे आगे बढ़ सकता है। यह उत्तर प्रदेश ने करके दिखाया। 2014 के पहले काशी में वर्ष में 50 लाख पर्यटक आ पाते थे और इस वर्ष 16 करोड़ पर्यटक आए हैं। इससे वहां की इकॉनमी पर पड़ा असर किसी से छिपा नहीं है। होटल, ई-रिक्शा, टैक्सी चालक, बाजार, नाविक सभी तरक्की कर रहे हैं। ऑफ सीजन में प्रतिदिन एक से डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। अयोध्या में वर्ष भर में कभी 20-25 श्रद्धालु आते थे, अब 12 करोड़ और भविष्य में 16 करोड़ श्रद्धालु आएंगे। मथुरा-वृंदावन की भी यही स्थिति है। 2023 में यूपी में 62 करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे, पहले यह संख्या किसी तरह पूरे वर्ष में एक-डेढ़ करोड़ होती थी। इससे यूपी की अर्थव्यवस्था पर अनुकूल असर पड़ा।

सीएम योगी ने कहा कि यूपी की पहचान बदलने के लिए हमें रिफॉर्म करने पड़े। हमने हर सेक्टर में कार्य प्रारंभ किया। जब हम आए थे तो यूपी दसवीं अर्थव्यवस्था थी। अब यह देश की जीडीपी में 9.2 फीसदी हिस्सेदारी दे रहा है। हमने यूपी के 75 में से 57 जनपदों के यूनिक प्रोडक्ट को पहचान दी।पिछली सरकार खुद को समाजवादी कहती थी, लेकिन बर्मिंघम की बग्घी में बैठकर गौरवन्वित होती थी। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो भारत की प्रति व्यक्ति आय एक तिहाई इनकम यूपी की रह गई थी। आज यूपी सिर्फ एमएसएमई से ही दो लाख करोड़ का एक्सपोर्ट हो रहा है। यूपी आज भारत की ग्रोथ इंजन बनने की दिशा में तेजी से बढ़ा है।

## सड़क हादसे में जख्मी युवक को विधायक ने पहुंचाया अस्पताल

# घायल को स्ट्रेचर पर लाद कर खुद ले गए



**एटा, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।** एटा में इन दिनों भाजपा के सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड चर्चाओं में हैं। दो दिन पहले जहां रोडवेज बस को धक्का लगाते हुए वीडियो वायरल हुआ था। अब एक घायल को अस्पताल में पहुंचाकर फिर सुर्खियों में आ गए हैं। सदर विधायक बृहस्पतिवार की रात एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। तभी उनकी नजर रेलवे रोड पर एक घायल युवक पर पड़ी जो सड़क पर खून में लथपथ पड़ा हुआ था।

जिसके हाथ-पैरों में गंभीर चोटें लगी हुईं थीं। विधायक ने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और स्थानीय लोगों की मदद से युवक को मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। इस दौरान खुद ही उसे स्ट्रेचर पर ले गए। घायल युवक की पहचान मुन्नू सोलंकी के बेटे के रूप में हुई जो पोस्ट ऑफिस में कार्यरत है।

विधायक ने बताया कि शादी समारोह से लौटते समय मैंने सड़क पर युवक को खून में लथपथ पड़ा देखा मौके पर पहले से मौजूद दो-तीन लोग एंबुलेंस का इंतजार कर रहे थे। युवक की हालत बहुत गंभीर थी मैंने अपनी गाड़ी में उसे बैठाया और अस्प-ताल पहुंचाया। मेडिकल कॉलेज में डॉ. ने युवक का तत्काल इलाज शुरू कर दिया, जिससे उसकी जान बच गई। युवक की हालत अब खतरे से बाहर है।

# महाकुंभ 2025 : श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े का महाकुंभ नगर में हुआ भव्य प्रवेश







### अनुगामी बनकर किन्नर अखाड़े ने भी छावनी में किया प्रवेश

**महाकुंभ नगर, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।** प्रयागराज में जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में जन आस्था के सबसे बड़े आकर्षण 13 अखाड़ों का महाकुंभ नगर में प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में शनिवार को महाकुंभ 2025 के लिए श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े ने पूरी भव्यता और राजसी अंदाज के साथ महाकुंभ नगर में प्रवेश किया। जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े ने भी अनुगामी बनकर अपनी छावनी में प्रवेश किया।

त्रिवेणी के तट पर लगने जा रहे आस्था के महा समागम महाकुंभ में शामिल होने के लिए अखाड़ों का महाकुंभ नगर में प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार को श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े ने अपने आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी की अगुवाई में अपनी छावनी में प्रवेश किया।

जूना अखाड़े के श्री मौज गिरी आश्रम से शुरू हुई जूना का यह छावनी प्रवेश महा कुंभ नगर के सेक्टर 20 में समाप्त हुआ। जूना अखाड़े के राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी का कहना है कि इस प्रवेश यात्रा में आचार्य महा मंडलेश्वर सहित 65 महा मंडलेश्वरों ने हिस्सा लिया। सौ से अधिक शाही बग्घियों में सवार होकर 8 हजार से अधिक साधु संत छावनी पहुंचे।

अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी का कहना है कि दुनिया भर के करोड़ों लोगों की नजरें हमारे सनातन संस्कृति के कालजयी पर्व पर हैं।

हमारे अखाड़े का छावनी प्रवेश में पहला दिन होगा जिसके बाद अखाड़े के सभी पूजा अनुष्ठान छावनी में स्थापित देवता के समक्ष होंगे। श्री पंच दशनाम अखाड़े के साथ उसका अनुगामी बनकर किन्नर अखाड़े ने भी अपनी प्रवेश यात्रा निकाली। किन्नर अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में यह प्रवेश यात्रा निकाली गई जिसमें किन्नर अखाड़े के सैकड़ों सदस्यों ने हिस्सा लिया। भव्य राजसी सिंहासनों में सवार होकर किन्नर अखाड़े की सवारी निकली।

श्री पंच दशनाम अखाड़े के छावनी प्रवेश मार्ग में योगी सरकार की तरफ से विशेष व्यवस्था की गई थी। सम्पूर्ण मार्ग पहली बार अखाड़ों के जुलूस के ऊपर से गुजरने वाले बिजली के तारों से मुक्त कर दिया गया। इसके अलावा मार्ग से बिजली के पोल हटाकर अंडर ग्राउंड केबल बिछाई गई।

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि छावनी प्रवेश के सभी मार्गों से बिजली के पोल हटा दिए गए हैं। अंडर ग्राउंड केबल से बिजली आपूर्ति की जा रही है। लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से मेला क्षेत्र में प्रमुख प्रवेश मार्गों पर रोड क्रॉसिंग तारों को केबल में बदला गया है। इससे अखाड़ों के संतों के जुलूस निर्बाध रूप से शहर से छावनी में प्रवेश कर सकेंगे। चौड़ी और विस्तारित सड़कों के निर्माण से मार्ग में जाम की समस्या से पूरी तरह निजात मिल गया। स्पेन से आई जूना अखाड़े की अवधूत संत अंजना गिरी बताती हैं कि वह 30 बरस से हर कुंभ और महाकुंभ आ रही हैं लेकिन महाकुंभ में इतनी स्वच्छता और इतनी भव्यता कभी नहीं दिखी।

# भूख क्यों महसूस होती है?

**कुछ** लोग सोचते हैं कि खाली पेट होने पर भूख महसूस होती है, पर यह सही नहीं है। भूख का खाली पेट से कोई लेना-देना नहीं है। जैसे यदि किसी व्यक्ति को बुखार हो, तो हो सकता है कि उसका पेट खाली हो, पर उसे भूख महसूस नहीं होती है।

प्रकृति ने संतुलन बनाए रखने के लिए शरीर के लिए नियमित आहार तय किया हुआ है। दरअसल, रोजमर्रा के काम करने के कारण खून में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, जिससे भूख महसूस होती है। यही कारण है कि एक बीमार व्यक्ति, जो अधिकतर समय आराम करता है, कम एनर्जी का इस्तेमाल करता है, उसे कई दिन तक भूख महसूस नहीं होती है।

कभी-कभी जब हम समय पर खाना नहीं खाते हैं, तब मस्तिष्क में उपस्थित भूख-केंद्र सक्रिय हो जाता है, जिससे पेट व आंत एक साथ क्रियाशील हो जाती हैं और हमें भूख का अनुभव होने लगता है। यही कारण है कि जब आप भूखे होते हैं, तो आपके पेट से गड़गड़ाहट की आवाज सुनाई देती है।

जब हमें भूख लगी होती है, तो हमें किसी खास तरह के खाने की इच्छा नहीं होती। भूखा व्यक्ति किसी भी तरह का खाना खा सकता है। जब कुछ खास खाने की इच्छा हो, उसे भूख लगना नहीं कहा जाता। भोजन के मुख्य तत्व हैं: प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स, फैट्स, मिनरल्स, विटामिंस और पानी। शरीर के विकास और इसे स्वस्थ रखने में सभी तत्वों की अपनी विशेष भूमिका है।

शरीर के विकास और मांसपेशियों व टिश्यूज की मुरम्मत के लिए प्रोटीन, एनर्जी के लिए कार्बोहाइड्रेट्स व फैट्स, हड्डियों और टिश्यूज के निर्माण के लिए मिनरल्स, शरीर को बीमारियों से बचाने के लिए विटामिंस की जरूरत होती है। पानी सैल्स का मुख्य हिस्सा है। यह पोषक तत्वों और ऑक्सीजन को शरीर के विभिन्न हिस्सों तक ले जाता है।

# कुदरत के अजूबे

कुदरत ने धरती पर अपनी खूबसूरती की छटा कई रंगों में बिखेरी है। कहीं पहाड़ हैं तो कहीं झरने, कहीं रेत है तो कहीं हरियाली। इंसानी दिमाग ने चाहे कई सुंदर स्थलों का निर्माण किया है, पर कुदरत के बनाए अजूबों का कहीं कोई मुकाबला नहीं है...



### नरक का दरवाजा

दरवाजा के आसपास के कस्बों के स्थानीय लोग इसे 'नरक का दरवाजा' कहते हैं। तुर्कमेनिस्तान में यह एक 70 मीटर चौड़ा क्रेटर है, जो गत 40 सालों से लगातार जल रहा है। 1971 में गैस की खोज करने के लिए भू वैज्ञानिकों ने खुदाई के दौरान एक विशाल भूमिगत गुफा की खोज की। इसके कारण इसके ऊपर की जमीन ढह गई और इसके साथ ही उनके सारे उपकरण और कैंप भी इसकी भेंट चढ़ गया। चूंकि गुफा में जहरीली गैसें भरी हुई थीं, वैज्ञानिकों ने नीचे जाकर अपने उपकरण लेने की हिम्मत नहीं की। उनका अनुमान था कि कुछ दिनों में ये गैसें जल जाएंगी, लेकिन दुर्भाग्यवश उनका अनुमान गलत निकला और यह क्रेटर आज भी आग उगल रहा है।

### माउंट रोरैमा

माउंट रोरैमा एक खूबसूरत स्थल है। यह 400 मीटर ऊंचा पहाड़ है, जिसकी चोटी समतल है पर इसके सभी ओर ऊंची सीधी खड़ी चट्टानें हैं। सिर्फ वेनेजुएला की ओर से ही इस पर चढ़ने के लिए कुदरती सीढ़ियों जैसा रैम्प है। अन्य किसी भी ओर से केवल वही व्यक्ति इस पर चढ़ाई कर सकते हैं, जिन्हें चट्टानों पर चढ़ने का अनुभव प्राप्त हो। इस पहाड़ की चोटी पर आमतौर पर रोजाना बारिश होती है, जो पौधों के लिए जरूरी अधिकतर खनिजों को बहा देती है। इससे इस सैंडस्टोन सतह पर एक अद्‌भुत लैंडस्केप बन जाता है। यहां दुनिया के कुछ सबसे ऊंचे वाटर फॉल्स भी हैं। पहाड़ के केवल कुछ ही हिस्से पर खेती की जा सकती है। यहां कार्निवर्स पिचर प्लांट समेत कई पौधों की प्रजातियां पाई जाती हैं।

### द ग्रेट ड्यून ऑफ पायला

चूंकि यूरोप में कोई रेगिस्तान नहीं है, इसलिए आप सोच रहे होंगे कि यूरोप का सबसे बड़ा सैंड ड्यून बहुत इम्प्रैसिव नहीं होगा, पर ऐसा नहीं है। द ग्रेड ड्यून ऑफ पायला तीन किलोमीटर लंबा, 500 मीटर चौड़ा और 100 मीटर ऊंचा है। हैरानी की एक बात यह भी है कि यह एक जंगल में है। इसका जो हिस्सा जंगल की ओर है वो बेहद स्टीप है और पैराग्लाइडिंग साइट के तौर पर बहुत प्रसिद्ध है। जब आप इसके शिखर पर पहुंच जाते हैं तो आपको समुद्र और जंगल का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। यह ड्यून इसके ईर्दगिर्द के किसी भी पेड़ के मुकाबले काफी ऊंचा है।

### सोकोट्रा आईलैंड

सोकोट्रा को पृथ्वी का एक ऐसा स्थान माना जाता है, जो देखने में इसका हिस्सा नहीं लगता, यानी दूसरे ग्रह का भाग लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह हिस्सा बहुत ही अलग-थलग है और यहां पर्यावरण बहुत शुष्क और कठोर है। यही कारण है कि यहां जो पौधे पाए जाते हैं उनमें से एक-तिहाई पृत्वी के किसी दूसरे हिस्से में नहीं उगते। यहां 'ड्रैगंस ब्लड' ट्री काफी प्रसिद्ध है। यह छाते के आकार का पेड़ है, जो लाल रंग का रस पैदा करता है। यहां कई तरह के पक्षी, मकड़ियां और दूसरे जानवर पाए जाते हैं। यहां कोरल रीफ पर कुछ ऐसी प्रजातियां पाई जाती हैं, जो दुनिया के किसी अन्य हिस्से में नहीं होतीं। सोकोट्रा को अरब महासागर में सबसे ज्यादा जैविकवैविध्य वाला स्थान माना जाता है। यह वर्ल्ड हैरिटेज साइट भी है।

### डॉन जुआन पोंड

40 फीसदी से ज्यादा खारेपन के साथ डॉन जुआन पोंड दुनिया का सबसे अधिक खारे पानी वाला तालाब है। इसका नाम उन दो पायलटों लेफ्टिनेंट डॉन रॉ और लेफ्टिनेंट जॉन हिक्की के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने 1961 में सबसे पहली बार इसकी खोज की थी। यह एक छोटी-सी झील है, जो सिर्फ 100 मीटर लंबी, 300 मीटर चौड़ी और औसतन 0.1 मीटर गहरी है। यह पानी इतना ज्यादा खारा है कि अंटार्कटिक जहां तालाब का तापमान माइनस 30 डिग्री सैल्सियस के आसपास रहता है, यह कभी जमता नहीं है। यह पानी समुद्र के पानी से 18 गुणा और डैड सी के मुकाबले 8 गुना अधिक खारा है।

### इग्वाजु फॉल्स

इग्वाजु फॉल्स अपने आप में प्रकृति का एक चमत्कार-सा है। यह झरना इग्वाजु नदी के माध्यम से ऊपरी और निचले इग्वाजु को अलग करता है। नदी ज्यादातर ब्राजील में बहती है और अंत में अर्जेंटीना और ब्राजील की सीमा पर खत्म हो जाती है। इग्वाजु की तुलना अकसर दक्षिण अफ्रीका के विटोरिया फॉल्स से की जाती है, जो जाम्बिया और जिम्बाबवे को अलग करता है। टुकड़ों में गिरते इस झरने में 2.7 किमी. तक छोटे-मोटे करीब 275 झरने हैं। इनमें से अधिकतर 60 से 82 मीटर की ऊंचाई से गिरते हैं। नदी का करीब आधा फ्लो लंबे व संकरीले चश्मा में गिरता है, जिसे 'डेविल्स थ्रोट' कहते हैं। यह यू आकार का चश्मा 82 मीटर ऊंचा, 150 मीटर चौड़ा और 700 मीटर लंबा है। ब्राजील और अर्जेंटीना की सीमा 'डेविल्स थ्रोट' में से ही गुजरती है।

### ऊलूरू

ऊलूरू ऑस्ट्रेलिया की एक वर्ल्ड हैरिटेज साइट है, जो अपनी विशाल सैंडस्टोन चट्टानों के लिए प्रसिद्ध है। ऊलुरू को 'आयेर्स रॉक' भी कहते हैं। यह चट्टान दिन के विभिन्न समयों में रंग बदलने के लिए प्रसिद्ध है। सूर्योदय और सूर्यास्त के समय इसका रंग चटख लाल हो जाता है। वर्षा के दिनों में इस चट्टान का रंग सिल्वर ग्रे हो जाता है जिस पर एल्गी की काली धारियां दिखाई देती हैं, हालांकि यहां बारिश बहुत कम होती है। यहां गर्मियों में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री सैल्सियस और सर्दियों में न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री सैल्सियस रहता है। यहां दुनिया का सबसे बड़ा पत्थर का खंभा है, जो सैलानियों को हैरत में डाल देता है। अनेक सैलानी यहां के आदिवासियों की जादुई बोली और आध्यात्मिक माहौल के कारण आते हैं।

## जानें यह भी

# तोतों को नाचना आता है

**घर** के सामने वाली गली से गुजरते हुए अगर किसी बैंड पर कोई अच्छा गाना बज रहा है तो पैर थिरकना स्वभाविक है। विज्ञान बताता है कि बीट्स पर मनुष्य ही नहीं बल्कि परिंदे भी नाचने लगते हैं। हार्वर्ड विश्वविश्द्यालय में शोध करने वाले स्केकनर और उनके सहयोगी ने यह बात एलेक्स नाम के एक अफ्रीकन तोते में देखी। उन्होंने स्नोबॉल नाम के तोते की भी इस आदत पर गौर किया। स्नोबॉल तो डांस करने में इतना माहिर निकला कि यू-ट्यूब पर उसके डांस के वीडियो लाखो लोगों ने पसंद किए। किसी फिल्मी सितारे की तरह स्नोबॉल का डांस लोगों के लिए आकर्षण बना हुआ है। आप भी यू-ट्यूब पर 'स्नोबॉल-द-डांसिंग कॉकटू' सर्च से यह क्लिप देख सकते हैं। वीडियो में आप स्नोबॉल को पहले बीट्स पर पैर उठाते हुए और फिर शरीर लहराते हुए देख सकते हैं। शोध करने वालों ने जो बात नोट की वह यह कि ये दोनों पंछी किसी की भी आवाज की नकल करने में माहिर हैं और इसलिए वे इतना अच्छा डांस कर पाते हैं। यह वैसा ही है जैसे किसी अच्छे गाने के बजने पर पहले हम गाना गुनगुनाने लगते हैं और फिर हमारे हाथ-पैर चलने लगते हैं। स्केकनर और उनकी सहयोगी ने अध्ययन करते हुए यह भी पाया कि तोतों की 14 प्रजातियों में डांस करने की आदत होती है। दूसरे पंछियों पर इसी तरह का अध्ययन अभी चल भी रहा है। पर इतना तो तय है कि तोतों को नाचना खूब आता है।



# बोल री कठपुतली...

**आपने** कठपुतली का आकर्षक एवं मनोरंजनक नाच जरूर देखा होगा। बेजान होने के बावजूद भी ये कठपुतलियां जब अपनी पूरी साज-सज्जा के साथ मंच पर उपस्थित होती हैं, तो दर्शक पूरी तरह उनके साथ बंध जाते हैं। कहानी 'सिंहासन बत्तीसी' में भी विक्रमादित्य के सिंहासन की बत्तीस पुतलियों का उल्लेख है।

कठपुतली की सबसे खास बात यह है कि इसमें लेखन कला, नाट्य कला, चित्रकला, मूर्तिकला, काष्ठकला, वस्त्र निर्माण कला, रूप सज्जा, संगीत, नृत्य जैसी कई कलाओं का इस्तेमाल होता है। पुतलीकार संगीत, गीत, तथा कथाओं का उपयोग करके पुतली-चरित्रों को जीवंत बना देते हैं।

**परंपरा:** हमारे देश में तो यह कला लगभग दो हजार साल पुरानी है। छाया-पुतलियां यहीं से सुदूर-पूर्व खासकर इंडोनेशिया में गई, जहां उन्हें वायांग, 'कुलित' कहा जाता है, जिसकी कथाएं रामायण और महाभारत पर आधारित होती हैं। रामायण का एक अन्य रूप थाईलैंड में 'नांग योई' के नाम से प्रचलित है। दक्षिण भारतीय राज्यों में पुतली खेल को 'बोम्मालअट्टम' कहा जाता है, जबकि उत्तर भारत में यह कठपुतली के नाम से प्रसिद्ध है।

राजस्थान की कठपुतलियां काफी प्रसिद्ध हैं। यहां धागे से बांधकर कठपुतलियां नचाई जाती हैं। लकड़ी और कपड़े से बनीं और मध्यकालीन राजस्थानी पोशाक पहने इन कठपुतलियों द्वारा इतिहास के प्रेम प्रसंग दर्शाए जाते हैं। पहले अमर सिंह राठौड़, पृथ्वीराज, हीर-रांझा, लैला-मजनूं और शीरी-फरहाद की कथाएं ही कठपुतली खेल में दिखाई जाती थीं, लेकिन अब महिला शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, परिवार नियोजन के साथ-साथ हास्य-व्यंग्य, ज्ञानवर्द्धक व अन्य मनोरंजक कार्यक्रम दिखाए जाने लगे हैं। परंपरागत कठपुतली नर्तक जगह-जगह घूमते हुए लोगों का मनोरंजन करते थे। लेकिन अब यह खेल सड़कों, गली-कूचों में न होकर फ्लड लाइट्स की चकाचौंध में बड़े-बड़े मंचों पर होने लगा है। कठपुतलियां कई तरह की होती हैं ।

**छाया पुतलियां:** यह बकरे या भैंसे के चमड़े से कुशल कारीगरों द्वारा बनाई गई द्विभागीय चपटी आकृत्तियां होती हैं। इनके पीछे तेज रोशनी द्वारा इनकी छाया को अर्द्धपारदर्शी पर्दे पर दिखाया जाता है।

**बनराकु पुतली:** यह एक तरह से लकड़ी पर नक्काशी से बनाई जाती है। जिसे टॉर्च की रोशनी से चमकाया जाता है। हजारों साल पहले इस कला को जापान में विकसित किया गया था। इसमें पारम्परिक तौर पर तीन कठपुतलियों का समन्वय होता है।

**हाथ या दस्ताना पुतली:** यह सबसे सरल मानी जाने वाली कठपुतली है। इसे पुतली कलाकार हाथ से चलाता है। जुराब कठपुतली भी इसी की किस्म है। अमेरिका में जिम हेंसन की 'कर्मिट द फ्रॉग' तथा 'मिस पिगी' जैसी दस्ताना पुतलियां स्कूली बच्चों को पाठ सिखाने का अभिन्न अंग बन चुकी हैं। उनका टी.वी. शो 'सेसेमी स्ट्रीट' काफी लोकप्रिय है। 'पंच और जूड़ी' भी इसके उदाहरण है।

**मैरियोनेत या डोर पुतली:** इसमें पुतली की गर्दन को भी हिलाया जाता है। इसे डोरी या तार की मदद से चलाया जाता है।

**छठ पुतली:** इसके कई छड़ों या डंडियों की मदद से चलाया जाता है।

**जल पुतली:** यह वियतनाम की अनोखी शिष्ठता है जिसमें पुतलियां सीने तक पानी में खड़ी होकर खेल करती हैं।

**कारनीवॉल पुतली:** ये आकार में बहुत बड़ी होती हैं और इन्हें चलाने में एक से अधिक लोगों की जरूरत पड़ती है। आमतौर पर परेड में इनका इस्तेमाल किया जाता है।

**वेनट्रीलोक्विस्ट डम्मी:** इसमें कलाकार पुतली के साथ ही प्रस्तुति देता है, क्योंकि डम्मी बोल नहीं सकती, वह केवल कलाकार के बोलों को अपने भावों से प्रदर्शित करती है, जिससे लगता है कि वह स्वयं ही बोल रही हो।



## जिज्ञासा

# खतरे के लिए लाल बत्ती का उपयोग ही क्यों?

**बच्चो,** आपने देखा होगा कि चौक पर लाल रंग की बत्ती जलने पर सभी रुक जाते हैं। यह भी जरूर देखा होगा कि सभी गाड़ियों की ब्रेक लगने पर लाल रंग की बत्ती ही जलती है। इसे खतरे का संके माना जात है। पर क्या आपको पता है, खतरे का संकेत देने के लिए लाल बत्ती का ही उपयोग क्यों किया जाता है?

यह असल में टिंडल प्रभाव पर आधारित है। लाल रोशनी हवा में मौजूद कणकीय सामग्री द्वारा सबसे कम छितराई जाती है। इसलिए धूल, धुंध, बारिश आदि में भी लाल रोशनी अधिक आसानी से दिखाई देती है और लोगों को खतरे की सूचना मिलती रहती है। इसी कारण यातायात बत्तियों में भी रुकने के संकेत के लिए लाल बत्ती का उपयोग किया जाता है, ताकि उसका उल्लंघन करने पर जब पुलिस कर्मी आपको घेरे, तो आप यह न कह सकें कि वह बत्ती दिर्खा ही नहीं दी! इसी तरह उषा काल में आकाश में गुलाल घुलता दिखाई देता है, यानी सूर्योदय या सूर्यास्त के समय आसमान लाल दिखाई देता है। होता यह है कि सूर्योदय या सूर्यास्त के समय प्रकाश हमारी आंखों तक हवा में अधिक लंबी दूरी तय करके आता है। इस यात्रा में उसका नीला अंश तो छितार दिया जाता है, जबकि लाल अंश आगे बढ़ता रहता है। इसलिए आसमान लाल दिखाई देता है।



# खरगोश की समझदारी

## बाल कहानी...

**एक** दिन खरगोश जंगल की सैर कर रहा था, तभी उसकी नजर हाथी पर पड़ी। हाथी को देखकर खरगोश ने कहा, 'दोस्त, कैसे हो?' अपने पांव के पास छोटे-से जानवर को देख हाथी बड़ी रुखाई से बोला, 'अपनी औकात में रहो।'



हाथी की बात सुनकर खरगोश को बहुत दुख हुआ। वह समझ नहीं पाया कि हाथी को क्या जवाब दे। इसलिए वह चुपचाप चला गया। आगे जाने पर उसने समुद्र में एक बहुत बड़ी व्हेल देखी। उसने पूरा जोर लगाकर अवाज दी, 'व्हेल दीदी, यहां आओ।'

आवाज सुनकर व्हेल समुद्र की सतह पर आई, पर उसे कोई दिखाई नहीं दिया। कुछ देर बाद उसकी नजर खरगोश पर पड़ी, जो चट्टान पर उछल-कूद कर रहा था। व्हेल ने गुस्से में कहा, 'तुम जैसा छोटा जानवर मुझे आवाज लगाने की हिम्मत भी कैसे कर सकता है?' तभी खरगोश को एक विचार आया।

खरगोश ने व्हेल को दोबारा आवाज दी और कहा, 'रस्साकशी में तुम मेरा मुकाबला नहीं कर सकती।' व्हेल ने खरगोश को घूरकर देखा और हंसती हुई बोली, 'जाओ और जाकर एक रस्सी लेकर आओ। तब हम देखेंगे कि कौन शक्तिशाली है।'

खरगोश ने पेड़ से मज़बूत व मोटी रस्सी तोड़ी और हाथी के पास जाकर बोला, 'हाथी भाई, मैं आपको साबित कर दूंगा कि ताकत के मामले में मैं आपसे कम नहीं हूं।'

हाथी मुस्कुराते हुए बोला, 'छोटू मियां, तुम यह साबित कैसे करोगे?'

खरगोश ने जवाब दिया, 'रस्साकशी के खेल में तुम्हें हरा कर।'

हाथी ने अपनी मोटी कमर पर रस्सी बांध ली। रस्सी का दूसरा सिरा पकड़ जंगल की ओर भागते हुए खरगोश बोला, 'जब मैं तुम्हें रस्सी खींचने को कहूं, तब तुम अपना पूरा जोर लगा देना।'



समुद्र के किनारे पहुंच उसने व्हेल को रस्सी का सिरा अपनी पूंछ से बांधने को कहा। व्हेल ने खरगोश की बात मान रस्सी को कस कर बांध लिया। खरगोश जंगल में चला गया और झाड़ियों के पीछे छिप कर जोर से चिल्लाया, 'खींचो।'

जल्दी ही हाथी की मुस्कान फीकी पड़ गई। उसने खुद से कहा, 'खरगोश तो मेरी कल्पना से ज्यादा ताकतवर है।' इस बीच व्हेल की सांस भी उखड़ने लगी। उसने रस्सी को अपनी ओर खींचने में पूरी ताकत झोंक दी, तभी जोरदार आवाज के साथ रस्सी दो हिस्सों में टूट गई। रस्सी टूटने पर हाथी का सिर चट्टान से टकरा गया। व्हेल भी घायल हो गई।

खरगोश ने इस बात का जिक्र किसी से भी नहीं किया। हाथी और व्हेल कभी यह जान नहीं पाए कि खरगोश ने कैसे उन्हें मात दे दी। उस दिन के बाद अब जब भी वे खरगोश से मिलते हैं, तो उसे बहुत इज्जत और प्यार देते हैं।



# बायरू होंगे फ्रांस के नए पीएम, राष्ट्रपति ने नई सरकार बनाने का जिम्मा सौंपा

पेरिस, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।

**फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फ्रांस्वा बायरू को पीएम के रूप में नामित किया है। वे तीन महीने में फ्रांस के दूसरे पीएम होंगे।**

फ्रांस के दक्षिणपंथी और वामपंथी सांसदों ने पिछले सप्ताह अविश्वास प्रस्ताव पर एक साथ मिलकर मतदान किया था, जिसके बाद पीएम माइकल बार्नियर और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों को इस्तीफा देना पड़ा था।

मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन में महत्वपूर्ण साझेदार बायरू दशकों से फ्रांसीसी राजनीति में एक अहम स्थान रखते हैं। उनके राजनीतिक अनुभव को देश में स्थिरता बहाल करने के प्रयासों के लिए जाना जाता है, क्योंकि नेशनल असेंबली में किसी भी एक पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। मैक्रों ने पिछले सप्ताह अपने कार्यकाल 2027 तक पद पर बने रहने का संकल्प जताया था। मैक्रों के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि बायरू को नई सरकार बनाने का जिम्मा सौंपा गया है।

उम्मीद है कि बायरू आने वाले दिनों में नए मंत्रियों के चयन के लिए कई दलों के नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। यह कार्य चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन के पास संसद में बहुमत नहीं है और बायरू के मंत्रिमंडल को सत्ता में बने रहने के लिए वामपंथी और दक्षिणपंथी दोनों पक्ष के उदारवादी सांसदों पर निर्भर रहना होगा। कुछ रूढ़िवादियों के नई सरकार का हिस्सा बनने की उम्मीद है। बायरू को हाल में यूरोपीय संसद के धन के गबन के आरोप में बरी कर दिया गया था। बायरू फ्रांसीसी जनता के बीच तब लोकप्रिय हुए जब वह 1993 से 1997 तक सरकार में शिक्षा मंत्री थे। वह तीन बार 2002, 2007 और 2012 में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रहे थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति येओल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ आज नेशनल असेंबली में महाभियोग प्रस्ताव पारित हो गया। यह घोषणा नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वू वोन-शिक ने की। येओल को अब मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा पर महाभियोग का सामना करना पड़ेगा। विपक्ष के इस प्रस्ताव का सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के कुछ सांसदों ने भी समर्थन किया। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, आज राष्ट्रपति यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान हुआ। 300 सदस्यीय नेशनल असेंबली में महाभियोग के पक्ष में 204, विरोध में 85 सदस्यों ने मतदान किया। तीन सदस्य अनुपस्थित रहे। आठ मत अवैध घोषित कर दिए। दक्षिण कोरिया के संविधान विशेषज्ञों के अनुसार, महाभियोग प्रस्ताव पारित होने के साथ ही राष्ट्रपति के रूप में यून के कर्तव्य तत्काल प्रभाव से निलंबित हो गए। हालांकि प्रस्ताव को बरकरार रखने या अस्वीकार करने पर संवैधानिक न्यायालय का निर्णय लंबित है। प्रधानमंत्री हान डक-सू कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में काम करेंगे। कोरिया की मुख्य विपक्षी पार्टी ने राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ महाभियोग को लोगों की जीत बताया। डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोरिया के फ्लोर लीडर पार्क चान-डे ने मतदान के बाद कहा, आज का महाभियोग लोगों की बड़ी जीत है।

### बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बुद्धिजीवी योद्धाओं को मीरपुर स्मारक में दी गई श्रद्धांजलि



**ढाका।** बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद बुद्धिजीवियों को आज श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन, अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेताओं ने राजधानी ढाका के मीरपुर में शहीद बुद्धिजीवी स्मारक पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की।ढाका ट्रिब्यून के अनुसार आज सुबह सबसे पहले राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन और मुख्य सलाहकार प्रो. डॉ. मुहम्मद यूनुस शहीद बुद्धिजीवी स्मारक पहंचे और पुष्पचक्र अर्पित किया। इसके बाद बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर के नेतृत्व में नेता और कार्यकर्ता सुबह 9ः30 बजे स्मारक पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित की।समारोह में उपस्थित प्रमुख नेताओं में संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी, स्थायी समिति के सदस्य नजरुल इस्लाम खान और डॉ. मोइन खान, ढाका मेट्रोपॉलिटन नॉर्थ के संयोजक अमीनुल इस्लाम और ढाका मेट्रोपॉलिटन साउथ के संयोजक अब्दुस सलाम हैं ।

### श्रीलंका के डिप्टी स्पीकर डॉ. रिजवी ने सोशल मीडिया पर शेयर की अपनी शैक्षणिक योग्यता

**कोलंबो।** सत्तारूढ़ दल के कुछ नेताओं की योग्यता पर सवाल उठने के बाद डिप्टी स्पीकर डॉ. रिजवी सलीह ने आज सोशल मीडिया पर अपनी योग्यता साझा की। उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि उनका मानना है कि नेतृत्व में विश्वास और जवाबदेही बनाए रखना जरूरी है और इसी भावना से वह अपनी पेशेवर योग्यता खुलकर साझा कर रहे हैं। डॉ. सलीह ने कहा कि उनके पास पाकिस्तान के मुल्तान के निश्तार मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री है। लैरींगो में डिप्लोमा है। श्रीलंका मेडिकल काउंसिल में वह पंजीकृत हैं। 38 वर्ष से चिकित्सा व्यवसाय में हैं। उल्लेखनीय है कि स्पीकर अशोक रणवाला डॉक्टरेट की डिग्री पर उठे विवाद के बीच कल अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि वह अभी जापान के वासेदा विश्वविद्यालय से संबद्ध एक शोध संस्थान से प्रदान की गई डॉक्टरेट का दस्तावेज प्रदान करने में असमर्थ हैं।



# अमेरिका ने तोड़ी चुप्पी कहा-बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा दे यूनुस सरकार





न्यूयॉर्क, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।

कई महीनों से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हत्याएं की जा रहीं हैं,उनके घर जलाए जा रहे हैं। और अंतरिम यूनुस सरकार आंख बंद करके बैठी है। पूरी दुनिया में इसका विरोध हो रहा है। अब अमेरिका ने भी चुप्पी तोड़ दी है और साफ तौर से कहा कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को रोकना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने बयान देते हुए कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा, हम अंतरिम सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जो लोग इन समुदायों को निशाना बना रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करना अनिवार्य है।

इस बीच, भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने भी इस मुद्दे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। शिकागो, न्यूयॉर्क, ह्यूस्टन और अटलांटा सहित कई शहरों में प्रदर्शनकारियों ने हमें न्याय चाहिए और हिंदुओं की रक्षा करो जैसे नारे लगाए। उन्होंने बाइडन प्रशासन और संभावित ट्रंप सरकार से बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मुद्दे को लेकर मौजूदा बाइडन प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रंप ने सीनेटर मार्को रुबियो को अपने विदेश मंत्री के रूप में नामित करते हुए इस मुद्दे को प्राथमिकता देने की बात कही है। सीनेटर मार्को रुबियो ने इसे सीनेट की विदेश संबंधी समिति में उठाया, जिसके बाद व्हाइट हाउस ने अपने रुख को स्पष्ट किया। भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने भी इस मुद्दे को मजबूती से उठाया और बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की मांग की। विदेश मामलों के जानकार ब्रह्मा चेलानी ने कहा कि बांग्लादेश में अमेरिका समर्थित सरकार आने के बाद से स्थिति बिगड़ गई है। व्हाइट हाउस ने स्वीकार किया कि वहां सुरक्षा और कानून व्यवस्था चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। व्हाइट हाउस के बयान के बाद अब यह देखना अहम होगा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार इन चुनौतियों से कैसे निपटती है और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे हमलों को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

## ट्रंप की शपथ में शी जिनपिंग के शामिल होने को लेकर संशय बरकरार



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का शपथ समारोह 20 जनवरी को होना है। इसके लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को औपचारिक निमंत्रण भेजा है। हालांकि, ट्रंप के चीन को लेकर कड़े रुख और लगातार विवादित बयानबाजी के बीच इस निमंत्रण ने सभी को चौंका दिया है। चीनी सरकार ने अभी तक इस निमंत्रण को स्वीकार या अस्वीकार करने पर कोई स्पष्ट रुख नहीं दिखाया है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध और तकनीकी विवादों ने हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है। ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने से पहले ही चीन पर नए टैरिफ लागू करने की चेतावनी दी थी। वहीं, शी जिनपिंग ने भी कड़े शब्दों में जवाब देते हुए कहा कि ऐसे कदम दोनों देशों के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचाएंगे। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक, शी जिनपिंग ने इस निमंत्रण को विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने इस पर चुप्पी साध रखी है, लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि इस फैसले के पीछे रणनीतिक कारण हो सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप का चीन के प्रति रुख हमेशा अस्थिर रहा है। उन्होंने एक ओर शी जिनपिंग को शानदार व्यक्ति करार दिया, तो दूसरी ओर उन्हें दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। ट्रंप ने कहा था, वह 1.4 अरब लोगों को लोहे की मुट्ठी से नियंत्रित करते हैं। यह चाहे आपको पसंद हो या न हो, लेकिन यह एक असाधारण गुण है। हालांकि, दूसरे अवसरों पर उन्होंने चीन को इस सदी का सबसे बड़ा खतरा कहा।

# ओपन एआई की पोल खोलने वाले बालाजी को करना पड़ी आत्महत्या



सैन फ्रांसिस्को, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।

चार साल तक ओपनएआई के लिए शानदार काम कर चुके और चैट जीपीटी के डेवलपमेंट में बड़ी भूमिका निभा चुके सुचिर बालाजी दुनिया भर की नजरों में उस समय आए थे जब उन्होंने ओपन एआई पर कई आरोप लगाए थे। सुचिर का कहना था कि चैट जीपीटी बनाने के लिए बिना अनुमति के पत्रकारों, लेखकों, प्रोग्रामरों आदि के भी कॉपीराइटेड मटीरियल का इस्तेमाल किया गया है जिसका सीधा असर कई बिजनेसों और कारोबारों पर पड़ेगा। इसके बाद उन्होंने आत्महत्या कर इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी नॉलेज और गवाही से ओपनएआई के खिलाफ चल रहे कानूनी मामलों में बड़ा असर पड़ सकता था।महज 26 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहने पर मजबूर हुए सुचिर की यह तस्वीर लिंक्डन प्रोफाइल से है। बालाजी वह शख्स थे जिन्होंने एआई में योगदान तो दिया ही था बल्कि इस कंपनी में गलत परंपराओं ओर हरकतों को लेकर मजबूत आवाज उठाई थी। माना जा रहा था कि ओपनएआई के खिलाफ चल रहे कानूनी मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कभी एआई के लिए काम करने वाले बालाजी ने दावा किया था कि ओपनएआई के काम करने के तरीके खतरनाक थे क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर एआई मॉडल को ट्रेनिंग देने के लिए बिना अनुमति के कॉपीराइट सामग्री इस्तेमाल की। बालाजी ने बार बार एआई के नैतिक असर के बारे में चिंता व्यक्त कर रहे थे जो उनके अनुसार इंटरनेट के समूचे इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचा सकता है।

## अमेरिका के न्यू जर्सी में देर रात दिखे सैकड़ों रहस्यमयी ड्रोन, मची खलबली

**न्यू जर्सी।** अमेरिका के न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, पेन्सिल्वेनिया और मैरीलैंड में सैकड़ों रहस्यमयी ड्रोन देने से खलबली मच गई। इससे देर रात तक अफरातफरी चलती रही। इसके बाद खुद नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। रहस्यमयी ड्रोन को लेकर डोनाल्ड ट्रंप ने तो सीधा बाइडेन सरकार पर ही निशाना साध दिया। उन्होंने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ पर पोस्ट भी किया। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा, पूरे देश में रहस्यमयी ड्रोन देखे जाने की खबरें। क्या यह वास्तव में हमारी सरकार की जानकारी के बिना हो सकता है मुझे नहीं लगता! लोगों को अभी बताइए अन्यथा, उन्हें मार गिराइए।

## विरोध प्रदर्शन



इटली में प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से मिले अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जैवियर मैलोनी।

# इजराइल गाजा पट्टी में चिकित्सा टीमों को बना रहा निशाना, यूरो-मेड ह्यूमन राइट्स मॉनिटर का दावा

गाजा पट्टी, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।



यूरो-मेड ह्यूमन राइट्स मॉनिटर ने कहा कि इजराइल गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार के साथ चिकित्सा टीमों को निशाना बना रहा है। इजराइल लगातार बमबारी कर रहा है। यूरो-मेड ह्यूमन राइट्स मॉनिटर ने आज दोपहर एक्स हैंडल पोस्ट में फोटो और विवरण साझा किया है। यूरो-मेड मॉनिटर ने संयुक्त राष्ट्र और सभी देशों से दखल देने की मांग की है।

यूरो-मेड के अनुसार, इजराइली सेना ने गुरुवार को डॉ. सईद जोदा को निशाना बनाया। वह मरीजों का इलाज करने कमाल अदवान अस्पताल से अल-अवदा अस्पताल जा रहे थे। उन पर गोली चलाई गई। यह जानते हुए कि वह उत्तरी गाजा पट्टी में एकमात्र आर्थोपेडिक चिकित्सक थे। इजराइल ने पिछले 10 दिन में 20 से अधिक बार बेइत लाहिया परियोजना में स्थित कमल अदवान अस्पताल पर हमला किया है। हमले में कई मरीज, चिकित्सा कर्मी और उनके साथी घायल हो गए हैं। इससे पहले आठ दिसंबर को एक इजराइली ड्रोन ने कमाल अदवान क्षेत्र में काम करने वाले एक अर्धसैनिक अली अल-करा को निशाना बनाया और मार डाला। इस हालात में हजारों निवासियों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करना बेहद मुश्किल हो गया है। यूरो-मेड मॉनिटर ने दावा किया है कि सात अक्टूबर, 2023 से अब तक मारे गए फिलिस्तीनी चिकित्सा कर्मियों की संख्या 1,057 है। इजराइली हमले में 135 से अधिक वैज्ञानिक और शिक्षाविद् भी मारे गए हैं।

# फ्लाइट्स में देरी के चलते इस्तांबुल एयरपोर्ट पर दो दिनों से फंसे हैं 400 भारतीय यात्री

इस्तांबुल, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।

**इस्तांबुल से भारत आने वाले करीब 400 यात्री एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। उनकी फ्लाइट देरी से आने की उन्हे सूचना नहीं दी गई। यात्रियों का आरोप है कि खाने पीने से लेकर कई तरह की अव्यवस्थाओं से जूझ रहे हैं। इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट्स में देरी और तकनीकी खामी की वजह से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।**



इन यात्रियों ने सोशल मीडिया के जरिए अपने अनुभव साझा कर एयरलाइन की कड़ी आलोचना की है।

परेशान यात्रियों में से शुभम बंसल ने लिखा, हम 400 लोग इस्तांबुल एयरपोर्ट पर फंसे हैं और इंडिगो से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही। क्या एयरलाइन ऐसे चलाई जाती है यात्रियों का कहना है कि इंडिगो ने न तो समय पर जानकारी दी और न ही उनके ठहरने या भोजन की कोई व्यवस्था की। इस्तांबुल में ठंड के मौसम ने उनकी समस्याएं और बढ़ा दी हैं। पार्श्व मेहता, जिन्हें मुंबई जाना था, ने बताया कि फ्लाइट में बार-बार देरी की सूचना टर्किश एयरलाइंस के क्रू से मिली, जबकि इंडिगो ने कोई संवाद नहीं किया। सोशल मीडिया पर यात्रियों ने एयरलाइन की बेसिक कस्टमर सर्विस में नाकामी को लेकर जमकर आलोचना की। उनका कहना है कि इंडिगो को यात्रियों से माफी मांगनी चाहिए और उचित मुआवजा देना चाहिए। इस्तांबुल में हुई इस घटना ने इंडिगो की सेवा गुणवत्ता और प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

एक अन्य यात्री अनुश्री भंसाली ने बताया कि फ्लाइट की पहले 1 घंटे की देरी हुई, फिर रद्द कर दिया गया, और अंततः 12 घंटे बाद रिशेड्यूल किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि एयरपोर्ट पर खाने-पीने की व्यवस्था तक नहीं की गई, और इंडिगो का कोई प्रतिनिधि उनसे संपर्क करने नहीं आया। अनुश्री ने अपनी थकान और बुखार का जिक्र करते हुए एयरलाइन के व्यवहार को असंवेदनशील बताया। इसी बीच, शुक्रवार रात इंडिगो ने एक बयान जारी कर तकनीकी खराबी को देरी का कारण बताया। एयरलाइन ने कहा कि तकनीकी समस्याओं के कारण इस्तांबुल से दिल्ली और मुंबई आने वाली फ्लाइट्स में देरी हुई। हमने यात्रियों को यथासंभव सूचना और सहायता प्रदान की। असुविधा के लिए खेद है, और अब ऑपरेशन सामान्य हो चुके हैं।



# इमाद वसीम के बाद पाकिस्तान तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर (एजेंसियां) ।**

इमाद वसीम के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से फिर से संन्यास लेने की घोषणा के एक दिन बाद, पाकिस्तान के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।

32 वर्षीय तेज गेंदबाज आमिर ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा की। आमिर का मानना है कि पाकिस्तान क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए अगली पीढ़ी को कमान सौंपने का यह सही समय है। आमिर ने एक्स पर लिखा, सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का कठिन निर्णय लिया है। ये निर्णय कभी आसान नहीं होते, लेकिन अपरिहार्य होते हैं। मुझे लगता है कि अगली पीढ़ी के लिए यह सही समय है कि वे कमान संभालें और पाकिस्तान क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं! अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और हमेशा रहेगा। मैं ईमानदारी से पीसीबी, अपने परिवार और दोस्तों और सबसे बढ़कर अपने प्रशंसकों को उनके निरंतर प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। आमिर ने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था, लेकिन इस साल की शुरुआत में उन्होंने अपना फैसला बदल दिया और खुद को 2024 टी20 विश्व कप के लिए उपलब्ध कराया। अनुभवी तेज गेंदबाज का करियर विवादों से भरा रहा, खासकर जब उन्हें स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों के कारण 2010 और 2015 के बीच पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। अपने करियर के दौरान, आमिर ने 36 टेस्ट, 61 वनडे और 62 टी20 मैच खेले। लाल गेंद वाले क्रिकेट में, आमिर ने 30.47 की औसत से 119 विकेट चटकाए। 50 ओवर के प्रारूप में, बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 29.62 की औसत से 81 विकेट हासिल किए। क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में, आमिर 21.94 की औसत से 71 विकेट लेने में सफल रहे। कुल मिलाकर, आमिर ने सभी प्रारूपों में 159 मैचों में 271 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए। आमिर ने पाकिस्तान के लिए अपना आखिरी मैच टी20 विश्व कप में आयरलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज के अंतिम गेम में खेला था। उन्होंने चार मैचों में सात विकेट लेकर टूर्नामेंट का अंत किया। गौरतलब है कि आमिर से पहले उनके हमवतन इमाद वसीम ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इमाद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और लिखा, काफी सोच-विचार के बाद, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ओलंपिक चैंपियन एन से-यंग बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के सेमीफाइनल में पहुंची



**हांग्जो।** पेरिस ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया की एन से-यंग ने शुक्रवार को यहां 2024 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में महिला एकल के अंतिम चार में जगह पक्की कर ली। गुरुवार को ग्रुप बी में जापानी दिग्गज अकाने यामागुची से हारने के बाद, एन ने चीन की हान यू पर 21-11, 21-15 से आसान जीत हासिल की और आगे बढ़ी। बाद में भी दो जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। जापान की अया ओहोरी और चीन की वांग झीयी भी ग्रुप ए से अंतिम चार में पहुंची। पुरुष एकल में, डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन और चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन ग्रुप ए से सेमीफाइनल में पहुंचे, जबकि घरेलू पसंदीदा शि यूकी और इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी ग्रुप बी से अंतिम चार में पहुंचे। वहीं, ओलंपिक चैंपियन चीन के झेंग सिवेई और हुआंग याकियोंग ने मिश्रित युगल स्पर्धा में सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि चेन किंगचेन और जिया यिफान महिला युगल सेमीफाइनल में पहुंच गईं। झेंग ने कहा, मैंने सेमीफाइनल में पहुंचने का अपना वादा निभाया है। मुझे उम्मीद है कि मेरे सभी प्रशंसक हमारे अंतिम नृत्य का आनंद ले सकेंगे। झेंग ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से संन्यास ले लेंगे।

### शाकिब को ईसीबी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से किया गया निलंबित

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को ईसीबी द्वारा आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया है, क्योंकि लॉफबोरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र परीक्षण सुविधा द्वारा उनके गेंदबाजी एक्शन को अवैध पाया गया था। बाएं हाथ के इस स्पिनर को सितंबर में टॉन्टन में समरसेट के खिलाफ काउंटी मैच में सरे के लिए खेलने के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया था। मैदानी अंपायर स्टीव ओ%शॉघनेसी और डेविड मिल्न्स ने शाकिब के गेंदबाजी एक्शन में खामी पाई, जिन्होंने उस खेल में नौ विकेट लिए थे, और बाद में उन्हें अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच करवाने के लिए कहा गया। ईसीबी की विज्ञप्ति में कहा गया, शाकिब ने इस महीने की शुरुआत में लॉफ़बोरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र मूल्यांकन पूरा किया, जिसमें पाया गया कि उनके गेंदबाजी एक्शन में कोहनी का विस्तार विनियमों में परिभाषित 15 डिग्री की सीमा से अधिक है। यह निलंबन 10 दिसंबर 2024 को स्वतंत्र मूल्यांकन की प्राप्ति से प्रभावी होगा, और संदिग्ध अवैध गेंदबाजी एक्शन के साथ रिपोर्ट किए गए गेंदबाजों की समीक्षा के लिए ईसीबी के विनियमों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करेगा। अपने 17 साल के करियर में यह पहली बार है, जब शाकिब की गेंदबाजी पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने 447 मैचों में 712 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने सितंबर-अक्टूबर में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूरी बना रखी है। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहना चाहते थे, लेकिन सुरक्षा चिंताओं के कारण वह बांग्लादेश टीम का हिस्सा नहीं बन पाए। शाकिब यूएई में अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज और बांग्लादेश के वेस्टइंडीज दौरे से भी चूक गए, जबकि उन्होंने अबू धाबी टी10 प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।



### श्रीलंका में मैच फ़िक्सिंग के आरोप में भारतीय नागरिक गिरफ़्तार


**कोलम्बो।** श्रीलंकाई टी10 लीग में मैच फ़िक्सिंग के आरोपों में एक भारतीय नागरिक गाले मार्वल्स टीम के मालिक प्रेम ठाकुर को गिरफ़्तार किया गया है। ठाकुर को अभी 16 दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में हैं। श्रीलंका पुलिस ने कहा, भारतीय नागरिक ठाकुर को साल 2019 के मैच से संबंधित अपराधों की रोकथाम अधिनियम के तहत श्रीलंका स्पोर्ट्स पुलिस यूनिट द्वारा गिरफ़्तार किया गया। उन्हें कैंडी में एक होटल से गिरफ़्तार किया गया, जहां लंका टी10 टूर्नामेंट चल रहा है। जानकारी के अनुसार एक विदेशी खिलाड़ी ने ठाकुर पर फ़िक्सिंग का आरोप लगाया था। इस साल की शुरुआत में एलपीएल (लंका प्रीमियर लीग) की तरह इस टूर्नामेंट की निगरानी के लिए भी आईसीसी की एंटी-करप्शन यूनिट का एक प्रतिनिधि श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अनुरोध पर उपस्थित था। एसएलसी ने इस मामले में अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। वहीं श्रीलंकाई टी10 टूर्नामेंट के निदेशक सामंथा डोडनवेला ने कहा है कि टूर्नामेंट तय कार्यक्रम के अनुसार ही चलेगा।

## ब्रिसबेन टेस्ट

# बारिश की भेंट चढ़ा पहले दिन का खेल केवल 13.2 ओवर का हुआ खेल

**ब्रिसबेन, 14 दिसंबर (एजेंसियां) ।**

**भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ गया। पहले दिन केवल 13.2 ओवर का खेल हो सका, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए। उस्मान ख्वाजा 19 और नाथन मेकस्विनी 4 रन बनाकर खेल रहे हैं।**



इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मैच में केवल 5.3 ओवर फेंके गए थे, तभी बारिश शुरु हो गई, जिसके कारण 25 मिनट तक खेल रूका रहा।

बारिश रूकने के बाद फिर से खेल शुरु हुआ और ख्वाजा और मेकस्विनी ने संभलकर खेलना जारी रखा, 13.2 ओवर के बाद फिर से बारिश शुरु हो गई और फिर रूकी ही नहीं, जिसके बाद मैच अधिकारियों ने दिन का खेल समाप्त घोषित कर दिया।

### भारतीय टीम में हुए दो बदलाव

इस मैच के लिए भारत ने अपनी टीम में दो बदलाव किये। हर्षित राणा और रविचंद्रन अश्विन को बाहर किया गया और उनकी जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप और अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को शामिल किया गया।


### ऑस्ट्रेलियाई टीम में हेजलवुड की वापसी

वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो साइड स्ट्रेन के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। टीम ने स्कॉट बोलैंड, जिन्होंने गुलाबी गेंद से ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रभावशाली भूमिका निभाई थी, को बाहर किया।

## एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए महिला क्रिकेट टीम घोषित कर दी है। इसके तहत ही प्रतिका रावल और तनुजा कंवर को पहली बार एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया जबकि ऑलराउंडर राघवी बिष्ट को छह मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टी20 टीम में जगह दी गई। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज से करेगी। ये मैच 15, 17 और 19 दिसंबर को नवी मुंबई में खेले जायेंगे जिसके बाद 22, 24 और 27 दिसंबर को वडोदरा में एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे। प्रतिका ऑफ स्पिनर और बल्लेबाज हैं जबकि तनुजा धीमी गेंदबाज हैं उसने अब तब चार महिला टी20 मैच खेले हैं। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम में खराब प्रदर्शन करने शेफाली वर्मा को शामिल नहीं किया गया है। बीसीसीआई ने कहा कि यास्तिका भाटिया, श्रेयंका पाटिल और प्रिया पूनिया भी फिट नहीं हैं, इसलिए इनके नाम पर विचार नहीं किया गया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए टीम हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), नंदिनी कश्यप, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, सजना सजीवन, राघवी बिष्ट, रेणुका सिंह ठाकुर, प्रिया मिश्रा, टिटास साधु, साइमा ठाकोर, मीनू मणि, राधा यादव। एकदिवसीय के लिए टीम हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), तेजल हसाबनिस, दीप्ति शर्मा, मीनू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधु, साइमा ठाकोर, रेणुका सिंह ठाकुर।

# एआईपीएफ अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग ने एचपीआरसी अज़ीज़नगर का दौरा किया



**हैदराबाद, 14 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अज़ीज़नगर में हैदराबाद पोलो एंड राइडिंग क्लब (एचपीआरसी) में उत्साह का माहौल है क्योंकि आगामी 23 फरवरी से 2 मार्च तक होने वाली वर्ल्ड एरिना पोलो चैंपियनशिप 2025 के लिए तैयारियाँ जोरों चल रही हैं। अमेरिकन इंटरनेशनल पोलो फाउंडेशन के अध्यक्ष एड आर्मस्ट्रांग ने हाल ही में एचपीआरसी के अध्यक्ष चैतन्य आर. कुमार के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा करने क्लब का दौरा किया।

इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में आठ देश- लक्ज़मबर्ग, स्पेन, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, यूके, यूएसए और भारत की टीम भाग लेंगी।

इस आयोजन में द बेस्ट ऑफ़ द बेस्ट सहित रोमांचक क्षण देखने को मिलने का दावा किया जा रहा है, जहाँ प्रत्येक टीम के शीर्ष खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इसके अतिरिक्त, दस दिवसीय चैंपियनशिप के दौरान तीन अलग-अलग कार्यक्रम होंगे, जो खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक यादगार अनुभव सुनिश्चित करेंगे।

समग्र आकर्षण को बढ़ाने के लिए, चैंपियनशिप में कई सामाजिक कार्यक्रम और आकर्षण होंगे, जो प्रतिस्पर्धा की भावना को सौहार्द के साथ जोड़ेंगे। दर्शक एचपीआरसी एरिना पोलो स्टेडियम में फ्लडलाइट्स के तहत रोमांचक पोलो एक्शन का आनंद ले सकेंगे। जो इसे एक ऐतिहासिक क्षण बनाता है क्योंकि हैदराबाद भारत की पहली एरिना पोलो चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है।

## विश्व एक्वेटिक तैराकी



बुडापेस्ट में विश्व एक्वेटिक तैराकी स्पर्धा की 200 मीटर स्पर्धा में भाग लेती हुई अमेरिका की कैट डगलेस।

# सोफी मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड दौरे से बाहर

**मेलबर्न, 14 दिसंबर(एजेंसियां) ।**

एशेज से पहले ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम को एक और बड़ा झटका लगा है, स्पिनर सोफी मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के वनडे दौरे से बाहर हो गई हैं।

कप्तान एलिसा हीली की फिटनेस और उनके घुटने में दर्द की वजह से पहले से ही जूझ रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को शनिवार को मोलिनक्स की चोट के रूप में एक और बुरी खबर मिली।

इस गर्मी में मोलिनक्स घुटने की समस्या से जूझना पड़ा, जोड़ों में दर्द के कारण वे मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ डब्ल्यूबीबीएल के कुछ मैच नहीं खेल पाई।

ऑस्ट्रेलिया की भारत पर 3-0 की सीरीज के आखिरी दो मैचों में खेली थी, लेकिन बुधवार को पर्थ में पिछली जीत के बाद उन्हें फिर से दर्द शुरु हो गया।

इसका मतलब है कि अब वह इस महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीनों वनडे मैचों में नहीं खेल पाएंगी, जबकि गेंदबाजी-ऑलराउंडर हीथर ग्राहम एशेज से चार हफ्ते पहले उनकी जगह लेंगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला अगले महीने होने वाली बहु-प्रारूप एशेज श्रृंखला से पहले टीम के आखिरी मैच हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया लगातार पांचवीं बार ट्रॉफी बरकरार रखने का लक्ष्य रखेगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, सोफी मोलिनक्स को घुटने में दर्द के कारण न्यूजीलैंड श्रृंखला से हटा दिया गया है। हीथर ग्राहम होबार्ट में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ तस्मानिया की महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के मैचों के बाद मंगलवार को न्यूजीलैंड में टीम से जुड़ेंगी।



जॉर्जिया वेयरहम गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकादश में शामिल होने वाली सबसे संभावित खिलाड़ी होंगी, क्योंकि उन्हें भारत के खिलाफ अंतिम दो मैचों से बाहर रखा गया था।

ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर यह है कि हीली न्यूजीलैंड दौरे पर जा सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान घुटने की चोट के कारण भारत के खिलाफ तीन वनडे मैचों में नहीं खेल पाई थीं, इसके बाद वे पैर की समस्या के कारण टी20 विश्व कप के अंत में भी नहीं खेल पाई थीं।

हीली की वापसी चयनकर्ताओं के लिए सिरदर्द पैदा कर सकती है, क्योंकि जॉर्जिया वोल ने भारत के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शानदार शुरुआत की थी। वोल ने सिडनी थंडर के साथ डब्ल्यूबीबीएल में शानदार प्रदर्शन करने के बाद शीर्ष क्रम में हीली की जगह 46, 101 और 26 रन बनाए। लेकिन वोल को न्यूजीलैंड में वनडे टीम से बाहर किए जाने का खतरा है, क्योंकि हीली के फिर से फोबे लिचफील्ड के साथ ओपनिंग करने की उम्मीद है।

इसका मतलब है कि वोल को पहली पसंद की एकादश में तभी रखा जा सकता है, जब चयनकर्ता उन्हें निचले क्रम में बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनें और एक अधिक स्थापित खिलाड़ी को बाहर करने का साहसिक फैसला लें।

# सीएवीए मध्य एशिया में वॉलीबॉल को बढ़ावा देने के लिए करेगा नेशंस कप का आयोजन

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर (एजेंसियां) ।**

सेंट्रल एशियन वॉलीबॉल एसोसिएशन (सीएवीए) ने बेसलाइन वेंचर्स के साथ मिलकर मध्य एशियाई क्षेत्र में वॉलीबॉल के खेल को बढ़ावा देने के लिए नेशंस कप टूर्नामेंट के आयोजन की घोषणा की। इस टूर्नामेंट में मध्य एशिया की शीर्ष टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।

सीएवीए एशियाई वॉलीबॉल परिसंघ (एवीसी) का सहायक क्षेत्रीय संघ है और यह क्षेत्र में इनडोर, बीच, ग्रास और स्नो वॉलीबॉल को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए मध्य एशिया और दक्षिण एशिया में अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ (एफआईवीबी) और एवीसी का प्रतिनिधित्व करता है।

मध्य एशियाई वॉलीबॉल संघ (सीएवीए) अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उजबेकिस्तान से संबद्ध है।




सीएवीए के अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हम बेसलाइन वेंचर्स के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, जो भारत में बेहद लोकप्रिय प्राइम वॉलीबॉल लीग के पीछे दिमाग की उपज रहे हैं। हम बेसलाइन के साथ सीएवीए नेशंस कप पर काम करने के लिए उत्साहित हैं क्योंकि हमने पिछले एशियाई खेलों के दौरान भारत के शानदार प्रदर्शन को देखा था जो प्राइम वॉलीबॉल लीग की सफलता का प्रत्यक्ष परिणाम था।

सीएवीए नेशंस कप में भाग लेने वाले टीमों की संख्या, योग्यता मानदंड, आयोजन स्थल और उद्घाटन संस्करण की तिथियों के बारे में अभी अंतिम रूप से जानकारी नहीं दी गई है।

इस अभूतपूर्व साझेदारी को लेकर बेसलाइन वेंचर्स के सह-संस्थापक और एमडी, तुहिन मिश्रा ने कहा, हमें सीएवीए नेशंस कप पर सेंट्रल एशियन वॉलीबॉल एसोसिएशन के साथ सहयोग करने पर गर्व है, जो मध्य एशिया में वॉलीबॉल के लिए एक गेम-चेंजर साबित होने का वादा करता है। यह टूर्नामेंट न केवल क्षेत्र की प्रतिभा को प्रदर्शित करेगा, बल्कि खिलाड़ियों को एफआईवीबी रैंकिंग पॉइंट के लिए प्रतिस्पर्धा करने का एक मंच भी प्रदान करेगा।

पिछले तीन वर्षों में प्राइम वॉलीबॉल लीग के सफल विस्तार के साथ भारत में वॉलीबॉल में भारी उछाल आया है, और पिछले साल एशियाई खेलों में भारत के जबरदस्त प्रदर्शन के साथ, देश में इस खेल का भविष्य वास्तव में उवल है।




# प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियां राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर 24 दिसंबर को लेंगी सुरक्षा प्रतिज्ञा

**नई दिल्ली,14 दिसंबर (एजेंसियां)।**

ऑनलाइन खरीदारों के लिए उत्पाद सुरक्षा बढ़ाने के पहल के तहत प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियां 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर सुरक्षा प्रतिज्ञा लेंगीं। इसका उद्देश्य डिजिटल मार्केट प्लेस (बाजार) पर असुरक्षित और नकली उत्पादों की बिक्री का पता लगाना और रोकना है।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एजियो, जिओमार्ट, नेटमेड, बिग बास्केट, टाटा क्लिक, टाटा 1एमजी, जोमैटो और ओला 24 दिसंबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर सुरक्षा प्रतिज्ञा लेंगे। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उपभोक्ता मामले के विभाग ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लिए सुरक्षा प्रतिज्ञा की घोषणा की है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के घोषित स्वैच्छिक प्रतिबद्धता का उद्देश्य डिजिटल मार्केटप्लेस (बाजार) पर असुरक्षित और नकली उत्पादों की बिक्री का पता लगाना और रोकना है।

मंत्रालय ने बताया कि उपभोक्ता कार्यकर्ता पुष्पा गिरिमाजी की अध्यक्षता वाली एक समिति ने नवंबर, 2023 में व्यापक हितधारक परामर्श के बाद प्रतिज्ञा विकसित की। समिति ने व्यापक परामर्श प्रक्रिया और विभाग द्वारा जांच के बाद प्रतिज्ञा का अंतिम मसौदा तैयार किया है। यह पहल तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स परिदृश्य में महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के लिए है। उपभोक्ता मामले के विभाग ने कहा कि यह कदम उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुरूप है, जो खतरनाक उत्पादों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ सुरक्षा को अनिवार्य बनाता है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट का बाजार है। दरअसल 2030 तक भारत के वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन शॉपर बेस होने का अनुमान है, जिसमें 50 करोड़ ऑनलाइन खरीदार होने का अनुमान है, वर्तमान में 88 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एलआईसी ने आयरन ओर उत्पादक नवरत्न कंपनी में घटाई हिस्सेदारी, एलआईसी की हिस्सेदारी घटकर 5.6 फीसदी रह गई, इससे पहले हिस्सेदारी 7.6 फीसदी थी




**मुंबई।** देश की प्रमुख बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने आयरन ओर उत्पादक नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 2 फीसदी घटा दी है। इसके बाद नवरत्न पीएसयू आयरन ओर माइनिंग कंपनी एनएमडीसी में एलआईसी की हिस्सेदारी घटकर 5.6 फीसदी रह गई है, इससे पहले हिस्सेदारी 7.6 फीसदी थी। एलआईसी का शेयर शुक्रवार को 932.60 रुपए पर बंद हुआ। एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने सितंबर, 2023 से दिसंबर, 2024 तक की अवधि में बाजार बिक्री की एक श्रृंखला के माध्यम से एनएमडीसी में 5.91 करोड़ से अधिक शेयर यानी 2 फीसदी हिस्सेदारी बेची है। एनएमडीसी के वोटिंग अधिकार वाले इक्विटी शेयरों में एलआईसी की हिस्सेदारी 22,31,79,025 शेयरों (7.6 फीसदी) से घटकर 16,40,59,791 शेयर (5.6 फीसदी) रह गई है। पिछले महीने एलआईसी ने कहा था कि उसने टाटा पावर में 2.02 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी करीब 2,888 करोड़ रुपए में बेच दी है और कंपनी में अपनी हिस्सेदारी घटाकर 3.88 फीसदी कर दी है। शुक्रवार को एनएमडीसी का शेयर बीएसई में 2.91 फीसदी की गिरावट के साथ 233.70 रुपए पर बंद हुआ।

# बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार - चढ़ाव भरा कारोबार रहा, सेंसेक्स 82,133 और निफ्टी 24,637.45 पर बंद



**मुंबई,14 दिसंबर (एजेंसियां)।**

वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों और फेड पॉलिसी से पहले भारतीय सूचकांक लगातार चौथे सप्ताह बढ़त लेकर बंद हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि बीते सप्ताह एफआईआई की खरीदारी, सीपीआई और आईआईपी आंकड़ों ने भी बाजार को साप्ताहिक गिरावट को कम करने में मदद की। बीते सप्ताह शेयर बाजार में सप्ताह भर उतार- चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया।

एशियाई बाजारों में कमजोर रुख के बीच शुरुआती घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को उतार-चढ़ाव का माहौल देखा गया। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 151.36 अंक की गिरावट के साथ 81,557.76 अंक पर खुला और 200.66 अंकों की गिरावट के बाद 81,508.46 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी बढ़त के साथ खुलने के बाद शुरुआती सौदों में 37.45 अंक फिसलकर 24,640.35 अंक पर खुला और 58.80 अंक टूटकर 24,619.00 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सपाट स्तर पर खुले। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 35.71 अंक की बढ़त के साथ 81,544.17 अंक पर खुला और .59 अंक गिरकर 81,510.05 पर बंद हुआ। निफ्टी 13.25 अंक चढ़कर 24,632.25 अंक पर खुला और 8.95 अंक की गिरावट के साथ 24,610.05 पर बंद हुआ।

बुधवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 19.22 अंक की बढ़त के साथ 81,529.27 अंक पर खुला और 13.34 अंकों की गिरावट के साथ 81,496.70 पर बंद हुआ। निफ्टी 21.55 अंक चढ़कर 24,631.60 अंक पर खुला और 20.25 अंकों की गिरावट के साथ 24,630.30 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी सपाट ही खुला। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 83.73 अंक चढ़कर 81,609.87 अंक पर खुला और 236.18 अंक कमजोर होकर 81,289.96 पर बंद हुआ। निफटी 12 अंक की बढ़त के साथ 24,604.45 अंक पर खुला और 93.10 अंक टूटकर 24,548.70 पर बंद हुआ। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट के बाद बाजार ने पलटी मार दी है। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बिकवाली के बाद संभले और हरे निशान पर लौट आए। दोपहर बाद सेंसेक्स 321.00 अंक चढ़कर 81,537.48 पर पहुंच गया और 843.16 अंक उछलकर 82,133.12 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 88.75 अंक चढ़कर 24,637.45 पर खुला और 88.75 अंक चढ़कर 24,637.45 पर बंद हुआ।

# ईडी ने भूषण स्टील की 4025 करोड़ रुपए की संपत्ति जेएसडब्ल्यू को लौटाई




**नई दिल्ली,14 दिसंबर (एजेंसियां)।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मिलने के बाद पूर्ववर्ती भूषण स्टील एंड पावर लिमिटेड की 4,025 करोड़ रुपये की संपत्ति जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड को लौटा दी है। जेएसडब्ल्यू स्टील कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत दिवालिया कंपनी की परिसंपत्तियों के लिए सफल समाधान आवेदक थी। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बाद पूर्ववर्ती भूषण स्टील एंड पावर लिमिटेड कंपनी की 4,025 करोड़ की संपत्ति जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड को वापस कर दी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) की धारा-5 के तहत संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त किया था, क्योंकि पूर्ववर्ती प्रमोटरों ने बैंकों को धोखा दिया था और निजी निवेश के लिए बैंक के फंड का गबन किया था। ईडी ने कहा कि 4,025 करोड़ की संपत्ति की वापसी पीएमएलए की धारा 8(8) (मुकदमा लंबित रहने तक वापसी) के तहत की गई है, जिसे पीएमएलए संपत्ति बहाली नियमों के नियम 3ए के साथ पढ़ा जाए। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (11 दिसंबर) को प्रवर्तन निदेशालय के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि आईबीसी की धारा 32ए (2) की व्याख्या, सीआईआरपी के तहत कॉर्पोरेट देनदारों की संपत्ति कुर्क करने की ईडी की शक्तियों या किसी अन्य संबंधित मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई राय व्यक्त नहीं की है। वहीं, मुद्दों को खुला छोड़ दिया है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने यह कार्रवाई भूषण स्टील एंड पावर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ केंद्रीय कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की जांच और दायर आरोपपत्र के आधार पर की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### धर्मनिरपेक्षता ...

फैसले की कड़ी आलोचना की थी। यह जानते हुए कि उनकी टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की अवमानना का गंभीर अपराध है। नरीमन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को न्याय का मजाक कहा और उसे सेकुलरिज्म का उल्लंघन करने वाला फैसला करार दिया। नरीमन ने पागल प्रलाप की तरह हिंदुओं को कानून के खिलाफ रहने वाला समुदाय बता दिया और मस्जिदों के खिलाफ याचिका डालने वालों को दैत्य का सिर कह दिया।

रोहिंटन नरीमन ने अपनी यह बेजा और गंदी टिप्पणियां जस्टिस एएम अहमदी मेमोरियल लेक्चर में की थीं। रोहिंटन नरीमन ने कहा कि राम मंदिर का पूरा मसला 1984 में विश्व हिंदू परिषद की राम मंदिर बनाने की तानाशाही और अत्याचारी मांग से चालू हुआ था। नरीमन ने अपने आराध्य देव के पूजास्थल की मांग करने वाले हिंदुओं को तानाशाही और अत्याचारी कहा। नरीमन यह भूल गए कि पूजा स्थल की मांग करना अत्याचार था या मंदिर का विध्वंस कर वहां मस्जिद बनाना अत्याचार था? नरीमन को यह भी याद नहीं रहा कि उनके पुरखे पर्शिया से क्यों भागे थे? पर्शिया में इस्लाम का कानून लागू हो गया था, इसलिए पारसी भारत आ गए थे और सैकड़ों साल से अपने धर्म को स्वतंत्रतापूर्वक मान रहे हैं। उन्हें शरण भी इन्हीं तथाकथित अत्याचारी और तानाशाही हिंदुओं ने दी थी। उसी नरीमन ने राम मंदिर के मामले में हिंदुओं को हमेशा कानून के खिलाफ रहने वाला करार दिया। जबकि असल बात यह है कि यदि हिंदू पक्ष कानून के खिलाफ रहता तो बाबरी मस्जिद का ढांचा 6 दिसंबर 1992 तक खड़ा नहीं रह पाता और मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 की प्रतीक्षा नहीं करती। हिंदू पक्ष ने तो इस मामले में अंग्रेज न्यायाधीशों से लेकर जिला अदालत, हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई लड़ी। हिंदू कानून से मंदिर मांगते रहे और इसी कानून के अनुसार मंदिर बनाया। इस बीच उनके आराध्य को काल्पनिक तक बताया गया।

अगर हिंदू कानून के खिलाफ होते तो आज देश में बहुसंख्यक होने के बाद भी वह कश्मीर से भाग नहीं रहे होते। अगर हिंदू कानून के खिलाफ होते तो काशी मथुरा का मामला कोर्ट में अटका नहीं होता। खैर पीढ़ी दर पीढ़ी वकालत का पेशा अपनाने वाले नरीमन को यह सब कैसे पता होगा। वह तो जन्म से लेकर अब तक उस छद्मी बुलबुले में रहते रहे जिसे अंग्रेजी स्टाइल में लिबरल कहते हैं। नरीमन का कहना है कि फैसले में सेकुलरिज्म का ध्यान नहीं रखा गया। यानी सेकुलरिज्म का ध्यान तब होता जब हिंदू अपना दावा छोड़ कर चुप बैठ जाते। ऐसा कहते समय नरीमन ने अपनी आत्मा में झांक कर यह नहीं पूछा कि उनसे कोई उनके धार्मिक स्थल को छोड़ने को कहे तो उन्हें कैसे लगेगा? तब वे सेकुलरिज्म की दुहाई देंगे या नहीं देंगे?

### इज़राइल ने ...

भारत के प्रति आभार व्यक्त किया।शोशनी ने आतंकवाद से निपटने में एकजुटता पर जोर डाला और कहा कि भारत और इज़राइल दोनों ने सुरक्षा और उग्रवाद से संबंधित अपनी चुनौतियों में समानताएं साझा की हैं। इज़राइली राजनयिक ने भारत को एशिया में इज़राइल का सबसे बड़ा दोस्त बताया और इस देश की जीवंत संस्कृति और वैश्विक समाज में महत्वपूर्ण योगदान की तारीफ की। उन्होंने दोनों देशों के बीच निरंतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। शोशनी ने दोनों देशों के लिए मजबूत सैन्य और आर्थिक नींव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, कमजोर सेना के साथ मजबूत अर्थव्यवस्था नहीं हो सकती। आर्थिक स्थिरता के लिए सैन्य ताकत जरूरी है। उन्होंने भारत की जीवंत संस्कृति और वैश्विक समाज में इसके महत्वपूर्ण योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, हम भारत को इसलिए प्यार करते हैं क्योंकि हमारे पारिवारिक मूल्य, परंपराएं, रीति-रिवाज, सामाजिक संरचना और आतंकवाद के खिलाफ हमारी साझा लड़ाई है।

### बांग्लादेश के...

हाल ही में 300 हूती आतंकियों को प्रशिक्षण देना इस क्षेत्र को अस्थिर करने की एक सोची-समझी रणनीति को रेखांकित करता है। विभिन्न शक्लों में भारत और बांग्लादेश में आतंकवादियों के घुसने की रिपोर्टें कट्टरपंथी विचारधाराओं को फैलाने और स्लीपर सेल बनाने के लिए एक सुनियोजित प्रयास को उजागर कर रही हैं।पाकिस्तान की सत्तारूढ़ मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के नेता इरशाद अहमद खान ने एक प्रमुख भारतीय प्रसारण नेटवर्क पर सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पाकिस्तान कराची बंदरगाह से सीधे जहाजों के माध्यम से बांग्लादेश भेजे जाने वाले वाणिज्यिक सामानों में छुपा कर हथियारों की तस्करी कर रहा है। बांग्लादेश के साजिशी सत्ता परिवर्तन के बाद पाकिस्तान की तरफ से तेज हुई अन्य खतरनाक गतिविधियां भी सामने आ रही हैं। उदाहरण के लिए, पाकिस्तान, एक ऐसा देश है जो अपने नागरिकों को चीनी सहित बुनियादी खाद्य पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित करने में असमर्थ है। लेकिन उसी कंगाल पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 25 हजार मीट्रिक टन चीनी भेजने की घोषणा करके दुनिया को चौंका दिया है। खुफिया एजेंसियों से संकेत मिलता है कि पाकिस्तानी नेटवर्क चीनी निर्यात के बहाने बांग्लादेश में भारी मात्रा में हेरोइन, कोकीन और सिंथेटिक ओपिओइड भेजने की तैयारी कर रहा है। इन ड्रग्स के भारतीय बाजारों में घुसपैठ कराने की उम्मीद है, जहां पहले से ही गंभीर नशीली दवाओं के दुरुपयोग का संकट है।इस मादक पदार्थ के गठजोड़ के निहितार्थ बहुत व्यापक हैं। भारतीय युवा और समुदाय विशेष रूप से असुरक्षित हैं, क्योंकि नशीली दवाओं की आमद से लत की दर बढ़ सकती है और सामाजिक स्थिरता कमजोर हो सकती है। इसके अलावा, इन अवैध पदार्थों को भारतीय बिचौलियों के माध्यम से पश्चिमी देशों में भेजा जा सकता है, जिससे नशीली दवाओं के खिलाफ वैश्विक युद्ध और भी जटिल हो जाएगा। अगर इन्हें पकड़ा जाता है, तो ये नशीली दवा की खेप भारत की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे इसके निर्यात की सख्त जांच हो सकती है और संभावित रूप से इसके आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे परिणाम पाकिस्तान के अपने पड़ोसी को अस्थिर करने के व्यापक एजेंडे को पूरा करेंगे और साथ ही आकर्षक नशीली दवाओं के व्यापार से लाभ कमाएंगे।इस बीच, बांग्लादेश में प्रवेश करने वाले पाकिस्तानी नागरिकों या पाकिस्तानी मूल के व्यक्तियों के लिए पिछली सुरक्षा मंजूरी आवश्यकताओं को वापस लेने का लाभ उठाते हुए, पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और अन्य समूहों के आतंकवादियों को बांग्लादेश में घुसपैठ की सुविधा दे रही है। ये आतंकी विभिन्न शक्लों में प्रवेश करते हैं, जिनमें व्यापारी, पर्यटक और तब्लीगी जमात के सदस्य शामिल हैं। खुफिया एजेंसी के अनुसार, आईएसआई ने भारत में प्रशिक्षित हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) के गुर्गों को भेजना शुरू कर दिया है।पाकिस्तानी सेना का विशेष सेवा समूह (एसएसजी), हालांकि अमेरिकी नौसेना सील, ब्रिटिश एसएएस, इज़राइली सैरेत मटकाल, रूसी स्पेट्सनाज या भारत के पैरा एसएफ जैसे दुनिया के शीर्ष कमांडो बलों में शुमार नहीं है, लेकिन आतंकवादी संगठनों को विशेष प्रशिक्षण देने के लिए कुख्यात है। 1955 में स्थापित, एसए-सजी, जिसे ब्लैक-स्टार्क्स और मैरून-बेरेट्स के नाम से भी जाना जाता है, पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित तरबेला में अपने मुख्यालय से काम करता है। हालांकि एसएसजी के सदस्यों की सही संख्या गोपनीय है, लेकिन इसकी गतिविधियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी ध्यान आकर्षित किया है।खुफिया एजेंसी के अनुसार, एसएसजी ने सितंबर 2023 में मुख्य रूप से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित अड्डों पर हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) के 300 गुर्गों को प्रशिक्षण देना शुरू किया था। इन गुर्गों को 25-25 लोगों के 12 समूह में पाकिस्तान ले जाया गया, जो अक्सर पाकिस्तान पहुंचने से पहले बांग्लादेश और भारत की सीमाएं पार करते थे। इस ऑपरेशन का सीधा समन्वय आईएसआई द्वारा किया गया था।हूती की सदस्यता का सटीक अनुमान लगाना मुश्किल है क्योंकि यह गुप्त प्रकृति का है। सदस्य अलग-अलग सेल में संगठित हैं, दूसरों की पहचान से अनजान हैं, और समूह व्यापक समर्थन का भ्रम पैदा करने के लिए कई फ्रंट संगठन संचालित करता है। कुछ व्यक्ति झूठी पहचान के तहत कई सदस्यताएं रखते हैं, जिससे समूह के वास्तविक आकार का आकलन करने के प्रयास और भी जटिल हो जाते हैं। खुफिया एजेंसियों को अंदेशा है कि भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) या स्टूडेंस इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) भी हूती का हिस्सा है। आतंकवाद निर-ोधक शोधकर्ताओं का कहना है कि हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) 1980 के दशक से बांग्लादेश में सक्रिय है। इस संगठन ने विभिन्न कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और यहां तक कि नागरिक और सैन्य प्रशासन में भी अलग-अलग तरीकों से घुसपैठ की है। इसका बढ़ता प्रभाव क्षेत्रीय स्थिरता के लिए एक बड़ा खतरा है।हाल ही में भारतीय खुफिया एजेंसियों ने हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) के दो बांग्लादेशी गुर्गों, सब्बीर और रिदवान को पकड़ा है। ये आतंकवादी वैध वीजा के साथ भारत में घुसे थे और खुद को छात्र पर्यटक बता रहे थे। अपने प्रवास के दौरान, उन्होंने जेहादी स्लीपर सेल स्थापित करने और स्थानीय युवाओं की भर्ती करके भारत में खिलाफत शासन (खिलाफत) लागू करने की रणनीतियों पर चर्चा करने के उद्देश्य से बैठकों में भाग लिया। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के पूर्व अधिकारी ने पश्चिम बंगाल में हजारों ऐसे ही स्लीपर सेल की मौजूदगी के बारे में चिंता व्यक्त की है। स्लीपर सेल की संगठित भूमिका है, जो घुसपैठियों को आधार कार्ड, राशन कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र सहित भारतीय पहचान दस्तावेज मुहैया कराने में सहायता करता है। बांग्लादेश की सीमा पर स्थित भारतीय राज्य त्रिपुरा में सितंबर 2024 में 1,400 से ज्यादा मुस्लिम घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया। बांग्लादेश सेना के कई सेवानिवृत्त और बर्खास्त अधिकारियों के खिलाफ भी आरोप सामने आए हैं, जो अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (जिसे बाद में अंसार अल-इस्लाम के रूप में पुनः ब्रांडेड किया गया, जो एक स्थानीय अल-कायदा सहयोगी है) और हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) के गुर्गों को हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक मुहैया कराते रहे हैं। इसके अलावा, म्यांमार के अराकान राज्य से एक सुव्यवस्थित हथियार तस्करी नेटवर्क इन बांग्लादेशी आतंकवादी समूहों को स्वचालित राइफलें और अन्य हथियार मुहैया करा रहा है।आईएसआई द्वारा हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) के गुर्गों को प्रशिक्षण देना और तैनात करना क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। भारत और बांग्लादेश में घुसपैठ करके, ये आतंकवादी स्लीपर सेल का नेटवर्क स्थापित करने और अपने कट्टरपंथी एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश में हैं। शैक्षणिक संस्थानों और नागरिक-सैन्य प्रशासन में हूती की बढ़ती मौजूदगी तत्काल और समन्वित आतंकवाद विरोधी प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित करती है। इन नेटवर्क को खत्म करने और चरमपंथी विचारधाराओं के प्रसार को रोकने के लिए क्षेत्रीय सहयोग और खुफिया जानकारी साझा करना महत्वपूर्ण है।

### आतंकियों की...

इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। गिरफ्तारी को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि राज्य और केंद्र सरकार की सुरक्षा एजेंसियां पश्चिम बंगाल के बांग्लादेश से सटे सीमा क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ा रही हैं। बांग्लादेश में चल रहे मौजूदा संकट के कारण इन इलाकों में खतरे की आशंका बढ़ गई है।

खुफिया एजेंसियों को यह जानकारी भी मिली है कि बांग्लादेश आधारित कट्टरपंथी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (हूती) के सदस्य हाल ही में पश्चिम बंगाल के सीमा जिलों में सक्रिय होने की कोशिश कर रहे हैं और वहां स्लीपर सेल बनाने की योजनाएं बना रहे हैं। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित गांवों में बाहरी लोगों द्वारा कमरे किराए पर लेने की घटनाओं में अचानक बढ़ोतरी देखी गई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इन नए लोगों की उम्र आमतौर पर 25 से 30 साल के बीच है और वे स्थानीय लोगों के साथ ज्यादा बातचीत नहीं करते।इसके अलावा, खुफिया एजेंसियों को यह जानकारी भी मिली है कि हूती के दो सक्रिय सदस्य, रिदवान मारूफ और शब्बीर आमिर, हाल ही में बांग्लादेशी पासपोर्ट पर छात्रों के रूप में पश्चिम बंगाल आए थे। उन्होंने मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों में स्थानीय युवाओं के साथ बैठकें कीं। शुरू में उन्होंने धार्मिक मुद्दों पर चर्चा की और बाद में बातचीत का रुख स्लीपर सेल बनाने की ओर मोड़ा। इस घटनाक्रम के बाद पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है।एजेंसी ने बताया कि छापेमारी असम के ग्वालपाड़ा, महाराष्ट्र के औरंगाबाद, मुंबई और अमरावती, उत्तर प्रदेश के झांसी, बरेली, देवबंद और सहारनपुर, बिहार के सीतामढ़ी, पश्चिम बंगाल के हुगली, जम्मू-कश्मीर के बारामूला, रियासी, बडगाम और अनंतनाग, राजस्थान के डूंगरपुर और गुजरात के मेहसाणा में की गई है। इस दौरान कुछ जरूरी दस्तावेज मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। एनआई ने राजस्थान के डूंगरपुर स्थित मोहम्मद सलमान नाम के एक मौलाना के घर में छापेमारी की है। मौलाना से करीब 7 घंटे तक पूछताछ की गई। इसके बाद उसे हिरासत में लिया गया। मौलाना सलमान गुजरात के हिलोन का रहने वाला है। वह गलियाकोट में एक दरगाह के मदरसे में पढ़ाता है।महाराष्ट्र में छापेमारी के दौरान एनआईए ने अमरावती, भिवंडी और संभाजीनगर से एक-एक शख्स को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। ये तीनों आतंकी संगठनों और पाकिस्तानी एजेंसियों के संपर्क में थे। एनआईए पता करेगी कि उनके संपर्क में होने का इनका मकसद क्या था। उनके संपर्क में और कितने लोग हैं, इसकी भी जानकारी जुटाएगी। एनआईए ने बिहार के सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी थाना क्षेत्र के बाजपट्टी गोट में छापेमारी की। यहां से भी एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उसके यहां टीम ने लंबे समय तक सर्च ऑपरेशन चलाया है और उससे लगभग 5 घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान बिहार पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उत्तर प्रदेश के झांसी में मदरसा टीचर मुफ्ती खालिद के घर पर छापेमारी की गई थी। इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। जब टीम ने मुफ्ती खालिद को ले जाने की कोशिश की तो स्थानीय मुस्लिमों ने एजेंसी की टीम को घेर लिया। टीम के साथ धक्का-मुक्की करके मौलाना छुड़ा लिया और उसे नजदीक के फातिमा मस्जिद में ले जाकर छिपा दिया। इसके बाद एनआईए ने आसपास के इलाकों से भारी पुलिस बल को बुलाया और फिर मौलाना को अपने साथ ले गई। मौलाना को वहां से लेकर जाने में पुलिस, यूपी एटीएस और एनआईए की टीम को 3 घंटे का समय लग गया। पुलिस और एआईए की टीम पर 200 लोगों की भीड़ ने हमला कर किया था।खालिद को छुड़ाने के लिए उसके समर्थकों द्वारा पुलिस पर किए गए हमले में 110 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इन सभी पर पुलिस टीम पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में महिलाओं को भी आरोपी बनाया गया है। मुफ्ती खालिद शहर काजी साबिर अंसारी का भतीजा है।

### भाजपा ने ...

कांग्रेस शासनकाल में संविधान का गला घोंटा गया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी यह भी नहीं बता पाए कि भारतीय संविधान में कुल कितने पन्ने हैं। ये जो किताब (संविधान) दिखाते हैं, इनको यह भी नहीं पता कि इस किताब में पन्ने कितने हैं। कभी राहुल जी इस किताब को खोलकर पढ़ तो लो। संविधान में लिखा है कि संविधान बनने के बाद से ही विधायिका और न्यायपालिका के बीच तनातनी रही। संविधान ने ही देश को बचाया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी एक बार संविधान को पढ़कर देखें तो दिखेगा कि उनके परिवार ने कैसे इसकी धज्जियां उड़ाई हैं। इन्होंने संविधान को तार-तार किया। देश से माफी मांगिए। संविधान में कांग्रेस ने बार-बार संशोधन किया।

### वायुसेना को ...

इनमें कुछ विमान रूस से बनकर आए थे और बाकी का उत्पादन भारत में एचएएल ने किया था। मौजूदा समय में वायुसेना के बेड़े में सुखोर्ई फाइटर जेट की संख्या 30 है। यह विमान दो सीट और दो इंजन का होता है। 2 मैक की रफ्तार से उड़ान भरने वाला ये फाइटर जेट एक बार में 3000 किमी की दूरी तय कर सकता है। इस पर ब्रह्मोस मिसाइल से लैस किया जा चुका है। यह अपने साथ 8000 किलो तक हथियार ले जाने में सक्षम है। इसी खासियत को देखते हुए बालाकोट एयरस्ट्राइक में भी इसका इस्तेमाल किया गया था।

# आज धनु राशि में प्रवेश करेंगे सूर्य

## सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करते ही शुरू हो जाएगा खरमास



ग्रहों के राजा सूर्य का वृश्चिक से धनु राशि में प्रवेश 15 दिसंबर को रात 9.56 बजे होगा। इसके साथ ही भगवान विष्णु के प्रिय धनुर्मास (खरमास) की शुरुआत होगी। इस दौरान सूर्य के कमजोर पड़ने से विवाह, मुंडन सहित सभी मांगलिक कार्यों पर विराम लगेगा। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि सूर्यदेव हर माह राशि परिवर्तन करते हैं। ज्योतिष में सूर्यदेव को ग्रहों का राजा, पिता और आत्मा का कारक ग्रह माना गया है। सूर्य के राशि परिवर्तन का प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों पर पड़ता है। सूर्यदेव 15 दिसंबर को गुरु के स्वामित्व वाली राशि धनु में प्रवेश करेंगे। सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करने से कुछ राशि वालों पर इसका विशेष प्रभाव पड़ेगा। सूर्यदेव एक माह तक धनु राशि में रहेंगे। इसके बाद 14 जनवरी 2025 को सुबह 9:04 मिनट पर सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश करेंगे।

ज्योतिर्विज्ञान में सूर्य को सभी ग्रहों का राजा माना जाता है। सूर्य के शुभ असर से सेहत संबंधी परेशानी दूर होती है। आत्मविश्वास बढ़ता है। सरकारी काम पूरे हो जाते हैं। जॉब और बिजनेस में तरक्की मिलती है। बड़े लोगों और अधिकारियों से मदद मिलती है और सम्मान भी बढ़ता है। सूर्य के अशुभ असर के कारण नौकरी और बिजनेस में रुकावटें आती हैं। नुकसान भी होता है। बड़े लोगों से विवाद हो सकता है। आंखों से संबंधित परेशानी होती है। सिरदर्द भी होता है। कामकाज में रुकावटें आती हैं। विवाद और तनाव भी रहता है। सूर्य हर माह में राशि परिवर्तन करते हैं। सूर्य देव को ज्योतिष में विशेष स्थान प्राप्त है। सूर्य देव के राशि परिवर्तन करने से कुछ राशि वालों का सोया हुआ भाग्य भी जाग जाएगा। ज्योतिष में सूर्य को एक महत्वपूर्ण ग्रह माना गया है। सूर्य को आत्मा और पिता का कारक भी कहा गया है। सूर्य शुभ होने पर व्यक्ति को उच्च पद की प्राप्ति होती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य को सिंह राशि का स्वामी माना गया है। मेष इसमें उच्च माना जाता है। वहीं सूर्य तुला राशि में नीच का हो जाता है।

**सूर्य का गोचर**

सूर्य एक राशि में लगभग 30 दिनों तक रहता है। फिर सूर्य दूसरी राशि में गोचर करता है। 30 दिनों के बाद 12 राशियां बदलने का मतलब है कि सूर्य का पारगमन एक कैलेंडर वर्ष में 12 बार होता है। सूर्य के गोचर का प्रभाव आपकी चंद्र राशि पर निर्भर करता है। मूल रूप से जन्म के चंद्रमा से तीसरे, छठे, दसवें और ग्यारहवें भाव में स्थित सूर्य जातक को अच्छे परिणाम देता है। लेकिन अन्य भावों में सूर्य जातक को प्रतिकूल परिणाम दे सकता है। सूर्य अधिकार, शक्ति, पिता और सम्मान का ग्रह होने के कारण करियर और वैवाहिक जीवन पर एक अलग प्रभाव डालता है जहां जातक को करीबी लोगों के साथ बातचीत करनी होती है। सूर्य का सकारात्मक गोचर सभी रिश्तों और कार्यस्थलों में दूसरों पर बढ़त हासिल करने में असाधारण परिणाम दे सकता है। उसी प्रकार सूर्य का प्रतिकूल गोचर जातक को कमजोर और दूसरों के दबाव के आगे झुक सकता है।

**देश-दुनिया पर असर**

धनु राशि में सूर्य के आने से शेयर बाजार में गिरावट के साथ बिजनेस की गति कुछ थमेगी। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि के साथ शेयर बाजार फिर से बढ़ने की भी संभावना रहेगी। इससे अर्थव्यवस्था मजबूत होने के योग बनेंगे। राजनीतिक उथल-पुथल एवं प्राकृतिक आपदाओं की आशंका बढ़ेगी। लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। शिक्षा प्रणाली में सुधार के भी योग बनेंगे। धरना जुलूस प्रदर्शन आंदोलन गिरफ्तारियां होगी। रेल दुर्घटना होने की संभावना। महिलाओं के लिए समय शुभ नहीं है। कोई बड़ी फिल्म अभिनेत्री से दुखद समाचार। देश और दुनिया में राजनीतिक बदलाव होंगे। सत्ता संगठन में परिवर्तन होगा। आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलेगा। मनोरंजन फिल्म नाटक फैशन डांसर कॉमेडी चर्चा में रहेंगे।

**उपाय –** भगवान श्री विष्णु की उपासना करें। बंदर, पहाड़ी गाय या कपिला गाय को भोजन कराएं। रोज उगते सूर्य को अर्घ्य देना शुरू करें। रविवार के दिन उपवास रखे। रोज गुढ़ या मिश्री खाकर पानी पीकर ही घर से निकलें। जन्मदाता पिता का सम्मान करें, प्रतिदिन उनके चरण छुकर आशीर्वाद लें। भगवान सूर्य की स्तुति आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें ।

**सूर्य के धनु राशि में जाने पर सभी राशियों पर क्या होगा प्रभाव।**

मेष : सूर्य गोचर से सबसे ज्यादा शुभ फल मिलेगा। इससे पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियों से राहत मिल जाएगी।

वृषभ : इस राशि के जातकों को सूर्य के धनु राशि में रहने के दौरान सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इस दौरान विचार-विमर्श कर नई योजना बनाएं।

मिथुन : नौकरी-व्यवसाय करने वालों के लिए यह अच्छा समय है। इस दौरान पारिवारिक जीवन भी अच्छा रहने के योग बन रहे हैं।

कर्क : इस दौरान शत्रुओं पर विजय मिलेगी और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। धर्म कार्य में हिस्सा लेंगे।

सिंह : इस राशि वालों के लिए सूर्य गोचर सामान्य रहेगा। वैवाहिक जीवन और संतान की स्थिति अच्छी रहेगी। गुस्से में वृद्धि हो सकती है।

कन्या : इस दौरान पारिवारिक जीवन में तनाव आ सकता है। तनाव की स्थिति में क्रोध पर नियंत्रण रखकर इसके निराकरण के उपाय पर विचार करना हितकर रहेगा।

तुला : इस राशि वालों के पराक्रम में वृद्धि होगी। साहसिक कदम से व्यापारिक क्षेत्र में लाभ की स्थिति निर्मित हो सकती है।

वृश्चिक : सूर्य के राशि परिवर्तन से वाणी में कठोरता रहेगी। सरकारी तंत्र से लाभ मिलेगा। नौकरी-व्यवसाय में सफलता मिलेगी।

धनु : सूर्य धनु राशि में प्रवेश होने से भाग्योदय होगा। आपके अटके काम बनेंगे और आय में वृद्धि होगी। सरकारी तंत्र से लाभ होगा।

मकर : राजनीतिक विवाद में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इस समय विवादों से दूर रहना लाभप्रद रहेगा।


कुंभ : इस राशि के जातकों के लिए सूर्य का गोचर लाभकारी रहेगा। नौकरी में पदोन्नति मिल सकती है।

मीन : इस राशि के जातकों के लिए सूर्य का गोचर लाभदायक रहेगा। राजनीतिक और व्यापारिक लाभ के योग बनेंगे।



**नीतिका शर्मा**
ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर
श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर, अजमेर

# शरीर और हथेली पर तिल बता सकता है आपका भविष्य



**सामुद्रिक शास्त्र में हथेली के तिल के भी अलग-अलग मतलब बताए गए हैं। हथेली पर जो तिल होते हैं उनकी स्थिति उसका शुभ या अशुभ होना दर्शाती है। जिस प्रकार वैदिक ज्योतिष में किसी की कुंडली के माध्यम से उसके भूत, भविष्य और वर्तमान की जानकारी ली जा सकती है, ठीक वैसे ही सामुद्रिक शास्त्र की मदद से किसी के शरीर के आकार और रंग आदि को देखकर उसके गुण, स्वभाव आदि को जाना जा सकता है। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार किसी भी आप किसी भी व्यक्ति के शरीर की बनावट और उन पर मौजूद तिलों के आधार पर व्यक्ति का व्यक्तित्व और भविष्य पता लगाया जाता है। तिल का स्थान यह बताता है कि तिल शुभ दशा में हैं या अशुभ दशा में। सामुद्रिक शास्त्र में हथेली के तिल के भी अलग-अलग मतलब बताए गए हैं। हथेली पर जो तिल होते हैं उनकी स्थिति उसका शुभ या अशुभ होना दर्शाती है।**

### दाहिनी हथेली पर तिल

हस्त रेखा विशेषज्ञ नीतिका शर्मा ने बताया कि यदि तिल दाहिनी हथेली के ऊपरी भाग में होता है तो व्यक्ति धनवान होता है।

### बाईं हथेली पर तिल

यदि तिल बाईं हथेली के ऊपरी भाग में होता है तो व्यक्ति के हाथ में पैसा नहीं रुकता। ऐसा व्यक्ति धन संचय नहीं कर पाता।

### चंद्र पर्वत पर तिल

हस्त रेखा विशेषज्ञ नीतिका शर्मा ने बताया कि यदि व्यक्ति के हाथ के चंद्र पर्वत पर तिल होता है उसका मन बहुत चंचल होता है। ऐसे लोगों की शादी में भी कई अड़चनें आती हैं।

### हथेली और अंगूठे के बीच में तिल

हस्त रेखा विशेषज्ञ नीतिका शर्मा ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के हथेली और अंगूठे के बीच में तिल होता है तो ऐसा व्यक्ति कलात्मक प्रवित्ति का होता है। ऐसे व्यक्तियों का रुझान कला की ओर होता है।

### बृहस्पति पर्वत पर तिल

हस्त रेखा विशेषज्ञ नीतिका शर्मा ने बताया कि जिन लोगों के बृहस्पति पर्वत पर तिल होत है उनकी शिक्षा अधूरी रह जाती है। सामुद्रिक शास्त्र कर अनुसार बृहस्पति पर्वत पर तिल होना अशुभ होता है।

### शनि पर्वत पर तिल

जिन जातकों के शनि पर्वत पर तिल होता है उन्हें नए दोस्त बनाना काफी पसंद होता है। साथ ही वो काफी मेहनती होते हैं। शनि पर्वत पर तिल वाले व्यक्ति को मिले जुले फल प्राप्त होते हैं।

### भौंहों के बीच में तिल

हस्त रेखा विशेषज्ञ नीतिका शर्मा ने बताया कि दोनों भौंहों के बीच में तिल होने पर व्यक्ति बहुत बुद्धिमान होता है। यह लोग अपनी बुद्धि से कार्यों में सफलता प्राप्त करते हैं।दाहिनी भौंह पर तिल होना सुखी जीवन का संकेत है जबकि बाईं तरफ का तिल खराब माना जाता है।

### माथे पर तिल

हस्त रेखा विशेषज्ञ नीतिका शर्मा ने बताया कि माथे पर तिल का होना मनुष्य का भाग्यवान होना बताता है। जबकि होठों पर तिल कामुकता का प्रतीक माना जाता है। तिल अगर स्त्री के शरीर पर बाएं भाग और पुरुष के दाएं भाग पर है तो ये शुभ माना जाता है।

### बाएं गाल और नाक पर तिल

हस्त रेखा विशेषज्ञ नीतिका शर्मा ने बताया कि स्त्रियों के बाएं गाल पर तिल हो तो ये शुभ माना जाता है। उस जातक के अच्छी संतान होती है। यदि तिल नाक के आगे वाले हिस्से में होता है तो स्त्री को सुख मिलता है। नाक के दाहिनी तरफ तिल कम कोशिशों के साथ अधिक लाभ देता है। जबकि बाईं तरफ का तिल अशुभ प्रभाव देता है। वहीं ठोड़ी पर तिल होना शुभ माना जाता है।

### आंख के आसपास तिल

हस्त रेखा विशेषज्ञ नीतिका शर्मा ने बताया कि बाईं आंख के ठीक नीचे तिल हो तो वो व्यक्ति कामुक स्वभाव के होते हैं। इनके जीवन साथी को इस स्वभाव का असर दिखाई देता है। जिन लोगों की बाईं आंख की पलक पर तिल है तो समझ लें कि वह दिमाग में बहुत तेज है। ऐसे लोग मुश्किलों से सामना करके बहुत सफल होते हैं।

### गाल की हड्डी पर तिल

जिन लोगों के दाहिने गाल की हड्डी पर तिल होता है, वह लोग भावुक होते हैं। भावुक होने के कारण वो कई बार परिस्थितियों में फंस जाते हैं।

### तिल के आकार का भी महत्व


हस्त रेखा विशेषज्ञ नीतिका शर्मा ने बताया कि तिल के आकार का भी बहुत महत्व होता है। बड़े तिल व्यक्ति के जीवन में खास महत्व रखते हैं। लंबे तिल सामान्य अच्छे परिणाम देते हैं। सिर पर दाईं और तिल हो तो व्यक्ति को ऐश्वर्य और सुख भाग्य की प्राप्ति होती है। ज्योतिष शास्त्र की मानें तो किसी भी व्यक्ति के शरीर पर 12 से ज्यादा तिल होना अच्छा नहीं माना जाता है। शरीर पर तिलों को लेकर अलग-अलग धारणाएं हैं। ये भी कहा जाता है कि शरीर के जिस हिस्से पर तिल होता है वो उसके पूर्व जन्म में लगी किसी चोट का होता है।

### हथेली के अशुभ तिल

हस्त रेखा विशेषज्ञ नीतिका शर्मा ने बताया कि हथेली के शुक्र पर्वत पर तिल का होना अच्छा नहीं माना जाता है। इससे व्यक्ति के विचारों की पवित्रता खत्म हो जाती है। और ऐसे लोगों का वैवाहिक जीवन मुश्किल भरा रहता है।

मंगल पर्वत पर तिल का होना जीवन में होने वाली दुर्घटनाओं का संकेत देता है। साथ ही इस स्थान पर तिल होना संपत्ति में नुकसान की भी सूचना देता है। बुध पर्वत पर तिल होना अचानक से होने वाले नुकसान का संकेत देता है। इसलिए ऐसे लोगों को आर्थिक मामलों में संभलकर चलने की जरूरत होती है।

# हथेली में बनने वाले चिन्ह से व्यक्ति बनता है भाग्यशाली




हस्तरेखा विज्ञान में बताया गया है कि हथेली में कई निशान ऐसे होते हैं जिनका होना भाग्य की बात होती है। बड़े ही पुण्य कर्मों से ऐसे चिह्न हथेली में आते हैं और जिनकी हथेली में होते हैं वह निश्चित रूप से धनवान भी होते हैं और भाग्यवान भी। ऐसी हथेली की रेखा वाले जीवन में सदैव उन्नति करते हैं। हस्तरेखा शास्त्र में सिर्फ हाथों की लकीरों के बारे में ही नहीं बल्कि हाथों में मौजूद निशानों के बारे में भी विस्तार से बताया गया है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति के हाथ में गज का निशान है तो वह बहुत ही बुद्धिमान व्यक्ति होता है। साथ ही ऐसे लोग किस्मत के भी धनी रहते हैं। ऐसे लोग अधिकतर व्यापार के जरिए खूब धन लाभ कमाते हैं। साथ ही ऐसे लोग बहुत ही अच्छा जीवन जीते हैं। व्यक्ति के हाथों के इन निशानों की मदद से उसके भविष्य के बारे में बहुत सी बातें पता लगाई जा सकती हैं। इनकी मदद से व्यक्ति की पर्सनल लाइफ से लेकर उसकी प्रोफेशनल लाइफ तक सभी की जानकारी पता चल सकती है।

**मछली का निशान**

हस्तरेखा विज्ञान के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति के हाथ में मछली का निशान है तो यह बहुत ही शुभ माना जाता है। ऐसे व्यक्ति के भाग्य में समुद्र पार देशों की यात्रा होती है। साथ ही ऐसे लोगों के पास धन की भी कमी नहीं होती है। यह लोग सुखी जीवन व्यतीत करते हैं।

**पालकी का निशान**

अगर किसी व्यक्ति के हाथ में पालकी का निशान है तो ऐसे लोग बहुत ही ज्यादा भाग्यशाली माने जाते हैं। हस्तरेखा के अनुसार, ऐसे लोगों के पास बहुत ही आलीशान जीवन जीते हैं। इनके पास भौतिक सुख सुविधाओं की कमी नहीं रहती है। ऐसे लोगों के पास अपार धन होता है। इनके पास खूब नौकर चाकर और गाड़ियां होती हैं।

**स्वस्तिक का निशान**

हस्तरेखा विज्ञान के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति के हाथ में स्वास्तिक का निशान है तो इसका मतलब है कि वह व्यक्ति बहुत ही बहुत ही भाग्यशाली है। ऐसे लोग बहुत ही भाग्यशाली और काफी अच्छे शिक्षक होते हैं। ऐसे लोगों खूब मान सम्मान और प्रतिष्ठा कमाते हैं। ऐसे लोग या तो मंत्री या फिर किसी उच्चे पद पर विराजमान होते हैं।

**कलश का निशान**

अगर किसी व्यक्ति के हाथ में कलश का चिन्ह हो तो वह बहुत ही धार्मिक प्रवृत्ति का व्यक्ति होता है। ऐसे लोग खूब पूजा पाठ करने वाले होते हैं। यानी की ऐसे लोगों का धर्म के क्षेत्र में खूब प्रभाव रहता है। ऐसे लोग काफी धार्मिक यात्राएं करते हैं और धर्म का प्रचार प्रसार करते हैं।

**जहाज का निशान**

किसी व्यक्ति के हाथ में जहाज का निशान होता है तो ऐसा व्यक्ति बहुत ही भाग्यवान होता है। साथ ही इनके पास धन धान्य की भी कोई कमी नहीं रहती है। ऐसे लोगों का समुद्र पार देशों में काफी अच्छा व्यापार होता है।

**सूर्य का निशान**

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, हाथ में सूर्य का निशान होना बहुत ही शुभ माना जाता है। ऐसे लोग बहुत तेजस्वी प्रकृति के होते हैं। इनके पास पैसे की कोई कमी भी नहीं रहती है। ये लोग जीवन में खूब मान सम्मान और पैसा कमाते हैं।

**कमल का चिन्ह**

अगर किसी व्यक्ति की हथेली पर कमल का चिन्ह मौजूद है तो यह बहुत शुभ माना जाता है। कमल भगवान विष्णु का चिन्ह माना गया है और हथेली पर यह निशान है तो विष्णु योग कहलाता है। ऐसे व्यक्ति पर भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है और भाग्य भी हमेशा इनका साथ देता है। कमल का निशान होने से व्यक्ति नेतृत्व और वाकपटुता में काफी माहिर होता है और इनको जीवन में कभी भी धन की कमी का सामना नहीं करना पड़ता।

**त्रिशूल का निशान**

त्रिशूल का निशान हथेली पर होना बहुत भाग्यशाली माना जाता है। अगर यह निशान किसी रेखा या पर्वत के ऊपर मौजूद है तो उस व्यक्ति पर भगवान शिव की कृपा हमेशा बनी रहती है। त्रिशूल का निशान अगर मंगल पर्वत पर मौजूद है तो इससे यह शिव योग बनता है। ऐसे व्यक्ति को जीवन में कभी किसी अड़चन का सामना नहीं करना पड़ता और जीवन में हमेशा तरक्की मिलती है।

**कभी नहीं होती धन-धान्य की कमी**

आपकी हथेली पर सूर्य पर्वत और गुरु पर्वत ऊंचा उठा हुआ है तो ऐसे व्यक्ति को धन-धान्य की कभी कमी नहीं होती। समाज में इनकी प्रतिष्ठा बढ़ती रहती है और यह कभी पीछे मुड़कर नहीं देखते। ऐसे व्यक्ति काफी दानवीर भी होते हैं, जो हमेशा दूसरों की मदद के लिए तैयार रहते हैं। यह लोग करियर बनाने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं और नई-नई चीजों में अपना दिमाग लगाते रहते हैं, जिससे सफलता इनके कदम चूमती है।

**भाग्य हमेशा देता है साथ**

किसी व्यक्ति के मणिबंध से निकलती हुई रेखा सीधी और स्पष्ट हो और वह शनि पर्वत तक पहुंच रही हो तो ऐसा व्यक्ति काफी भाग्यशाली माना जाता है क्योंकि इस रेखा को भाग्य रेखा कहा जाता है। ऐसे व्यक्ति काफी धनवान होता है और जीवन में कभी किसी चीज की कमी नहीं होती है। वहीं अगर किसी व्यक्ति की हथेली पर दो सूर्य रेखा बन रही हों तो ऐसे व्यक्ति को समाज में काफी सम्मान मिलता है और धन संपत्ति से काफी समृद्ध रहता है।

**होती है अचानक धन की प्राप्ति**

हथेली के ऊपरी भाग में मणिबंध के पास जीवन रेखा से लगा हुआ मछली का चिन्ह मिलता है तो यह काफी शुभ माना जाता है। ऐसे व्यक्ति को अचानक धन की प्राप्ति होती है और उनको विदेशों से भी अच्छा लाभ मिलता है। इनके आसपास के लोग इनकी काफी इज्जत करते हैं और पैतृक संपत्ति भी काफी मिलती है।



**डॉ. अनीष व्यास**
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809



# कोरियोग्राफर शांतनु को बांग्ला फिल्म में मिला रोल

## बोले- मैं यही चाहता था

अभिनेता, डांसर और कोरियोग्राफर शांतनु माहेश्वरी 'चालचित्रो' के साथ बांग्ला फिल्म में डेब्यू के लिए तैयार हैं। माहेश्वरी ने कहा कि वह हमेशा से खास भाषा (बंगाली) में फिल्म करना चाहते थे।

शांतनु माहेश्वरी ने कहा, मैं बंगाली फिल्म में डेब्यू को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मैं बहुत लंबे समय से ऐसी फिल्म में काम करना चाहता था और आखिरकार मुझे प्रतीम दासगुप्ता की बदौलत 'चालचित्रो' में अद्भुत अवसर मिल गया।

मैं हमेशा से बंगाली फिल्म करना चाहता था, क्योंकि यह जड़ों से जुड़ने का मेरा तरीका है। मुझे इस भूमिका के लिए बहुत सारे एक्शन सीक्केंस करने का मौका मिला और एक्शन सीक्केंस शूट करने के लिए मैंने जरूरी तकनीकी बातें भी सीखीं।

शुरू में फर्राटेदार बंगाली बोलना भी एक चुनौती थी, लेकिन टीम के समर्थन से यह सब आसान हो गया। कुल मिलाकर फिल्म अनुभव काफी मजेदार रहा और अब मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया जानने को उत्सुक हूं।

'चालचित्रो' को लेकर अभिनेता ने बताया कि फिल्म एक्शन, रोमांच और रहस्य से भरपूर एक दमदार कहानी है। इसमें अभिनेता पुलिस की भूमिका में नजर आएंगे।

शांतनु हाल ही में अजय देवगन, तब्बू, जिमी शेरगिल और सई मांजरेकर स्टारर 'औरों में कहां दम था' में नजर आए थे।

माहेश्वरी लोकप्रिय युवा टेलीविजन शो 'दिल दोस्ती डांस' में दिखे थे, इसमें उनके अभिनय को काफी पसंद किया गया था।

'दिल दोस्ती डांस' से डेब्यू करने के बाद माहेश्वरी, रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड टीवी शो 'खतरों के खिलाड़ी 8' का हिस्सा बने और ट्रॉफी अपने नाम की।

इसके अतिरिक्त अभिनेता साल 2022 में आलिया भट्ट स्टारर 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में नजर आए थे। निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म में शानदार अभिनय कर अभिनेता ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# जेल से रिहा हुए अल्लू अर्जुन ने कहा कि वह कानून का सम्मान करते हैं




राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और अभिनेता अल्लू अर्जुन को तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा शुक्रवार को जमानत दिए जाने के बाद शनिवार सुबह रिहा कर दिया गया। न्यायालय ने उन्हें चार सप्ताह के लिए जमानत दी है। उन्हें 4 दिसंबर को अपनी फिल्म पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में एक महिला की मौत के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि न्यायालय ने शुक्रवार को जमानत दे दी, लेकिन उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया। मीडिया से बात करते हुए अल्लू अर्जुन ने कहा कि वह ठीक हैं। उन्होंने कहा, अत्यधिक प्यार और समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद, मैं ठीक हूं, चिंता की कोई बात नहीं है। मैं यह कहना चाहूंगा कि मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं। मैं कानून का सम्मान करता हूं और मैं उनके साथ सहयोग करूंगा और जरूरी कदम उठाऊंगा। उन्होंने एक बार फिर कहा कि संध्या थिएटर में रेवती की मौत दुर्भाग्यपूर्ण थी। उन्होंने कहा, मैं उस परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था कि हम फिल्म देखने गए और एक दुर्घटना घटी, जो पूरी तरह से अनजाने में हुई। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना थी। जो कुछ भी हुआ उसके लिए हम हमेशा दुखी रहते हैं। यह पूरी तरह से मेरे व्यक्तिगत नियंत्रण से बाहर है। उन्होंने कहा कि वे पिछले 20 वर्षों से फिल्म देखने जा रहे हैं। मैं न केवल अपनी फिल्में बल्कि अपने चाचा की फिल्में देखने के लिए भी उस जगह गया था। मैं अपने जीवन में 30 से अधिक बार वहां गया हूं। ऐसा कभी नहीं हुआ। यह पूरी तरह से आकस्मिक था। मैं उस परिवार के लिए हर संभव तरीके से समर्थन के लिए वहां मौजूद रहूंगा। हम किसी व्यक्ति की मृत्यु के नुकसान की भरपाई कभी नहीं कर सकते, उन्होंने कहा। उन्होंने अपने प्रशंसकों सहित उनका समर्थन करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया। चूंकि मामला अदालत में है, इसलिए उन्होंने कहा कि वे इस घटना के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बोलेंगे। मीडिया से बात करते हुए अल्लू अर्जुन के वकील अशोक रेड्डी ने कहा कि जेल अधिकारियों को शुक्रवार को ही आदेश की प्रति मिल गई थी। आदेश की प्रति मिलने के बावजूद, उन्होंने उन्हें रिहा नहीं किया। हाईकोर्ट का आदेश बहुत स्पष्ट है कि जैसे ही आपको (जेल अधिकारियों को) आदेश प्राप्त होगा, आपको तुरंत रिहा कर दिया जाना चाहिए। स्पष्ट आदेश के बावजूद उन्होंने रिहा नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि यह एक अवैध गिरफ्तारी और अवैध हिरासत थी।

### अल्लू अर्जुन के प्रशंसक ने खुद को आग लगाकर किया चौंकाने वाला विरोध

चंचलगुडा स्थित केंद्रीय कारागार में उस समय हल्का तनाव व्याप्त हो गया, जब अभिनेता अल्लू अर्जुन के एक प्रशंसक ने मुख्य द्वार के सामने खुद को आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जबकि अभिनेता शनिवार की सुबह जेल में बंद थे। यह घटना उस समय हुई, जब अभिनेता को स्थानीय अदालत द्वारा 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद जेल में रखा गया था। हालांकि उच्च न्यायालय ने अंतरिम जमानत दे दी थी, लेकिन जमानत की औपचारिकताएं पूरी नहीं होने के कारण उन्हें रात भर जेल में रहना पड़ा। अभिनेता के जेल में होने की खबर सुनकर कई प्रशंसक और समर्थक उनकी गिरफ्तारी का विरोध करते हुए परिसर में एकत्र हो गए। रात करीब 2 बजे बालापुर के ऑटो-रिक्शा चालक एम राजू (31) नामक एक कट्टर प्रशंसक ने खुद पर डीजल छिड़ककर आत्मदाह करने का प्रयास किया। हालांकि, वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे रोक लिया और तुरंत पुलिस थाने ले गए। राजू कथित तौर पर अपने आदर्श को रिमांड पर भेजे जाने से व्यथित था और उसने अभिनेता की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए यह कदम उठाने का प्रयास किया।

# राज साहब की जयंती पर धर्मेंद्र हुए भावुक

## बोले- आप हमेशा याद रखे जाएंगे



राज साहब को उनकी 100 वीं जयंती पर याद कर 'हीमैन' धर्मेंद्र भावुक हो गए। पुरानी तस्वीर साझा की, शुभकामनाएं दीं और दिल छूने वाली बात कह दी!

सोशल मीडिया पर अक्सर सक्रिय रहने वाले अभिनेता धर्मेंद्र ने राज कपूर को दिल से याद किया। इंस्टाग्राम पर एक पुरानी तस्वीर साझा कर कैप्शन में लिखा, प्रिय राज साहब, आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हम आपको बहुत याद करते हैं! आपको हमेशा प्यार और सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

साझा की गई ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में धर्मेंद्र और राज कपूर एक-दूजे को गले लगाते और मुस्कुराते दिख रहे हैं।

अभिनेता धर्मेंद्र और राज कपूर की जोड़ी 'मेरा नाम जोकर' में काम कर चुकी है। राज कपूर निर्देशित फिल्म 'मेरा नाम जोकर' में धर्मेंद्र ने एक छोटा सा किरदार निभाया था, जिसमें उनकी भूमिका का नाम 'महेंद्र कुमार' था।

इस फिल्म से जुड़ने का एक दिलचस्प किस्सा भी दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने बरसों पहले बताया था। 2018 की एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा था, मैं राज साहब की स्टूडियो में एक फिल्म की शूटिंग कर रहा था। अचानक उनसे मेरी मुलाकात हो गई और मैं बेसाख्ता पूछ बैठा राज जी, मुझे 'मेरा नाम जोकर' में रोल (काम) मिल सकता है। इसके बाद राज जी ने मुझे सीने से लगा लिया और फिल्म में मुझे प्यारा सा रोल मिल गया। 'मेरा नाम जोकर' 1970 में रिलीज हुई थी, जिसके निर्देशन के साथ ही निर्माण भी राज कपूर ने ही किया था। कई सितारों से सजी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फिसड्डी साबित हुई। राज कपूर को इस मेगा बजट फिल्म से काफी उम्मीद थी लेकिन वो दर्शकों पर छाप नहीं छोड़ पाई और फ्लॉप साबित हुई।

फिल्म में मुख्य भूमिका में राज कपूर थे, जिनके किरदार का नाम 'राजू' रहता है।राज कपूर के साथ मनोज कुमार, सिमी गरेवाल, ऋषि कपूर, धर्मेन्द्र, दारा सिंह, रशियन एक्ट्रेस सेनिया रेबेंकीना, पद्मिनी, राजेन्द्र कुमार और अचला सचदेव भी अहम भूमिकाओं में थे।



# अभिनेत्री रिद्धिमा पंडित ने निर्देशक नीरज पांडे को माना गुरु

फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली अभिनेत्री रिद्धिमा पंडित ने निर्देशक नीरज पांडे की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें इससे बेहतर गुरु और राह दिखाने वाला नहीं मिल सकता था। 'सिकंदर का मुकद्दर' में जिमी शेरगिल, तमन्ना भाटिया, दिव्या दत्ता और अविनाश तिवारी मुख्य भूमिकाओं में हैं। रिद्धिमा इसमें एक खास किरदार निभाती नजर आई हैं।

प्रसिद्ध निर्देशक नीरज पांडे के साथ काम करने के अपने अनुभव पर अभिनेत्री ने कहा, नीरज पांडे सर के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। मैं इससे बेहतर गुरु और मार्गदर्शक की उम्मीद नहीं कर सकती थी।''

उन्होंने आगे कहा, '' कहानी के प्रति उनकी दृष्टि और सटीकता वास्तव में प्रेरणादायक है। मेरे लिए यह भूमिका निभाना बेहद ही खास और चुनौतीपूर्ण था। इस फिल्म ने मुझे अपनी कला को मांझने और समझने का नया मौका दिया।''


रिधिमा ने कहा कि वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन गौरवान्वित हैं। 'सिकंदर का मुकद्दर' डकैती और 15 साल तक चली एक पुलिस अधिकारी की खोज से जुड़ी एक मनोरंजक कहानी है, जिसमें सस्पेंस का सटीक मिश्रण है। फिल्म में दिव्या दत्ता और जोया अफरोज भी हैं। यह थ्रिलर अपराध के जुनून और न्याय की खोज पर आधारित है। एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली रिधिमा ने अपना करियर सिटकॉम 'बहू हमारी रजनीकांत' से शुरू किया। इस शो में करण ग्रोवर मुख्य भूमिका में थे।

इसके बाद उन्हें कॉमेडी शो 'द ड्रामा कंपनी' में विभिन्न किरदार निभाते हुए देखा गया। इसमें कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक, अली असगर, सुगंधा मिश्रा, सुदेश लहरी और संकेत भोसले शामिल थे।

रिधिमा ने 'डांस चैंपियंस' की भी मेजबानी की और स्टंट रियलिटी शो 'फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 9' में दूसरी रनर अप रहीं। इस सीजन को पुनीत पाठक ने जीता था।

उन्होंने 'हैवान: द मॉन्स्टर' में अमृता की भूमिका निभाई थी। इसमें परम सिंह और अंकित मोहन ने अभिनय किया था।

# अनुपम खेर ने भाई राजू को दी शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं



फिल्म इंडस्ट्री के वर्सेटाइल अभिनेता अनुपम खेर मस्तमौला अंदाज में सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति बनाए रहते हैं, जिसकी झलक उनके पोस्ट में अक्सर देखने को मिलती है। 'विजय 69' अभिनेता ने एक पोस्ट साझा कर अपने छोटे भाई राजू खेर और उनकी पत्नी रीमा को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दी हैं।

इंस्टाग्राम पर एक वीडियो मोंटाज साझा कर अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा, प्रिय रीमा और राजू, आप दोनों को शादी की 38वीं सालगिरह की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान आप दोनों को दुनिया की सारी खुशियां दे। आप दोनों को हमेशा प्यार और खुशी मिले।

अनुपम खेर के छोटे भाई राजू खेर भी फिल्म और टीवी इंडस्ट्री के अभिनेता और निर्देशक हैं। उन्होंने दूरदर्शन पर प्रसारित 'संस्कार' (1999) का निर्देशन किया था। इस टीवी शो ने राजू खेर को टीवी इंडस्ट्री का चर्चित चेहरा बना दिया था।

सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले अभिनेता अनुपम खेर का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी अन्य पोस्ट के साथ ही फैमिली से संबंधित पोस्ट से भरा पड़ा है। खास मौकों पर अभिनेता परिवार के सदस्यों के साथ पोस्ट शेयर कर किस्से बताते रहते हैं।

हाल ही में अभिनेता ने खेर परिवार के 'गोल्डन कपल' को शादी की 47वीं सालगिरह की शुभकामनाएं दी थीं। खेर फैमिली के 'गोल्डन कपल' यानी अपने लाल चाचा और नीलम चाची को शादी की सालगिरह की बधाई देते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा था, भगवान खेर परिवार के 'गोल्डन कपल' लाल चाचा और नीलम चाची को ढेर सारी खुशियां, अच्छा स्वास्थ्य और लंबी आयु दे। वे दोनों मेरे बड़े होने के वर्षों और सामान्य रूप से मेरे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं। जय हो।

इस पोस्ट से पहले अभिनेता ने मां दुलारी का भी एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उनकी मां हालिया रिलीज 'विजय 69' का रिव्यू देती नजर आई थीं।

वीडियो में उनकी मां कह रही हैं, तू बड़ा खतरनाक इंसान है। मैंने तुझे और राजू को बचपन में बहुत मारा है। तेरे पापा उम्र बढ़ने के बाद भी पहाड़ पर चढ़ जाते थे और मैं बंदर की तरह तेरे और राजू के पीछे भागती थी!

अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, लो जी आ गया माता दुलारी का 'विजय 69' का रिव्यू! मां ने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई मेरी फिल्म देखी। कितने गजब ढंग से माता ने मेरी इस फिल्म को समझा और समझाया। आप भी देखिए और सुनिए! माताएं कमाल होती हैं! जय माता की! दुलारी रॉक्स।



# मलाइका अरोड़ा ने धूप में शॉर्ट्स पहनकर किया योग

मलाइका अरोड़ा बी-टाउन की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। जो अपने काम से ज्यादा फिटनेस को लेकर चर्चा में रहती हैं। 51 साल की उम्र में भी एक्ट्रेस गजब की फिट दिखती हैं। यही वजह है कि फैंस भी उनपर खूब प्यार लुटाते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने योग करते हुए अपनी कुछ फोटोज इंटरनेट पर शेयर की। जो तेजी से वायरल हो रही हैं।

मलाइका अरोड़ा अपने बिजी शेड्यूल के बीच भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में उन्होंने फैंस के साथ अपनी फिटनेस का सीक्रेट शेयर किया। मलाइका अरोड़ा ने योग करते हुए अपनी कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। जिसमें वो धूप में योग करते हुए बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इन तस्वीरों में मलाइका ने जिम आउटफिट कैरी की है। हर तस्वीर में उनका एक अलग योगा पोज देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस तस्वीरों में अपने घर की बालकनी में नजर आ रही हैं। वहीं धूप उनकी सुंदरता में चार चांद लगा रही है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों उनके फैंस बेशुमार प्यार लुटाते दिखे। कोई उन्हें फिटनेस डीवा तो कोई ब्यूटी क्वीन कह रहा है। वहीं एक फैन ने मलाइका की तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अर्जुन कपूर बहुत ही अनलकी है।' बता दें कि मलाइका अरोड़ा पिछले कई सालों से एक्टर अर्जुन कपूर को डेट कर रही थीं। लेकिन अब दोनों का ब्रेकअप हो चुका है।



## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आपका ऊर्जा-स्तर ऊँचा रहेगा। लम्बे समय से अटके मुआवज़े और कर्ज़ आदि आख़िरकार आपको मिल जाएंगे। परिवार में नए सदस्य के आने की ख़बर आपको रोमांचित कर देगी। समारोह आयोजित कर इस ख़ुशी को सबके साथ बाटें। आज अपने प्रिय को माफ़ करना न भूलें। कुछ लोगों को व्यापारिक और शैक्षिक लाभ मिलेगा। आज कुछ ऐसा दिन है जब चीजें उस तरह नहीं होंगी, जैसी आप चाहते हैं। अपने जीवनसाथी की नुक़्ताचीनी से आप आज परेशान हो सकते हैं, लेकिन वह आपके लिए कुछ बढ़िया भी करने वाला है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट-कचहरी में अटका था तो आज उसमें आपको विजय मिल सकती है और आपको धन लाभ हो सकता है। परिवार के सदस्यों की मदद करने के लिए अपने खाली समय का सदुपयोग करें। ज़रा संभल कर, क्योंकि आपका प्रिय रूमानी तौर पर आपको मक्खन लगा सकता है – मैं तुम्हारे बग़ैर इस दुनिया में नहीं रह सकता/सकती। करिअर के नज़रिए से शुरू किया सफ़र कारगर रहेगा। लेकिन ऐसा करने से पहले अपने माता-पिता से इजाज़ता ज़रूर ले लें, नहीं तो बाद में वे आपत्ति कर सकते हैं।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

आपका गर्मजोशी भरा बर्ताव घर का माहौल ख़ुशनुमा कर देगा। कुछ ही लोग ऐसे इंसान के आकर्षण से बच सकते हैं, जिसके पास इतनी प्यारी मुस्कान हो। जब आप लोगों के साथ होंगे, तो आपकी महक फूलों की तरह चारों ओर फैलेगी। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी। ऐसे लोगों से साथ जुड़ें जो स्थापित हैं और भविष्य के रुझानों को समझने में आपकी मदद कर सकते हैं। जिन रिश्तों को आप अहमियत देते हैं उन्हें समय देना भी आपको सीखना होगा नहीं तो रिश्ते टूट सकते हैं।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आप जीवन में पैसे की अहमियत को नहीं समझते लेकिन आज आपको पैसे की अहमियत समझ में आ सकती है क्योंकि आज आपको पैसे की बहुत आवश्यकता होगी लेकिन आपके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। आपको ऐसी गतिविधियों में संलग्न होने की ज़रूरत है, जहाँ आपको अपने समान रुचियों के लोगों से मिलने का मौक़ा मिले। ख़ुशी के लिए नए संबंध की प्रतीक्षा करें। दिन की शुरुआत से अन्त तक आप ख़ुद को ऊर्जा से लबरेज़ महसूस करेंगे। उन लोगों से मेलजोल बढ़ाने से बचें जिनके साथ आपका वक़्त खराब होता है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

परिवार के सदस्यों की ज़रूरतों को तरजीह दें। उनके सुख-दु:ख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाक़ई उनका ख़याल रखते हैं। प्यार का भरपूर लुत्फ़ मिल सकता है। आप अपने मातहतों से नाख़ुश हो सकते हैं, क्योंकि वे उम्मीद के मुताबिक़ काम नहीं कर रहे हैं। आपके हँसने-हँसाने का अन्दाज़ आपकी सबसे बड़ी पूंजी साबित होगा। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

अच्छी सेहत के चलते आप किसी खेल-कूद की प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकते हैं। एक ख़ुशनुमा और बढ़िया शाम के लिए आपका घर मेहमानों से भर सकता है। अगर आप अपने प्रेमी के साथ कहीं बाहर घूमने जा रहे हैं तो कपड़े सोच-समझकर पहनें। अगर आप ऐसा नहीं करते तो आपका प्रेमी आपसे नाराज हो सकता है। अगर आप अपना नज़रिया आस-पास के ऐसे लोगों को बताएँ जो महत्वपूर्ण निर्णय लेते हों, तो आपको लाभ होगा। साथ ही आपको काम के प्रति अपने समर्पण और निष्ठा के लिए शाबाशी भी मिलने की संभावना है। आज लोग आपकी वह प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आपका कोई पुराना मित्र आज कारोबार में मुनाफा कमाने के लिए आपको सलाह दे सकता है, अगर इस सलाह पर आप अमल करते हैं तो आपको धन लाभ जरुर होगा। घर में उल्लास का माहौल आपके तनावों को कम कर देगा। आप भी इसमें पूरी सहभागिता करें और महज़ मूक दर्शक न बने रहें। योग्य कर्मियों को पदोन्नति या आर्थिक मुनाफ़ा हो सकता है। यदि आपको व्यस्त दिनचर्या के बाद भी अपने लिए समय मिल पा रहा है तो आपको इस समय का सदुपयोग करना सीखना चाहिए। ऐसा करके अपने भविष्य को आप सुधार सकते हैं।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज के दिन आपको अपने उन दोस्तों से बचकर रहने की जरुरत है जो आपसे उधार मांगते हैं और फिर उसे लौटाते नहीं हैं। सबको अपनी महफ़िल में दावत दें। क्योंकि आपके पास आज अतिरिक्त ऊर्जा है, जो आपको किसी पार्टी या कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए प्रेरित करेगी। तनख़्वाह में बढ़ोतरी आपको उत्साह से भर सकती है। यह वक़्त अपनी सभी निराशाओं और परेशानियों को मिटाने का है। आज आपका वैवाहिक जीवन हँसी-ख़ुशी, प्यार और उल्लास का केन्द्र बन सकता है।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी। लेकिन इसे हमेशा के लिए सच मानने की ग़लती न करें। अपनी ज़िंदगी और सेहत का सम्मान करें। आज आपका ऊर्जा से भरपूर, ज़िंदादिल और गर्मजोशी से भरा व्यवहार आपके आस-पास के लोगों को ख़ुश कर देगा। ख़याली परेशानियों को छोड़ें और अपने साथी के साथ रोमांटिक समय बिताएँ। साझीदारी और व्यापार में हिस्सेदारी वग़ैरह से दूर रहें। खाली वक़्त का आज आप सदुपयोग करेंगे और उन कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे जो बीते दिनों पूरे नहीं हो पाए थे।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

निवेश करना कई बार आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है आज आपको यह बात समझ में आ सकती है क्योंकि किसी पुराने निवेश से आज आपको मुनाफा हो सकता है। जिन्हें आप चाहते हैं, उनके साथ उपहारों का लेन-देन करने के लिए अच्छा दिन है। आपको अपनी ओर से सबसे अच्छा बर्ताव करने की ज़रूरत है, क्योंकि आपके प्रिय का मूड बहुत अनिश्चित होगा। इस राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में आवश्यकता से अधिक बोलने से बचना चाहिए नहीं तो आपकी छवि पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

घर वालों के साथ मिलकर कुछ अलग और रोमांचक किया जाना चाहिए। आज आप कुछ अलग क़िस्म के रोमांस का अनुभव कर सकते हैं। छात्रों के लिए बहुत अच्छा दिन है। वे परीक्षा में बढ़िया प्रदर्शन करेंगे। हालाँकि इस सफलता को सिर पर न चढ़ने दें और इससे प्रेरणा लेकर ज़्यादा कड़ी मेहनत के लिए कमर कसें। छात्र-छात्राओं को आज अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर लें।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं। सबको अपनी महफ़िल में दावत दें। क्योंकि आपके पास आज अतिरिक्त ऊर्जा है, जो आपको किसी पार्टी या कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए प्रेरित करेगी। आज के दिन आप किसी कुदरती ख़ूबसूरती से ख़ुद को सराबोर महसूस करेंगे। बड़े उद्योगपतियों के साथ साझीदारी का व्यवसाय फ़ायदेमंद रहेगा। इस राशि के उम्रदराज जातक आज के दिन अपने पूराने मित्रों से खाली समय में मिलने जा सकते हैं।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 15 दिसंबर 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : मार्गशीर्ष , शुक्ल पक्ष
तिथि : पूर्णिमा दोपहर 02:33 तक तक
नक्षत्र : मृगशिरा रात्रि 02:20 तक
योग : शुभ रात्रि 02:02 तक
करण : बव दोपहर 02:33 तक
चन्द्रराशि : वृषभ दोपहर 03:05 तक
सूर्योदय : 06:38 , सूर्यास्त 05:44 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:33 , सूर्यास्त 05:56 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:27 , सूर्यास्त 05:43 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:28 , सूर्यास्त 05:37 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : मूल में रवि धनु संक्रान्ति रात्रि 10:10 से ,पूर्णिमा व्रत पुण्य , संक्रांति पुण्यकाल दोपहर से सूर्यास्त



※ पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें ※
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# राज्य सरकार का एक वर्ष महिलाओं के सम्मान को समर्पित : भजनलाल

## 'मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना' एवं 'राज सखी पोर्टल' सहित कई योजनाओं का शुभारम्भ

**उदयपुर,14 दिसंबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नारी की सुदृढ़ एवं सम्मानजनक स्थिति एक उन्नत, समृद्ध और मजबूत समाज व राष्ट्र का प्रतीक है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार का एक वर्ष महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल प्रदेश की जनता ने हमें सेवा का जो मौका दिया, उसमें माता-बहनों की आधी आबादी की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। हमारे शास्त्रों में कहा भी गया है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' यानी जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का भी कहना था कि महिलाओं की स्थिति में सुधार लाए बिना दुनिया का कल्याण संभव नहीं है।

मुख्यमंत्री राज्य सरकार का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में शनिवार को उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज को उन्नत और प्रगतिशील बनाने में पुरुष एवं महिला दोनों की भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाएं एक माता के रूप में अपने बच्चे में संस्कृति, सभ्यता और मानवीय गुणों के विकास में प्रारंभ से ही महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इसी वजह से माता को बच्चे की प्रथम गुरु भी कहा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपने संकल्प पत्र में प्रदेश की माता-बहनों से वादा किया था कि हम नारियों के खिलाफ अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करेंगे। हमारी सरकार बनने के बाद उस संकल्प को ही अपना ध्येय मानकर हमने नारी सुरक्षा और नारी कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं की रोकथाम एवं बच्चियों व महिलाओं को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए हमने राज्य में 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के गठन का निर्णय लिया है। प्रथम चरण में 250 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के संचालन के लिए हमने स्वीकृति जारी कर एक हजार कांस्टेबल के पद स्वीकृत कर दिए हैं।



महिलाओं को आपात स्थिति में 24 घंटे पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए आज हमने एक ऐप तथा आरएसआरटीसी के सुरक्षा कमांड सेंटर व पैनिक बटन परियोजना का शुभारंभ किया है। शर्मा ने कहा कि बालिकाओं को प्रारंभ से ही समुचित शिक्षा और संबल देना चाहिए जिससे वे उन्नति के पथ पर अग्रसर होकर समाज और देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकें। इस दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए हमने गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर एक लाख रुपये का सेविंग बॉन्ड प्रदान करने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की है। उन्होंने कहा कि आज इस योजना के एक लाख लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में 2 हजार 500 रुपये हस्तांतरित किए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही 1 जनवरी, 2024 से पात्र परिवारों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना शुरू कर दिया गया था। आज एनएफएसए लाभार्थी परिवारों को सिलेंडर की सब्सिडी राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मासिक मानदेय 10 प्रतिशत बढ़ाया है। साथ ही, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में राज्य की लगभग 4 लाख 50 हजार महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने योजना के तहत दी जाने वाली 5 हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये कर दिया है। आज इसकी 1 हजार 500 रुपये की अतिरिक्त राशि को 70 हजार महिलाओं को हस्तांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दूध वितरण के लिए मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना शुरू की है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5-5 नए आंगनबाड़ी सहित कुल एक हजार नए आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक ब्लॉक में एक आदर्श आंगनबाड़ी बनाने की शुरुआत भी कर दी गई है। शर्मा ने कहा कि आज हमने 10 हजार इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम के वितरण की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि 1 लाख नई लखपति दीदियों एवं 216 नमो ड्रोन दीदियों का भी आज सम्मान किया है। आज ही 10 हजार स्वयं सहायता समूहों को प्रति समूह 15 हजार रुपये रिवोल्विंग फण्ड का हस्तांतरण किया गया है। इसके अतिरिक्त महिला निधि बैंक के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को 100 करोड़ रुपये के ऋण की स्वीकृति प्रदान की है एवं 45 लाख स्वयं सहायता समूहों के लिए राज सखी पोर्टल का शुभारंभ किया है।

# खुले कुएं और बोरवेल ढकने की कार्यवाही जारी, दूसरे दिन 73 ढके

**दौसा,14 दिसंबर (एजेंसियां)।** कलेक्टर देवेन्द्र कुमार के निर्देशन में जिले में खुले कुएं और बोरवैल को ढकने की कार्यवाही शनिवार को भी जारी रही। दूसरे दिन 73 कुएं और बोरवैल ढके गए। कलेक्टर ने बताया कि जिले में खुले कुएं, बोरवैल, ट्यूबवैल और पोण्ड से हादसों का खतरा रहता है, इसीलिए प्रशासन ने शुक्रवार से विशेष अभियान शुरू किया है। पहले दिन 27 खुले कुएं और बोरवैल ढके गए थे।



सर्वेक्षण कार्य भी जारी है, जिसमें तहसीलदारों द्वारा खातेदारी और सरकारी भूमि का सर्वे किया जा रहा है। आबादी और चारागाह भूमि का सर्वे विकास अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है, जबकि नगर परिषद और नगर पालिका क्षेत्रों में सर्वे संबंधित आयुक्त और अधिशाषी अधिकारी करवा रहे हैं। भू-जल विभाग और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नलकूप और ट्यूबवैल के सर्वे की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, और कृषि विभाग सुखे पड़े कृषि पोण्ड के सर्वे का कार्य देख रहा है।

# जिंदा को मरा बताकर पेंशन बंद करने वालों पर भजनलाल सरकार सख्त

## 5 सस्पेंड, 48 कर्मचारियों को 17 सीसीए के नोटिस

**जयपुर ,14 दिसंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान में मृत बताकर पेंशन निरस्त करने वाले ग्राम विकास अधिकारियों पर भजनलाल सरकार ने गाज गिरा दी है । इस मामले में मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद राजसमंद कलेक्टर ने 4 दोषी ग्राम विकास अधिकारियों को निलंबित कर दिया है, जबकि ब्यावर में एक दोषी कार्मिक को निलंबित किया गया है । वहीं अब तक कुल 48 सरकारी कर्मचारियों को 17 सीसीए के नोटिस थमाए गए है । सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश कुमार अग्रवाल की तरफ से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी गई एक रिपोर्ट से इस कार्रवाई की बात सामने आई है ।

आपको बता दे कि 2 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में यह मामला सामने आया था। इस मामले पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों के सामने अपनी नाराजगी जाहिर की और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए । मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद राजसमंद और ब्यावर जिला कलेक्टर ने दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

इसमें राजसमंद के 29 कार्मिको को आरोप पत्र जारी किए गए है । जबकि ब्यावर के 9 ग्राम विकास अधिकारियों, 5 खण्ड विकास अधिकारियों व 5 अन्य कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अलावा राजसमंद में 4 दोषी ग्राम विकास अधिकारियों और ब्यावर में एक कर्मचारी को निलंबित भी किया गया है । वहीं सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग ने इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचने के लिए, सभी जिला कलेक्टरों को विभागीय पत्र जारी किए गए हैं। पत्र के जरिये यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि भविष्य में किसी भी जीवित पेंशनधारी की पेंशन बिना वजह से नहीं रोकी जाए। साथ ही, पेंशनधारियों को समय पर उनकी पेंशन मिले, इसके लिए प्रशासन को सतर्क रहने के लिए भी कहा गया है।

# राजस्थान सहकारी भर्ती बोर्ड करेगा 1003 पदों पर भर्ती

**जयपुर,14 दिसंबर (एजेंसियां)।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने शनिवार को बताया कि राजस्थान सहकार भर्ती बोर्ड के माध्यम से अपेक्स बैंक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों एवं राजफैड के 14 विभिन्न श्रेणियों में 498 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

पात्र अभ्यर्थी 11 जनवरी 2025 तक आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन एवं जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों के 40 श्रेणियों में 505 पदों के लिये आवेदन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ की जायेगी। सहकार भर्ती बोर्ड भर्ती द्वारा आवेदन से लेकर परीक्षा सहित अंतिम परिणाम ऑनलाइन प्रक्रिया से संपादित किया जायेगा।

# सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का 1.5 लाख तक होगा नि:शुल्क इलाज

**चंडीगढ़,14 दिसंबर (एजेंसियां)।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में हरियाणा पुलिस द्वारा एक नई पहल शुरू की गई है जिसके तहत अब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का शुरूआती गोल्डन आवर में नि:शुल्क ईलाज करवाया जा रहा है। इस योजना के तहत दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए प्रत्येक सड़क दुर्घटना के लिए प्रति व्यक्ति 1.5 लाख रूपए तक का उपचार नि:शुल्क किया जाता है। इस बारे में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरदीप दून द्वारा प्रदेश के सभी संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखते हुए इसकी पालना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि प्रदेश की सड़कों को आमजन के लिए सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकताओं में से एक है ऐसे में जरूरी है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक बेहतर और प्रभावी कार्य योजना तैयार करते हुए उन पर काम किया जाए।



इसी कड़ी में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को नि:शुल्क उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि यह पायलट प्रौजेक्ट नेशनल हैल्थ अथोरिटी द्वारा स्थानीय पुलिस व राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुबंधित अस्तपतालों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा। इस दौरान दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 162 के तहत अधिकतम 7 दिनों तक 1.5 लाख रुपये की सीमा तक नि:शुल्क ईलाज किया जाएगा।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुलाकात की।

# किसानों को सुप्रीम कोर्ट की बात मान लेनी चाहिए : अनिल विज

**अंबाला,14 दिसंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने किसान आंदोलन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहाकि किसानों और माननीय सुप्रीम कोर्ट की बातचीत चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने किसानों से कहा है कि कुछ समय के लिए किसानों को अपना आंदोलन स्थगित कर देना चाहिए और मेरी राय में किसानों को सुप्रीम कोर्ट की बात मान लेनी चाहिए। वहीं, अनिल विज ने प्रियंका गांधी के एक बयान पर तल्ख़ टिप्पणी करते हुए कहा कि जो कांग्रेसी संविधान की लाल किताब लिए घूम रहे हैं वो इमरजेंसी के समय छलनी किए गए संविधान के खून का रंग है।



विज आज मीडिया कर्मियों द्वारा पूछे गए प्रश्न कि, दो बार के असफल प्रयास के बाद आज एक बार फिर किसानों ने दिल्ली कूच का ऐलान किया है, तो वहीं खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल आमरण अनशन पर बैठे हैं, का उत्तर दे रहे थे।

प्रियंका गांधी के बयान कि प्रधानमंत्री मोदी को संविधान समझ नहीं आया क्योंकि संविधान संघ की नियम पुस्तक नहीं है, पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विज ने कहा कि कांग्रेस के लोग जो संविधान की किताब लेकर घूम रहे हैं वो लाल रंग की है। ये लाल रंग आपातकाल में जो संविधान क़ो छलनी किया गया था इस किताब पर उस खून का रंग है, संविधान की आत्मा के साथ छेड़छाड़ की गई थी। बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया उसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द नहीं था। बाबा साहेब भी ये शब्द लिख सकते थे। लेकिन, उन्होंने नहीं लिखा। उस वक्त की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान के मूल भाव को बदल दिया और संविधान जख्मी हुआ है उस पर संविधान का खून लगा हुआ है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि आजकल तो सदन में ऐसा माहौल हो गया है कि टीवी भी उनका, दिखाने वाले भी उनके पर विज ने कहा कि टेलीविजन वही दिखाता है जो नजर आता है।

# कानून के उल्लंघन पर उतारू किसानों का दिल्ली कूच नाकाम

## हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस-वाटर कैनन से किसानों को रोका



**चंडीगढ़, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।** शंभू बॉर्डर पर 10 महीनों से डटे पंजाब के किसानों ने पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ कर आगे बढ़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। दो घंटे बाद किसान वापस लौट आए। पुलिस ने किसानों को खदेड़ने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। ठंडे पानी की बौछार पड़ते ही किसान भाग खड़े हुए। इसके बाद किसान नेताओं ने ऐलान किया कि 16 दिसंबर को पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा और 18 दिसंबर को पंजाब में ट्रेनें रोकी जाएंगी।

दिल्ली जाने पर अड़े किसानों ने पुलिस से कहा कि उनकी आवाज को न कुचला जाए। पुलिस ने कहा कि दिल्ली जाने की अनुमति दिखाएं और आगे जाएं। पुलिस का कहना था कि यदि किसानों के पास अनुमति है तो वे खुद उन्हें दिल्ली तक छोड़कर आएंगे। इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग किया। आंसू गैस के गोले भी छोड़े। ठंडे पानी की बौछार से किसानों में भगदड़ मच गई। किसान कड़ाके की ठंड में ठंडे पानी से बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने आरोप लगाया कि पुलिस की तरफ से गंदा पानी फेंका गया। केमिकल वाला स्प्रे किया गया। किसानों पर पुलिस ने ड्रोन से भी आंसू गैस के गोले छोड़े। करीब दो घंटे की कशमकश के बाद किसानों का जत्था वापस लौट गया। पंधेर ने कहा, हम चाहते हैं कि देशभर के किसान अपनी आवाज उठाएं, अगर वो ऐसा करेंगे तो आंसू गैस समेत ये सारी चीजें बंद कर दी जाएंगी और हमें दिल्ली जाने दिया जाएगा और हमारी मांगें पूरी की जाएंगी। हरियाणा पुलिस जनता को गुमराह कर रही है।

### अंबाला के कुछ इलाकों में इंटरनेट सेवा ठप

**चंडीगढ़ ,14 दिसंबर (एजेंसियां)।** किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और ऋण माफी समेत कई मांगों के लिए शनिवार को अपना 'दिल्ली चलो' पैदल मार्च फिर से शुरू करने जा रहे हैं। पैदल मार्च में 101 किसानों का एक समूह शामिल होगा जो राष्ट्रीय राजधानी की ओर बढ़ रहा है। विरोध प्रदर्शन को अब तक 10 महीने पूरा हो चुके हैं। सुरक्षा बलों द्वारा दिल्ली की ओर बढ़ने के उनके प्रयासों को रोकने के बाद, किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.